सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
11.08.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक


# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

आजादी का अमृत महोत्सव

khabarmantra.net श्रावण (मलमास), कृष्ण पक्ष, एकादशी , संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 32

06 अदिवासी समाज की प्रेरणा ही प्रकृति का संरक्षण



**खबर एक नजर में**

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने गुरुवार को नाबालिग से जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर उसको गर्भवती करने के मामले के आरोपी मांडर निवासी रंजीत उरांव को दोषी करार दिया है। साथ ही उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 16 अगस्त की तारीख निर्धारित की है। उस पर मांडर की रहनेवाली नाबालिग के साथ पहले जबरदस्ती किया। इसके बाद शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब पीड़िता गर्भवती हो गई तो अभियुक्त ने शादी करने से इनकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने सिंतबर 2018 में मांडर थाना में नामजद प्राथिकी दर्ज कराई। मामले में सुनवाई के दौरान एपीपी परमानंद यादव ने पीड़िता समेत पांच गवाहों को प्रस्तुत किया था।

## लव जिहाद के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** अदालत ने लव जिहाद एवं यौन शोषण के आरोप में जेल में बंद कोचिग संचालक तनवीर अख्तर को जमानत देने से इनकार किया है। इससे उसको झटका लगा है। अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने उसकी ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर गुरुवार को सुनवाई हुई। सुनवाई पश्चात अदालत ने यह कहते हुए अर्जी खारिज कर दी कि उसके खिलाफ जो आरोप हैए अभियोजन की ओर से इसका ठोस सबूत प्रस्तुत किया है। वह 15 जून से बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में बंद है। उस पर बिहार के भागलपुर की रहनेवाली मॉडल एक्स का यौन शोषण करने समेत अन्य आरोप है। उसने कोचिंग संचालक तनवीर अख्तर पर लव जिहाद समेत अन्य आरोप लगाते हुए गोंदा थाना में प्राथमिकी 57/23 दर्ज कराई है। इसके बाद उसका बयान अदालत में दर्ज किया गया। लगे आरोप के बाद पुलिस ने आरोपी तनवीर अख्तर को 15 जून को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। तब से वह जेल में है। इससे पूर्व सीजेएम कोर्ट ने 23 जून को उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। यहां से खारिज होने के बाद न्यायायुक्त की अदालत में जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की थी। उसकी ओर से अधिवक्ता अविनाश कुमार पांडेय ने एक जुलाई को जमानत याचिका दाखिल की थी।

## कृष्णा साहा की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को अवैध खनन से प्राप्त 1000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद साहिबगंज के पत्थर कारोबारी कृष्णा कुमार साहा की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की बहस सुनने के प÷ात अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत अपना आदेश 16 अगस्त को सुनायेगी। कृष्णा साहा ने जमानत की गुहार लगाते हुए 28 जुलाई को अर्जी दाखिल की है। मालूम हो कि पांच जुलाई को 10 घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने उसे देर रात गिरफ्तार किया था। ईडी ने इससे पहले कृष्णा के ठिकाने पर छापेमारी की थी। साहिबगंज जिले के बड़हरवा निवासी कृष्णा साहा को सीएम के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का खास सहयोगी माना जाता है। कृष्णा साहा के अवैध पत्थर खदान में दो मजदूरों की दुर्घटना में मौत हो गई थी। जांच के क्रम में ईडी ने पूर्व में उसके बड़हरवा के चंपांडे मौजा के पत्थर खदान की ड्रोन से मापी ली थी। वहीं से कर्मियों के मोबाइल व कागजात भी जब्त किया गया था। अवैध खनन की जानकारी मिलने के बाद ईडी ने उसे गिरफ्तार किया था।

## तारा शाहदेव प्रकरण में बचाव पक्ष की ओर से बहस जारी

**रांची।** नेशनल शूटर तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तनए यौन उत्पीड़न व दहेज प्रताड़ना से संबंधित मामले में बचाव पक्ष की ओर से बहस जारी है। गुरुवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने बहस के दौरान अपने मुवक्किलों का बचाव किया। बहस पूरी नहीं हो सकी। आगे भी बहस जारी रहेगी। अदालत ने अगली तारीख 14 अगस्त निर्धारित की है। बहस के दौरान मामले के मुख्य आरोपी रंजीत सिंह कोहली के साथ हाईकोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार;निगरानीद्ध बर्खास्त मुश्ताक अहमद भी मौजूद था। सीबीआई की ओर से बहस पूरी होने के बाद बचाव पक्ष बहस कर रहा है। बहस पूरी होते ही फैसले की तारीख निर्धारित कर दी जाएगी। सीबीआई ने 2015 में केस टेक ओवर किया था। आरोपियों पर दो जुलाई 2018 को आरोप तय किया गया था। रंजीत कोहली एवं तारा शाहदेव की शादी 7 जुलाई 2014 को हुई थी। लेकिन शादी के कुछ माह बाद उसे धर्म परिवर्तन करने प्रताड़ित किया गया। इसके बाद मामला थाना पहुंचा था।

## बिजली कंपनियों में सक्षम और अनुभवी लोगों की नियुक्ति को लेकर पीआइएल दायर

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास निगम सहित राज्य सरकार के अन्य बिजली कंपनियों में दक्ष एवं सक्षम लोगों की नियमित नियुक्ति का आग्रह करते हुए झारखंड हाई कोर्ट में राजेश कुमार सिंह की ओर से जनहित याचिका दाखिल की गई है। इसमें कहा गया है कि राज्य के बिजली कंपनियों में दक्ष एवं अनुभवी लोगों की नियुक्ति की जाए। सेवानिवृत्ति लोगों की नियुक्ति इन बिजली कंपनियों में ना हो, जो भी नियुक्ति हो वह राजनीति से प्रभावित न हो। जिस तरह अन्य राज्यों के बिजली कंपनियों में नियमित नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया जाता है, वही व्यवस्था झारखंड की बिजली कंपनियों में भी की जाए। जिससे राज्य में बिजली की संकट ना हो। याचिका में कहा गया है कि झारखंड में दक्ष एवं अनुभवी लोगों की नियुक्ति बिजली कंपनियों में नहीं होने से बिजली की व्यवस्था चरमरा गई है। बिजली के लिए ट्रांसमिशन लाइन तो बिछाया जा रहा है लेकिन झारखंड के लोगों को बिजली नहीं मिल पा रही है।

## रांची हिंसा : एनआइए जांच के लिए दाखिल पीआइएल पर दो सप्ताह बाद होगी सुनवाई

**रांची।** रांची में पिछले वर्ष जुमे की नमाज के बाद 10 जून को हुई हिंसा की जांच एनआइए से कराने की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से एनआईए जांच कराने के लिए दलील पेश की गयी। प्रार्थी पंकज यादव की ओर से शपथपत्र दाखिल कर बताया गया कि यह घटना और हिंसा पूर्व नियोजित थी, हिंसा की योजना बनाने वाले बाहरी तत्व थे और उनका पीएफआई से संबंध है। वहीं वर्ष 2019 में डोरंडा उपद्रव में जो लोग शामिल थे, वही लोग रांची हिंसा की घटना में भी शामिल थे। इसलिए इस पूरी घटना की एनआईए से जांच जरूरी है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की बेंच ने इस जनहित याचिका पर सुनवाई की। अदालत ने इस मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए दो सप्ताह बाद की तिथि निर्धारित की है। एनआईए ने स्पष्ट कर दिया है कि इस घटना की जांच नहीं कर सकती, क्योंकि इस घटना में वैसा कुछ नहीं मिला है।

# हाइकोर्ट ने तापीन विस्थापितों के साथ मारपीट मामले में राज्य सरकार एवं सीसीएल से मांगा जवाब

### 4 पुलिस अधिकारियों, सर्किल इंस्पेक्टर एवं दो सीसीएल अधिकारियों को भी नोटिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** तापीन साउथ प्रोजेक्ट सीसीएल, चरही, हजारीबाग के विस्थापितों द्वारा 187 दिनों से अपनी मांगों को लेकर किए गए धरने के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा उनसे मारपीट की घटना की निष्पक्ष जांच करने का आग्रह करने वाली शक्ति देवी एवं अन्य की क्रिमिनल रिट की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने मामले में सीसीएल एवं राज्य सरकार को प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है।

हाईकोर्ट ने मामले में प्रतिवादियों विष्णुगढ़ के तत्कालीन डीएसपी अनुज उरांव, सर्किल इंस्पेक्टर इदरीश अंसारी, मुफ्फसिल थाना इंचार्ज बजरंग महतो, चरही थाना के ऑफिसर इंचार्ज देवेंद्र कुमार सिंह एवं इंस्पेक्टर महेंद्र प्रसाद सिंह सहित सीसीएल के दो अधिकारियों तापीन साउथ प्रोजेक्ट के जीएम नीरज सिन्हा एवं सिक्योरिटी इंचार्ज संजय प्रसाद को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 12 सितंबर निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता पांडे नीरज राय, रोहित रंजन सिन्हा, अभिषेक अग्रवाल ने पैरवी की।



### क्या था मामला

दरअसल तापीन साउथ प्रोजेक्ट सीसीएल के विस्थापित अपनी मांगों को लेकर 22 अगस्त 2022 से विस्थापित/ प्रभावित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले धरना दे रहे थे। धरना के 187 दिन 20 फरवरी 2023 को असामाजिक तत्वों ने धरना कर कर रहे हैं लोगों के साथ मारपीट की। लेकिन पुलिस ने धरना दे रहे विस्थापितो के खिलाफ ही तीन प्राथमिक की दर्ज की। पुलिस ने मामले में धरना दे रहे 43 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया था। विस्थापितों का कहना था कि जिन असामाजिक तत्वों ने उन्हें पीटा है उनके खिलाफ पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की जबकि शांतिपूर्ण ढंग से धरना दे रहे लोगों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज की गई। इस मारपीट की घटना में सीसीएल के अधिकारी एवं पुलिस प्रशासन की संलिप्तता थी। इसलिए 20 फरवरी 2023 की विस्थापितों के साथ मारपीट की घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

## रांची में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण पर हाइकोर्ट में सुनवाई

**रांची।** राजधानी रांची में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से दाखिल किये गए जवाब का प्रार्थी ने विरोध किया, प्रार्थी की ओर से गुरुवार को अदालत को बताया गया कि सरकार ने 50 से अधिक बेड वाले अस्पतालों के पास ही नो साइलेंस जोन बनाने की बात कही है। इससे स्पष्ट हो रहा है कि 45 बेड वाले अस्पताल को साइलेंस जोन में शामिल नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही यह दलील दी गई कि साइलेंस जोन के निर्धारण के लिए सुप्रीम कोर्ट ने गाइडलाइन जारी किया है। जिसका पालन राज्य सरकार को करना चाहिए। झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की बेंच ने इस जनहित याचिका पर सुनवाई की। अब इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 14 सितंबर की तिथि निर्धारित की गई है। अदालत ने प्रार्थी को यह छूट दी कि यदि वह चाहें तो इस मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी आदेश दाखिल कर सकते हैं।

# राज्य में जल्द शुरू होगी मोबाइल वेटनरी : बादल पत्रलेख

### कृषि मंत्री ने कहा कि पशु चिकित्सा के लिये सरकार संवेदनशील

- झारखंड स्टेट इंप्लीमेंटिंग एजेंसी फॉर कैटल एंड बफैलो डेवलपमेंट और इमरी ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के बीच हुआ एमओयू
- ग्रामीणों और उनके पशुओं के लिए 236 एंबुलेंस प्रखंड स्तर पर रहेंगे तैनात



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा है कि सरकार की संवेदनशीलता राज्य की जनता के साथ.-साथ यहां के पशुओं के लिये भी है। श्री पत्रलेख गुरूवार को नेपाल हाउस में आयोजित एमओयू कार्यक्र म में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले गौ मुक्तिधाम, फिर रेस्क्यू किल का कार्य किया गया। इसी क्रम में पशु चिकित्सा की बेहतरी के लिये राज्य के सभी प्रखंड मुख्यालय में मोबाइल वेटनरी का संचालन करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए इमरी ग्रीन हेल्थ सर्विसेज का चयन किया गया है। यह एजेंसी देश के अन्य राज्यों में भी इस तरह का कार्य करता आ रहा है। इनके सहयोग से राज्य सरकार पशुधन की सेहत की बेहतरी के लिये कार्य कर सकेगी। मौके पर झारखंड स्टेट इंप्लीमेंटिंग एजेंसी फॉर कैटल एंड बफैलो डेवलपमेंट के सीईओ प्रवीण झा और इमरी ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के निदेशक के कृष्णम राजू के बीच हुए एमओयू हुआ।

बादल ने बताया कि विभाग द्वारा आधुनिक सुविधाओं से लैस 236 एम्बुलेंस खरीदे जा रहे हैं। जो ग्रामीणों के पालतू पशुओं की चिकित्सा संबंधी समस्या के समाधान के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि मोबाइल वेटनरी के लिए सरकार जल्द ही एक हेल्पलाईन नंबर जारी करेगी। उन्होंने कहा कि इमरी ग्रीन हेल्थ सर्विसेज द्वारा इस योजना के तहत पशु शल्य चिकित्सक, पैरावेट, ड्राइवर सहित आधुनिक सुविधाओं से लैस 236 एम्बुलेंस कार्यरत रहेंगे। इससे राज्य के किसानों और उनके पशुओं को तो लाभ मिलेगा ही साथ ही साथ पशु शल्य चिकित्सक, पैरावेट, ड्राइवर की नियुक्ति से रोजगार के भी अवसर मिलेंगे।

इस अवसर पर कृषि सचिव अबू बक्कर सिद्दीख ने बताया कि इमरी ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के साथ एम्बुलेंस एक्सटेंसन सर्विस के लिये एमओयू किया गया है। इनके द्वारा पशुचिकित्सा किसानों के घर पर पहुंचकर किया जायेगा। साथ ही जो टॉल फ्री नंबर जारी किया जायेगा। उसपर कॉल आने के आधे घंटे के अंदर एम्बुलेंस किसानों के घरों पर जा कर पशुओं का इलाज करेगी। इस कार्य के लिए सेंट्रलाइज्ड कॉल सेंटर बने होंगे।

## डुमरी विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन शुरू

### 8 सितंबर को आयेगा रिजल्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई। 8 अगस्त को चुनाव आयोग ने उपचुनाव को लेकर अधिसूचना जारी की थी। जारी अधिसूचना के अनुसार 17 अगस्त तक नामांकन पत्र जमा होंगे। 18 अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच होगी। वहीं 21 अगस्त तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। इस साल 6 अप्रैल को शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के बाद से डुमरी विधानसभा सीट खाली है। इस रिक्त सीट पर पांच सितंबर को मतदान होना है। मतगणना का कार्य 8 सितंबर को होगा।

**डुमरी के एसडीएम के समक्ष होगा नामांकन :** जारी अधिसूचना के अनुसार डुमरी के एसडीएम को निवार्ची पदाधिकारी बनाया गया है। मतगणना गिरिडीह के पचंबा स्थित कृषि बाजार समिति परिसर में होगा। उपचुनाव को लेकर गिरिडीह और बोकारो में एक-एक कंट्रोल रुम बनाया गया है। मतदाता अपने आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त पासबुक, ड्राईविंग लाईसेंस, भारतीय पासपोर्ट समेत चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार दस्तावेजों के सहारे मतदान कर सकेंगे।

**373 मतदान केंद्रों पर 2.98 लाख वोटर करेंगे मतदान :** उपचुनाव में 373 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, इसमें डुमरी प्रखंड में 199, नावाडीह में 129, चन्द्रपुरा में 45 मतदान केन्द्र हैं। इन मतदान केंद्रों में 199 संवेदनशील और 83 अतिसंवेदशील मतदान केन्द्र हैं जबकि अन्य 91 मतदान केंद्र सामान्य हैं। अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर अर्धसैनिक बलों की तैनाती होगी। इसे लेकर तैयारी शुरू हो गई है। यह मतदान केन्द्र 240 भवनों में बनाए गए हैं। उपचुनाव में भाग लेने वाले कुल वोटरों की संख्या 2 लाख 98 हजार 629 है। इसमें पुरुष वोटरों की संख्या 82,840 तो महिला वोटरों की संख्या 76,755 है। मालूम हो कि 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में इस सीट पर 69.74 प्रतिशत मतदान हुआ था और जगरनाथ महतो विजयी घोषित किये गये थे।

## रजत पदक जीतकर रांची पहुंचीं सुजाता भगत का भव्य स्वागत



**रांची।** पुलिस विभाग के लिए हमेशा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाली सुजाता भगत का बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गयाञ दरअसल, बीते दिनों वह कनाडा के विनिपेग शहर में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में पुश पुल पावर लिफ्टिंग में विगत 6 अगस्त को रजत पदक प्राप्त किया। पावर लिफ्टर और सामाजिक कार्यकर्ता सुजाता भग त का उनके मित्रों और विभिन्न संगठनों से आये कई प्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ और चॉकलेट देकर भव्य स्वागत किया।

**खबर एक नजर में**

## नेट की तर्ज पर झारखंड एलिजिबिलिटी टेस्ट लेने की तैयारी

**रांची।** झारखंड में नेट की तर्ज पर झारखंड एलिजिबिलिटी टेस्ट (जेट) लेने के तैयारी की जा रही है। इसके लिए राज्य के विश्वविद्यालयों को सिलेबस तैयार करने को कहा गया है। इस सिलसिले में शुक्रवार को रांची विश्वविद्यालय में बैठक होगी। मालूम हो कि राज्य में झारखंड एलिजिबल परीक्षा 2008 में ली गई थी। इसके बाद से एक भी परीक्षा नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, इसके माध्यम से राज्य के विश्वविद्यालयों में पीएचडी में प्रवेश मिलेगा। विश्वविद्यालय अलग से पीएचडी प्रवेश परीक्षा नहीं लेगा। जेट परीक्षा में बैठने के लिए स्नातकोत्तर में 55 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। जेट परीक्षा भी नेट की तरह 300 अंकों का होगी। इसमें भी दो पेपर होगा। पहला पेपर 50 प्रश्न व 100 नंबर का होगा, जो सभी विषयों के अभ्यर्थियों को लिए होगा। वहीं दूसरे पेपर की परीक्षा 100 प्रश्न और 200 नंबर की होंगी।

**विश्वविद्यालयों में स्वीकृत पद के आधे से भी अधिक सीट खाली**

झारखंड में 15 साल से न ही जेट की परीक्षा हुई है और न ही विश्वविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों की बहाली हुई है। विश्वविद्यालयों में स्वीकृत पद के आधे से भी अधिक सीट खाली है। 2008 के बाद कोई बहाली नहीं हुई। सहायक प्राध्यापक बहाली घोटाले की जांच चल रही है। जिन अभ्यर्थियों की बहाली हुई, उनका सहायक प्राध्यापक से एसोसिएट प्रोफेसर में प्रमोशन नहीं हुआ है।

## झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए जारी किया कैलेंडर

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने वर्ष 2023 में होनेवाली परीक्षाओं का कैलेंडर जारी किया है। इसके मुताबिक, झारखंड प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता परीक्षा 27 जुलाई से 12 अगस्त तक निर्धारित की गई है। इसके रिजल्ट की तिथि अक्टूबर 2023 के दूसरे सप्ताह में संभावित है। स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा 18 अगस्त से 10 सितंबर तक होगी। इसका रिजल्ट नवंबर 2023 के पहले सप्ताह तक आने की संभावना है। इसी तरह झारखंड डिप्लोमा स्तर की संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2 सितंबर से 20 सितंबर तक तय की गयी है और रिजल्ट की घोषणा दिसंबर 2023 के पहले सप्ताह तक संभावित है। झारखंड सामान्य स्नातक योग्यता धारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा परीक्षा 14 सितंबर से 17 सितंबर तक होगी। इसका रिजल्ट दिसंबर 2023 के तीसरे सप्ताह में देने की संभावना है।

**मैट्रिक स्तर की प्रतियोगिता परीक्षा 28 सितंबर को संभावित**

इसके अलावे झारखंड नगरपालिका सेवा संपर्क संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 29 सितंबर को संभावित है। इसका रिजल्ट दिसंबर 2023 के अंतिम सप्ताह में जारी की जा सकती है। उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा 2022 के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षण सितंबर से नवंबर तक होगा। लिखित परीक्षा दिसंबर 2023 के दूसरे सप्ताह तक ली जा सकती है। वहीं रिजल्ट जनवरी 2024 के दूसरे सप्ताह में जारी किये जाने की संभावना है। झारखंड औद्योगिक प्रशिक्षण सेवा के विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण अधिकारी की प्रतियोगिता परीक्षा 15 दिसंबर से 17 दिसंबर तक लिए जाने की संभावना है। रिजल्ट जनवरी 2024 के अंतिम सप्ताह में निकाला जा सकता है। मैट्रिक स्तर की प्रतियोगिता परीक्षा 28 सितंबर को संभावित है और इसका रिजल्ट जनवरी 2024 के पहले सप्ताह में दी जा सकती है।

# एकजुट होकर डुमरी दांव खेलेगा एनडीए, चुनावी रोमांच दिखेगा

### 1980 से लेकर 2019 तक हुए 9 विधानसभा चुनाव में जेएमएम ने की है छह बार जीत हासिल

प्रभात सिंह

**रांची।** डुमरी उप-चुनाव में फिर एकबार राजनीतिक रोमांच देखने को मिलेगा। एनडीए पूरी एकजूटता के साथ सत्ताधारी झामुमो को शिकस्त देने के लिए रणनीति बना रही है। हालांकि, अभी तक आजसू और भाजपा के बीच उम्मीदवार के नाम पर फैसला नहीं हो सका है। दूसरी ओर सत्ताधारी झामुमो ने मंत्री बेबी देवी को उम्मीदवार बनाने का फैसला कर लिया है।

डुमरी विधानसभा उप-चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। भाजपा और आजसू पार्टी दोनों अपनी साझा उम्मीदवार तय करने को लेकर शुक्रवार को बैठक कर सकते हैं। रामगढ़ उप-चुनाव की तरह डुमरी उप-चुनाव भी रोचक रहेगा। एनडीए और यूपीए दोनों जोर की आजमाइश करेगा। एक तरफ वर्तमान सरकार को अपनी साख बचाने हैं, वहीं एनडीए भाजपा-आजसू के लिए आगामी 2024 चुनाव का भविष्य तय होगा। 2019 के चुनाव में भाजपा और आजसू के अलग-अलग कंडिडेट चुनाव लड़े थे। जबकि यूपीए के उम्मीदवार दिवंगत जगन्नाथ महतो थे। जगन्नाथ महतो की जीत हुई थी और आजसू दूसरे तथा भाजपा तीसरे स्थान पर रही थी।

चुनाव आयोग ने डुमरी उपचुनाव की घोषणा कर दी है। यहां पर 5 सितंबर को मतदान होगा और 8 सितंबर को काउंटिंग है। इस सीट को जीतने के लिए पिछले कुछ महीनों से राजनीतिक दलों ने जोर-आजमाइश शुरू कर दी है। बडे़-बड़े नेताओं का डुमरी में दौरा हो रहा है। सत्ताधारी दल की ओर से खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मोर्चा संभाले हुए हैं। पिछले एक महीने के अंदर तीन बार उन्होंने इस क्षेत्र का दौरा किया है। कई योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया गया है। लोगों के बीच में परिसंपत्तियों का वितरण भी हुआ है। वहीं विपक्ष की ओर से बाबूलाल मरांडी लगातार सक्रिय हैं, क्योंकि उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद यह पहला चुनाव है। लेकिन सवाल है कि जनता के मन में क्या है, ये तो 8 सितंबर को ही पता चलेगा।

**झामुमो की मजबूत किला रहा है डुमरी :** 1980 से लेकर 2019 तक हुए 9 विधानसभा चुनाव में जेएमएम ने यहां पर छह बार जीत हासिल की है। दो बार यह सीट जेडीयू के खाते में गई है, जबकि एक बार यहां से निर्दलीय उम्मीदवार की जीत हुई है। शिवा महतो यहां से तीन बार विधायक रहे, जबकि लालचंद महतो ने दो बार जीत दर्ज की है। 2005 से लेकर 2019 तक लगातार चार बार जेएमएम की ओर से जगरनाथ महतो ने यहां से प्रतिनिधित्व किया है। इसलिए डुमरी झामुमो की मजबूत किला मानी जा रही है।

**2005, 2009, 2014 में भी जगन्नाथ महतो जीते :** 2000 में झारखंड राज्य बनने के बाद 2005 में पहली बार यहां पर विधानसभा चुनाव हुए। इस चुनाव में जेएमएम के जगरनाथ महतो ने 18,010 वोट से जीत हासिल की थी। उन्हें कुल 41,784 वोट मिले थे। जबकि आरजेडी के उम्मीदवार लालचंद महतो को 23,774 वोट मिले थे। 2009 में यहां हुए चुनाव में जगरनाथ महतो ने दूसरी बार 13,668 वोट से जीत दर्ज की। इस बार उन्हें 33,960 वोट मिले, वहीं दूसरे नंबर पर रहे जेडीयू के दामोदर प्रसाद महतो को 20,292 वोट मिले। 2014 में हुए विधानसभा चुनाव में मोदी लहर में भी टाइगर कहे जाने वाले जगरनाथ महतो ने 32,462 वोट से इस सीट पर कब्जा किया था। उनपर 77,949 लोगों ने विश्वास किया। वहीं दूसरे नंबर पर रहे बीजेपी के उम्मीदवार लालचंद महतो पर 45,487 लोगों ने भरोसा किया।

**2019 में दूसरे और तीसरे स्थान पर रही आजसू-भाजपा :** डुमरी में फिर से रामगढ़ वाली कहानी दोहराने की कोशिश में एनडीए है। यह संभव भी हो सकता है, जिस तरह से रामगढ़ में 2019 में एनडीए के वोट (आजसू + बीजेपी) का विखराव हुआ था उसे एकजुट करने में एनडीए सफल हुआ। एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी जीतीं। 21,644 वोट से जीत हासिल की। उसी तरह से डुमरी में भी 2019 में एनडीए के वोट का बिखराव हुआ था, जिसे समेटने में बाबूलाल मरांडी और सुदेश महतो लगे हुए हैं। 2019 में आजसू (36,840 वोट) और भाजपा (36,013 वोट) को मिले वोट को जोड़ दें तो 72,853 हो जाते हैं। जो जगरनाथ महतो को मिले 71,128 वोट से अधिक हो जाते हैं। जनता क्या चाहती है, यह तो 8 सितंबर को ही पता चलेगा, जिसका नेताओं के साथ-साथ हमें भी इंतजार है।

**डुमरी और रामगढ़ में समानता**

रामगढ़ में ममता देवी ने 2019 में 28,718 वोटों से जीत हासिल की थी। वहीं, डुमरी से जगरनाथ महतो ने 34,840 वोट से जीत दर्ज की थी। 2019 में बीजेपी और आजसू अलग-अलग चुनाव मैदान में थे। लेकिन अब आजसू फिर से एनडीए का हिस्सा बन चुका है। अलग-अलग चुनाव लड़ने के कारण 2019 में रामगढ़ में ममता देवी को कुल 99,944 वोट मिले, आजसू की प्रत्याशी सुनीता चौधरी दूसरे नंबर पर रहीं, उन्हें कुल 71,226 वोट मिले। वहीं तीसरे नंबर पर बीजेपी प्रत्याशी रणंजय सिंह रहे उन्हें कुल 31,874 वोट मिले थे। इसी तरह डुमरी में भी 2019 के विधानसभा चुनाव में जगरनाथ महतो को 71,128 वोट, आजसू की यशोदा देवी को 36,840 वोट और भाजपा के प्रदीप साहू को 36,013 वोट मिले थे।

**आजसू दांव लगायेगी यशोदा देवी पर :** डुमरी विधानसभा उप-चुनाव में आजसू पार्टी यशोदा देवी पर दांव लगायेगी। यशोदा देवी 2019 के चुनाव में दूसरे पॉजिशन में थीं। यशोदा देवी दिवंगत दामोदर महतो की पत्नी हैं। 2009 में यहां हुए चुनाव में जगरनाथ महतो ने जब 13,668 वोट से जीत दर्ज किया था और कुल वोट 33,960 मिले थे, तब दूसरे नंबर पर रहे जेडीयू के दामोदर प्रसाद महतो को 20,292 वोट मिले थे। इस तरह 2019 के विधानसभा चुनाव में जगरनाथ महतो को 71,128 वोट, आजसू की यशोदा देवी को 36,840 वोट और भाजपा के प्रदीप साहू को 36,013 वोट मिले थे।

## पारा शिक्षकों ने एसपीडी से कहा अब नियमावली और बर्दाश्त नहीं

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) में सहायक अध्यापकों के लिए गुरुवार को ईपीएफ और कल्याण कोष लागू करने को बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जेईपीसी एसपीडी किरण कुमारी पासी ने की। बैठक में राज्य के सहायक अध्यापकों के लिए ईपीएफ, कल्याण कोष लागू करने पर चर्चा की गयी। वहीं, सहायक अध्यापकों ने ईपीएफ एवं कल्याण कोष तत्काल प्रभाव से लागू करने पर जोर दिया और कहा अब नियमावली और देरी बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

**एक्सिडेंटल डेथ में सहायक अध्यापकों को मिलेंगे 7 लाख रुपये**

बैठक के दौरान राज्य परियोजना की ओर से बताया गया कि ईपीएफ में 1800/- लाभुक अंशदान, 1950/- नियोक्ता का अंशदान होगा, जिसमें 2350/- ईपीएफ में जमा होगा जो सेवानिवृत्त के बाद ब्याज के साथ वापस होगा। 1250/- पेंशन मद में जमा होगा, जिसके कैलकुलेशन के आधार पर पेंशन मिलेगा। 150/- से प्रशासनिक व्यय एवं ग्रुप बीमा होगा। एक्सिडेंटल डेथ में 7 लाख, नॉर्मल डेथ में 3 से 7 लाख के बीच मिलेगा। परंतु ये मामला वित्त सचिव के पास विचाराधीन है। इसमें अभी थोड़ा समय लगेगा। इस पर एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के द्वारा नाराजगी जाहिर की गयी।

**कल्याण कोष के लिए इसी माह से 500/- प्रतिमाह की कटौती**

मोर्चा ने स्पष्ट शब्दों में कहा की अब देरी बर्दाश्त नहीं होगी, क्योंकि 15 -20 वर्षों की सेवा के बाद नित-प्रतिदिन सहायक अध्यापक बिना किसी लाभ के सेवानिवृत्त/ मृत हो रहे हैं। कल्याण कोष के लिए इसी माह से 500/- प्रतिमाह की कटौती की सहमति संघ की ओर से दी गई। इससे सेवानिवृत्त होने पर एकमुश्त राशि, मृत्यु होने पर राशि, पुत्री की शादी में लोन, बीमारी में राशि आदि के प्रावधान किए गए हैं। संघ ने 2019 से अब तक सेवानिवृत्त/मृत सहायक अध्यापक के परिजनों को भी कल्याण कोष से सहयोग का प्रस्ताव दिया। बैठक में जेईपीसी की ओर से प्रशासी पदाधिकारी, वित्त नियंत्रक, प्रभाग प्रभारी और बिनोद बिहारी महतो, संजय कुमार दुबे, हृषिकेश, सिंटू सिंह, नारायण महतो, चंदन मेहता, सीआरपी बीआरपी संघ के सदस्यगण, कस्तूरबा विद्यालय संघ के सदस्य शामिल थे।

सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
11.08.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

आज़ादी का अमृत महोत्सव

khabarmantra.net श्रावण (मलमास), कृष्ण पक्ष, दशमी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 32
06 अदिवासी समाज की प्रेरणा ही प्रकृति का संरक्षण

SURJABASHA

### न्यूज डायरी



### नये डीआरएम जेएस बिंद्रा ने किया पदभार ग्रहण

**रांची।** जसमीत सिंह बिंद्रा ने दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची मंडल के नये मंडल रेल प्रबंधक के रूप पदभार ग्रहण किया। उन्होंने प्रदीप गुप्ता से पदभार लिया। बिंद्रा भारतीय रेलवे यातायात सेवा के 1996 बैच के अधिकारी हैं। उनके पास रेलवे एवं भारत सरकार के विभिन्न विभागों में काम का व्यापक अनुभव है। बिंद्रा ने कोयला मंत्रालय में निदेशक के रूप में भी कार्य किया है।

### देवघर में गोलीबारी बाल-बाल बचा एक व्यक्ति

**देवघर।** जिले के रिखिया थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश में गोलीबारी में एक व्यक्ति बाल बाल बच गया। अपराधियों ने व्यक्ति के घर में घुस कर उस पर फायरिंग की। गनीमत रही कि गोली दीवार पर लगी। इससे सभी घरवाले जग गये। गोली चलानेवाला फरार हो गया।

### सिंधिया ने पुराने दोस्त पर चलाये तीखे तीर

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने पुराने दोस्त राहुल गांधी पर जमकर तीखे तीर चलाये। सिंधिया ने कहा, वे (कांग्रेस) कहते हैं नफरत की दुकान में मोहब्बत की दुकान लायेंगे। पर इनकी दुकान तो भ्रष्टाचार, झूठ, तुष्टिकरण, अहंकार की है। यह केवल दुकान का नाम बदलते हैं पर सामान वही रहता है।

### छात्रा के अपहरण के विरोध में सड़क जाम

सिमडेगा। आदिवासी स्कूली बच्ची के अपहरण के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने सड़क जाम कर दिया और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोग बच्ची की सकुशल बरामदगी की मांग कर रहे थे। बच्ची के अपहरण के छह दिन बीतने के बावजूद कोई जानकारी नहीं मिलने को लेकर आदिवासी समाज के लोग आक्रोशित हो गये। सिमडेगा की मुख्य लाइफ लाइन एनएच 143 को नगर भवन के पास जाम कर दिया। सभी लापता बच्ची का पता लगाने की मांग कर रहे थे। चार अगस्त को सिमडेगा सामटोली में एक स्कूली छात्रा का अज्ञात लोगों द्वारा अपहरण कर लिया गया है। परिजनों ने सिमडेगा थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 55,500 रु./10 ग्राम
चांदी : 71,000 रु./प्रति किलो

## अविश्वास प्रस्ताव गिरा, सदन में बोले पीएम, लोगों में कांग्रेस के प्रति अविश्वास बढ़ा

# अविश्वास प्रस्ताव शुभ, फिर सत्ता में आयेंगे : मोदी

...और क्या बोले पीएम मोदी

- मणिपुर तो जिगर का टुकड़ा है
- ये तो विपक्ष का फ्लोर टेस्ट था, जिसमें भी फेल रहे
- घमंड ने कांग्रेस को 400 से 40 पर ला दिया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मणिपुर मुद्दे पर लोकसभा में नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव गिर गया। गुरुवार को पीएम मोदी के जवाब के बाद लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग हुई, जिसमें इसके विरोध में अधिक मत आये। वहीं मोदी ने अविश्वास प्रस्ताव पर जवाब देते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। सदन में अपने भाषण में पीएम ने कहा, विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव हमारे लिए शुभ होता है। 2024 में हम फिर सभी रिकॉर्ड तोड़कर सत्ता में आयेंगे। 2018 में भी ऐसा ही प्रस्ताव आया था और चुनाव में एनडीए और भाजपा ने पहले से भी बड़ी जीत दर्ज की। विपक्ष के लोगों को एक रहस्य वरदान मिला हुआ है कि जिसका भी ये लोग बुरा चाहेंगे उसका भला ही होगा। पीएम ने कहा, यह सरकार नहीं विपक्ष का फ्लोर टेस्ट था, जिसमें वे फिर फेल रहे। विपक्ष की गालियां मोदी के लिए टॉनिक का काम करती हैं।

### अधीर रंजन चौधरी सस्पेंड

कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी को उनके द्वारा प्रयोग किये गए कथित अपशब्दों के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव रखा गया। ये प्रस्ताव विशेषाधिकार समिति के पास भेजा गया है। उन्हें लोकसभा से सस्पेंड कर दिया गया है। उनके निलंबन का प्रस्ताव संसदीय कार्य मंत्री ने लाया, जिसे लोकसभा अध्यक्ष ने स्वीकार कर लिया। अधीर रंजन चौधरी जांच तक संस्पेंड रहेंगे।



### राहुल गांधी को बताया फेल प्रोजेक्ट

पीएम मोदी ने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर हमला किया। उन्हें कांग्रेस का फेल प्रोजेक्ट बताया। पीएम ने कहा, मैं कांग्रेस की परेशानी समझ सकता हूं। वर्षों से वे बार-बार एक असफल प्रोजेक्ट लॉन्च करते रहे हैं। हर बार लॉन्चिंग फेल हो जाती है। नतीजा यह है कि मतदाताओं के प्रति उनकी नफरत चरम पर पहुंच गयी है। लॉन्चिंग विफल हो जाती है और वे मतदाताओं के प्रति घृणा रखते हैं, लेकिन पीआर वाले मोहब्बत की दुकान का प्रचार करते हैं। इसीलिए देश की जनता कह रही है, ये है लूट की दुकान, झूठ का बाजार। मोदी ने राहुल गांधी के भारत माता के बायन पर हमला करते हुए कहा, कुछ लोगों ने यहां मां भारती की मृत्यु की कामना की है। साथ ही कहा, इन लोगों ने मां भारती की भुजाएं काट दी है।

### मणिपुर में बहुत जल्द शांति का सूरज उगेगा

पीएम मोदी ने मणिपुर हिंसा पर कहा, मणिपुर में अदालत का फैसला आया अब उसके पक्ष-विपक्ष में जो परिस्थितियां बनीं उसमें हिंसा का दौर शुरू हुआ। महिलाओं के साथ हुए गंभीर अपराध अक्षम्य हैं और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार कोशिश कर रही है। जिस तरह से प्रयास चल रहे हैं, करीबी भविष्य में शांति का सूरज जरूर उगेगा। मैं मणिपुर के लोगों, माता, भाइयों, बहनों से कहना चाहूंगा कि देश आपके साथ है। यह सदन आपके साथ है। हम सब मिलकर इस चुनौती का समाधान निकालेंगे। मणिपुर विकास की राह पर आगे बढ़ेगा।

**लोगों में कांग्रेस के प्रति अविश्वास बढ़ा :** विपक्षी एकता और नये गठबंधन आइएनडीआइ पर भी हमला बोला, कहा- ये 'इंडिया' नहीं, 'घमंडिया' है। पीएम ने कहा भारत एवं भारतीयों के प्रति अविश्वास और घमंड कांग्रेस की नसों में रच बस गया है। उसे भारत को बदनाम करने में बहुत मजा आता है। (शेष पेज 11 पर)

# आदिवासी महोत्सव में दिखी कला-संस्कृति की अद्भुत छटा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 को लेकर लोगों में उत्साह देखते ही बन रहा था। महोत्सव में समृद्ध आदिवासी जीवन दर्शन की झलकियां दिख रही थीं। गुरुवार को समापन दिवस पर संस्कृति और इतिहास का अनूठा संगम स्थल बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान की शोभा देखते ही बन रही थी। महोत्सव में झारखंडी कलाकारों ने लोकनृत्य से लोगों का मन मोह लिया।

बिरसा मुंडा संग्रहालय में दो दिनी आदिवासी महोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम में झारखंड समेत अरुणाचल प्रदेश, कर्नाटक, असम, गुजरात व ओड़िशा के लोक गायकों ने पारंपरिक वेशभूषा व वाद्ययंत्रों के साथ प्रस्तुति दी। लोकनृत्य व संगीत के माध्यम से दिखाया गया प्रकृति की गोद में बसे अरुणाचल प्रदेश की कला संस्कृति काफी समृद्ध है। वहां के लोग सच्चे और सीधे होते हैं। प्रकृति को अपने साथ जोड़ कर रखते हैं। सामूहिकता के साथ गीत प्रस्तुत करते हैं। 5 जनजातियों की अलग-अलग संस्कृति को एक मंच के माध्यम से दिखाया गया।



महोत्सव के दौरान मांदर बजातीं सीएम की पत्नी कल्पना सोरेन।

### एक साथ तीन भाषाओं में धुन बजाया

गुमला जिले के करुंदा गांव के योगेन्द्र गोप ने कहा कि पूर्वजों ने जो हमें दिया है, उसे बचाकर रखना है। अखड़ा को बचाना है। डीजे बजाकर हम अपनी संस्कृति को नहीं बचा सकते हैं। उनकी टीम के लोगों ने एक साथ तीन भाषाओं में बांसुरी, मांदर, ढोलक और नगाड़ा का धुन प्रस्तुत किया। इसके माध्यम से मौसमी गीत का धुन सुनाया। झारखंड समेत देशभर के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति दी गयी. पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख ने जहां लोकगीत पेश कर दर्शकों को झुमाया, वहीं नंदलाल नायक ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को मन मोह लिया। ट्राइबल फिल्म फेस्टिवल में कई नामचीन फिल्मकारों की फिल्में भी प्रदर्शित की गयीं।

प्रकृति को सहेज कर रखने का संदेश दिया गया। ओड़िशा के लोकगायक कूड़ामानु जना का कहना है कि इस तरह के महोत्सव से कला संस्कृति को और समृद्ध करने में मदद मिलती है। आदिवासियों की कला संस्कृति को बचाना भी हमारी जिम्मेदारी है। कर्नाटक के लोकनृत्य के कलाकार राघवेंद्र सिद्धी ने बताया कि हमलोग इस महोत्सव में 14 लोगों के साथ कर्नाटक के डामानी डांस करने आये हैं। इसके माध्यम से आदिवासी समाज के दैनिक जीवन में होने वाले कार्यों के बारे में दिखाने का प्रयास किया गया।

## आदिवासी महोत्सव के समापन समारोह में बोले सीएम

# आदिवासियों का अस्तित्व कभी खत्म नहीं होने देंगे

- केंद्र ने लटका रखा है सरना धर्म कोड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड आदिवासी महोत्सव के समापन समारोह में सीएम हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, सरना कोड आदिवासी समाज की पहचान का विषय है। कई बार आग्रह के बाद भी केंद्र सरकार इसे लटकाये हुए है।

सीएम हेमंत ने कहा कि जब तक वे रहेंगे आदिवासियों के अस्तित्व पर संकट नहीं आने देंगे। गुरुवार को बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान सह संग्रहालय पहुंचे सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि देशभर में आदिवासियों को समाप्त करने की साजिश रची जा रही है, मणिपुर इसका ताजा उदाहरण है। पूरे देश में आदिवासी जिस तरीके से बिखरे हुए हैं उनको एकजुट करने का हमारा प्रयास है ताकि उन लोगों को एक डोर में बांधा जा सके।



समापन समारोह में सीएम को मोमेंटो देते मुख्य सचिव व अन्य।

**सरना धर्म कोड हमारी पहचान है :** सरना कोड पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आदिवासी समाज की पहचान का विषय है। सवा सौ करोड़ की आबादी में 13 करोड़ आदिवासी हैं। इनकी पूरी पहचान ही इस विषय को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। इस सवाल पर एक जवाब खोजना होगा कि आखिर इन आदिवासियों के लिए समाज में कौन सी जगह होगी। समाज को यह सोचना होगा कि सवा सौ करोड़ की आबादी में क्या यह 13 करोड़ की आबादी उसी में विलय हो जाएगी या फिर उनकी पहचान के लिए कुछ किया जायेगा। सीएम ने कहा, झारखंड पहला ऐसा राज्य है जिसने आदिवासी समाज को जगह देने के लिए सरना धर्म कोड पास करके केंद्र सरकार को भेजा है। वह अभी केंद्र सरकार के पास लंबित है। केंद्र और राज्य में आदिवासी कल्याण मंत्रालय जरूर है, लेकिन आज भी समाज में

### आदिवासी समाज का कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता

मुख्यमंत्री ने कहा है कि झारखंड राज्य का बंटवारा आदिवासी मूल्यों को ध्यान में रखते हुए ही किया गया है। झारखंड के विकास के लिए हम लोग काम कर रहे हैं। अगर कुछ लोगों को यह लग रहा है कि जो भी आदिवासी समाज है, वह देश में कहीं गुम हो जायेगा ऐसा नहीं है। हम लोगों के रहते आदिवासी समाज पर कोई कुछ नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि राज्य में करीब 28 लाख संथाल आदिवासी हैं और झारखंड की कुल आबादी करीब 3 करोड़ है। अगर राज्य के कुल आदिवासियों की बात करें तो 90 लाख है जो कुल आबादी की 26 फीसदी है।

आदिवासी को आदिवासी का दर्जा नहीं दिया जा रहा है। यह एक बड़ा कंट्रोवर्शियल लैंग्वेज है। आदिवासी वनवासी नहीं हैं और वनवासी आदिवासी नहीं हैं। यह एक विवादित विषय है मंत्रालय तो है, लेकिन यह परस्पर विरोधाभासी है। (शेष पेज 11 पर)

# होटल में लगी आग से जिंदा जल गया कर्मचारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** धुर्वा थाना क्षेत्र के जगन्नाथ चौक के पास एक होटल में आग लगने से एक कारीगर जिंदा जल गया। वह पुरुलिया का रहने वाला था। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग की वजह से कारीगर बबलू महतो की दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बबलू महतो, रंजन नामक व्यक्ति के होटल में मिठाई और दूसरे व्यंजन बनाता था। होटल के सामने एक छोटा सा दुकान लिया था, जिसे स्टोर और रेस्ट रूम के रूप में इस्तेमाल करता था। बबलू सहित होटल के दूसरे कर्मचारी भी उसी रेस्ट हाउस में सोते थे। बुधवार को बबलू के साथ काम करने वाले कर्मचारी धनरोपनी को पुरुलिया लौट गये थे। बबलू को भी शुक्रवार को लौटना था, लेकिन उससे पहले उसकी मौत हो गयी। धुर्वा थाना प्रभारी ने बताया कि बबलू महतो दुकान के अंदर ही सोया हुआ था। दुकान में शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी, जिसमें बबलू की मौत हो गयी। (शेष पेज 11 पर)

# राहत : रेपो रेट यथावत, अभी नहीं बढ़ेगी इएमआइ

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) की मौद्रिक नीति समिति ने बैठक के बाद गुरुवार को परिणामों का एलान कर दिया है। गवर्नर शक्तिकांत दास ने मंगलवार को शुरू हुई मौद्रिक नीति समिति की बैठक में लिये गये फैसलों के बारे में विस्तृत से बताया। उन्होंने कहा कि इस बार रेपो रेट में किसी भी प्रकार का बदलाव नहीं किया जा रहा है। इसका मतलब है कि

### फरवरी से नहीं हुआ है कोई बदलाव

जानकारी के मुताबिक आरबीआइ ने इस साल की फरवरी से रेपो रेट में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की है। पिछले साल मई 2022 से लगातार नौ बार रेपो रेट में वृद्धि की गयी थी। श्री दास ने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था उचित गति से बढ़ती रही है और दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गयी है, जो वैश्विक विकास में लगभग 15 फीसदी का योगदान देती है। वहीं, चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए मुद्रास्फीति के अनुमान को बढ़ाकर 5 .4 प्रतिशत कर दिया है। उन्होंने कहा कि 'वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है।

रेपो रेट 6.5 फीसदी पर कायम रहेगा और कस्टमर पर इएमआइ का कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि समिति की बैठक में रेपो रेट में कोई बदलाव न करने का फैसला लिया गया है। (शेष पेज 11 पर)

# जन्मदिन पर सीएम को पीएम ने दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झामुमो ने पार्टी कार्यकर्ताओं संग केक काट कर अपना 48 वां जन्मदिन मनाया। इसके बाद उन्होंने अपने पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन व मां रूपी सोरेन से मिलकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सीएम की पत्नी कल्पना सोरेन सहित अन्य परिजन भी उपस्थित थे। जन्मदिन के मौके पर पीएम मोदी, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, राज्यपाल समेत कई आला नेताओं ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। पीएम ने शुभकामना संदेश में उनकी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है। वहीं अर्जुन मुंडा ने भी उन्हें बधाई देते हुए भगवान से उनकी अच्छी सेहत खुशी और दीघार्यु रहने की प्रार्थना की है। बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन को शुभकामनाएं दीं। और कहा कि बाबा बैद्यनाथ से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की मंगल कामना करता हूं।

# एक करोड़ का इनामी खूंखार नक्सली प्रमोद मिश्रा गिरफ्तार

## माओवदियों को बड़ा झटका, पोलित ब्यूरो का था सदस्य, सर्च ऑपरेशन में सारंडा से था फरार

- गया में चार को फांसी दे कर मार डाला था

खबर मन्त्र बयूरो

**रांची।** सारंडा से फरार माओवादियों के पोलित ब्यूरो सदस्य प्रमोद मिश्र को सुरक्षा एजेंसियों ने गिरफ्तार कर लिया है। उसपर झारखंड में एक करोड़ के इनाम का प्रस्ताव था। प्रमोद मिश्रा के साथ उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया गया है। उसके साथ एक सहयोगी अनिल यादव भी पकड़ा गया है। प्रमोद मिश्रा से विभिन्न सुरक्षा एजेंसियां पूछताछ कर रही हैं। कुछ महीने पहले तक प्रमोद सारंडा के इलाके में मौजूद था। प्रमोद मिश्रा माओवादियों के ईस्टर्न रीजनल ब्यूरो के सुप्रीमो की दौड़ में शामिल था। ईस्टर्न रीजनल ब्यूरो में झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, बंगाल और नॉर्थ ईस्ट के राज्य शामिल हैं। इसका मुख्यालय झारखंड का सारंडा है। दोनों टिकारी प्रखंड के जरही टोला में अपने रिश्तेदार के घर आये थे। तभी उसे गिरफ्तार कर लिया गया। वर्षों तक जेल में रहकर छूटने के बाद अचानक गायब हो गये थे।

### प्रमोद मिश्र ने ही मिसिर को बनाया था इआरबी का सुप्रीम कमांडर



प्रमोद मिश्र ने इस साल फरवरी माह में एक करोड़ के इनामी नक्सली मिसिर बेसरा को भाकपा माओवादी संगठन ने ईस्टर्न रीजनल ब्यूरो (ईआरबी) का सुप्रीम कमांडर बनाया था। पहले चर्चा थी कि प्रमोद मिश्रा को माओवादियों ने ईआरबी का सुप्रीम कमांडर बनाया है। इसके पहले एक करोड़ का इनामी नक्सली प्रशांत बोस ईआरबी का सुप्रीम कमांडर था।


**एनआइए की कई ठिकाने पर छापेमारी :** एनआइए ने तीन मई को औरंगाबाद स्थित भाकपा माओवादी के सदस्य रहे कुख्यात नक्सली नेता प्रमोद मिश्र के आवास और रिश्तेदारों के घर पर छापेमारी की थी। (शेष पेज 11 पर)

# धनबाद के भाजपा नेता के बेटे के साथ नोएडा में मारपीट

**नयी दिल्ली।** नोएडा स्थित एमिटी विवि में बुधवार को हुई मारपीट में धनबाद के भाजपा विधायक राज सिन्हा का पुत्र घायल हो गया। विधायक राज सिन्हा के बेटे के साथ रायपुर गांव में 4 युवकों ने मारपीट की। ये सभी एमिटी यूनिवर्सिटी के छात्र हैं। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर चारों को हिरासत में ले लिया है। मामले को लेकर सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा ने बताया कि थाना सेक्टर 126 क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रायपुर में पीजी के पास 5 लड़के बैठे थे। आदित्य अपने चार दोस्तों के साथ बैठा था. बातचीत के दौरान इनमें किसी बात को लेकर कहासुनी और हाथापाई हो गयी।

# नामांकन प्रक्रिया शुरू, 17 तक भर सकेंगे पर्चा

### डुमरी उपचुनाव



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन से खाली हुई डुमरी विधानसभा सीट पर उपचुनाव की डुगडुगी बजते ही सभी दल रेस हो चुके हैं। उपचुनाव के लिए नामांकन प्रकिया शुरू हो गयी है। पांच सितंबर को वोटिंग और 8 को मतगणना होनी है। नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तारीख 17 अगस्त है। 21 को प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे।

### झामुमो का मजबूत गढ़ रहा है डुमरी

सिर्फ रामगढ़ को छोड़ पिछले सभी उपचुनावों में सत्ताधारी दल के प्रत्याशियों ने ही बाजी मारी है। इस बार फिर एनडीए यहां रामगढ़ वाली कहानी दोहराना चाहता है, लेकिन झामुमो के इस स्ट्रॉन्ग होल्ड में भगवा लहराना आसान नहीं होगा। सभी दलों के बड़-बड़े नेताओं का डुमरी में दौरा शुरू हो चुका ह। सत्ताधारी दल की ओर से खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मोर्चा संभाले हुए हैं। पिछले एक महीने के अंदर तीन बार उन्होंने इस क्षेत्र का दौरा किया है। कई योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया है। वहीं विपक्ष के बाबूलाल मरांडी लगातार सक्रिय हैं, क्योंकि उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद यह पहला चुनाव है। डुमरी में 1980 से लेकर 2019 तक हुए 9 विधानसभा चुनाव में झामुमो ने यहां छह बार जीत हासिल की है। 2005 से लेकर 2019 तक लगातार चार बार झामुमो के जगरनाथ महतो ने यहां से प्रतिनिधित्व किया है।

उपचुनाव के लिए आयोग ने पूरी तैयारी कर ली है। डुमरी विधानसभा दो जिले बोकारो और गिरिडीह में आता है, इसलिए दोनों जिलों में आदर्श आचार संहिता लागू है। उपचुनाव को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी पूरी कर ली गयी है। कुल 2,98,629 मतदाताओं में 1,54,452 पुरुष और 1,44,174 महिला मतदाता प्रत्याशी के भाग्य का फैसला करेंगे। 83 अतिसंवेदनशील बूथ हैं, संवेदनशील बूथ 22 हैं। कुल मतदान केंद्र 373 हैं, जो गिरिडीह और बोकारो जिला के तीन प्रखंडों में पड़ते हैं।

# हम फाइलेरिया मुक्त झारखंड के लिए प्रतिबद्ध : बन्ना गुप्ता

## स्वास्थ्य मंत्री ने किया राज्य के नौ जिलों में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम का शुभारंभ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया द्वारा मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के वर्चुअल शुभारंभ के दौरान राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने आज से झारखंड के 9 फाइलेरिया प्रभावित जिलों (चतरा, हजारीबाग, लातेहार, पलामू, सरायकेला, गोड्डा, दुमका, जामताड़ा और प. सिंहभूम) में फाइलेरिया रोग के उन्मूलन के लिए शुरू होने वाले मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए/आईडीए) कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलाया जायेगा। इस अवसर पर राज्य के अपर मुख्य सचिव (स्वास्थ्य), अरुण कुमार सिंह, अभियान निदेशक, आलोक त्रिवेदी, अपर अभियान निदेशक, विद्यानंद शर्मा पंकज, निदेशक प्रमुख, डॉ बीरेंद्र प्रसाद सिंह, प्रशासनिक पदाधिकारी लक्ष्मी नारायण किशोर एवं राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. बीरेंद्र कुमार सिंह उपस्थित थे।



फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के शुभारंभ के मौके पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता व अन्य।

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य जिस प्रकार कालाजार के उन्मूलन के अंतिम पड़ाव पर है उसी तरह झारखण्ड से फाइलेरिया का उन्मूलन भी शीघ्र होगा। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया मुक्त झारखण्ड बनाने के लिए सामुदायिक सहभागिता के साथ ही अंतर-विभागीय समन्वय बनाकर कार्य किया जा रहा है। आज से शुरू होने वाले अभियान में लगभग 1 करोड़ 34 लाख लाभुकों को दवा प्रशासकों द्वारा निःशुल्क फाइलेरिया रोधी दवाएं अपने सामने ही खिलाई जायेगी। मै भी राज्य के जन-प्रतिनिधियों के साथ फाइलेरिया उन्मूलन हेतु किये जा रहे प्रयासों पर चर्चा करता रहता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी कार्यक्रम की सफलता सामुदायिक भागीदारी से ही सुनिश्चित की जा सकती है और फाइलेरिया के उन्मूलन के लिए हम सभी को एक साथ मिलकर इस लड़ाई को जीतना होगा।

राज्य के अपर मुख्य सचिव (स्वास्थ्य), अरुण कुमार सिंह ने बताया कि सभी 9 जिलों में से हजारीबाग और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में 2 दवाओं डीईसी और अल्बेंडाजोल एवं अन्य 7 जिलों में 3 दवाओं डीईसी, अल्बेंडाजोल के साथ आईवरमेंक्टिन की निर्धारित खुराक दवा प्रशासकों द्वारा बूथ एवं घर-घर जाकर अपने सामने मुफ्त खिलाई जाएगी। ये दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। ये दवाएं 2 साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को नहीं दी जाएंगी। याद रहे कि ये दवाएं खाली पेट नहीं खानी हैं। रैपिड रिस्पांस टीम दवा के सेवन के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक दवाओं के साथ मौके पर सक्रिय रहेगी।

राज्य के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी ने बताया कि राज्य स्तर से जिला स्तर तक समन्वय बनाकर, मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए सुनियोजित रणनीति के अनुसार कार्य किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की प्रतिदिन राज्य स्तर पर समीक्षा की जायेगी और कार्यक्रम के दौरान आने वाली हर समस्या का तुरंत समाधान किया जायेगा। हमारा लक्ष्य है कि इस बार 100 प्रतिशत लाभार्थियों द्वारा फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन सुनिश्चित किया जाये। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, डॉ. बीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से फैलता है और यह दुनिया भर में दीर्घकालिक विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है। किसी भी आयु वर्ग में होने वाला यह संक्रमण लिम्फैटिक सिस्टम को नुकसान पहुंचाता है और अगर इससे बचाव न किया जाए तो इससे शारीरिक अंगों में असामान्य सूजन होती है। राज्य में अप्रैल 2023 के आंकड़ों के अनुसार लिम्फेडेमा के 54172 मरीज एवं हाइड्रोसील के 40561 मरीज चिन्हित किए गए हैं। इस कार्यक्रम की निगरानी हेतु पर्यवेक्षकों को भी लगाया गया है, तथा किसी भी विषम परिस्थितियों से निपटने हेतु चिकित्सक के नेतृत्व में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर रैपिड रेस्पांस टीमों का भी गठन किया गया हैं।

# वेतन नहीं मिलने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गये 108 एंबुलेंस के कर्मी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के अधिकांश जिलों में गुरुवार को 108 एंबुलेंस सेवा पूरी तरह से ठप रही। एंबुलेंस कर्मी चार महीने से सैलरी नहीं मिलने से परेशान हैं और अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये हैं। इस कारण करीब 600 मरीजों को एंबुलेंस की सेवा नहीं मिल सकी। उन सभी को खुद से व्यवस्था कर अस्पताल जाना पड़ा। अधिकतर मरीज निजी गाड़ियों से अस्पातल पहुंचे। वहीं कई मरीज गंभीर स्थिति में अपने जुगाड़ से इलाज के लिए रिम्स, सदर सहित अन्य सरकारी अस्पतालों में पहुंचे। इससे सबसे अधिक परेशानी शहर के बाहर के मरीजों को हुई। उन्हें ऑक्सीजन युक्त एंबुलेंस के लिए काफी परेशान होना पड़ा। मालूम हो कि 108 एंबुलेंस कॉल करने के पंद्रह से बीस मिनट के अंदर मरीज के पास पहुंचती है। हड़ताल होने के कारण मरीजों को एंबुलेंस मिलने में एक घंटे तक का समय लगा। चिकित्सा हेल्थकेयर वर्तमान में 108 एंबुलेंस सेवा का संचालन कर रही है। परंतु अब यह काम निविदा के तहत किसी अन्य एजेंसी को दे दिया गया है। कंपनी बदलने के कारण कर्मियों में यह संशय है कि उन्हें उनके बकाये वेतन का भुगतान कंपनी करेगी या नहीं? उन्हें इस बात का भी डर है कि दूसरी कंपनी काम के लिए अपने एजेंसी में रखेगी या नहीं? बताते चलें कर्मियों को चार महीने से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। 108 एंबुलेंस के कारण मरीजों को परेशानी नहीं हो, इसके लिए सरकार ने 206 नये एंबुलेंस खरीदे थे। छह महीने तक खड़ा रहने के बाद 5 जुलाई को इसका उद्घाटन किया गया। नई एजेंसी ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेस को परिचालन की जिम्मेवारी दी गयी है। जरूरी कामों का हवाला देते हुए कंपनी ने अबतक परिचालन शुरू नहीं किया है। अगर इन एंबुलेंस का परिचालन शुरू हो गया रहता तो मरीजों को परेशानी नहीं होती।

### मरीजों की बढ़ी परेशानी

# मेधावियों को सम्मानित कर बच्चों का मनोबल बढ़ा रहा है पासवा : आलोक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के मेधावी बच्चों को सम्मानित कर पासवा ने बच्चों को न सिर्फ मनोबल बढ़ाने का काम किया है, बल्कि अन्य संस्थाओं के लिए एक लंबी लकीर भी खींच दी है। नतीजा अब सभी पार्टियों की नजर स्कूली बच्चों पर है। वही उन्हें सम्मानित करने की दिशा आगे बढ़ रहे हैं। नतीजा, राज्य के बच्चों का हैसला बुलंद हो रहा है और इसका असर आनेवाली परीक्षाओं में देखने को मिलेगा।

इस संबध में प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने बताया कि संपूर्ण झारखंड में शिक्षा के क्षेत्र में लोगों को जागृत किया जा रहा है। पिछले दिनों पासवा ने मैट्रिक तथा इंटर की परीक्षा सीबीएसई, आईसीएसई तथा जैक बोर्ड तीनों बोर्ड के विद्यार्थियों को में 70% अंक लाने पर सम्मानित कर उनके मनोबल को बढ़ाने का काम किया। राज्य का सबसे बड़ा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह शहीद टाना भगत इंडोर स्टेडियम खेलगांव रांची में 15000 से अधिक बच्चों को सम्मानित किया। इसके अलावा राज्य के प्रत्येक जिले में ग्रामीण क्षेत्र के हजारों बच्चों को सम्मानित कर उन्हें समाज सेवा, राष्ट्र सेवा और राष्ट्र की मुख्यधारा में जुड़ने को प्रेरित किया। इतना ही नहीं पासवा ने रांची तथा झारखंड के प्रत्येक जिले में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित कर हजारों शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया।

श्री दूबे ने कहा कि इसी की परिणिति है कि आज पक्ष और विपक्ष हर किसी की प्राथमिकताओं में शिक्षा प्रथम स्थान पर है और आज विभिन्न दलों के मंत्रीगण जनप्रतिनिधि शिक्षा के क्षेत्र में सम्मान समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों और शिक्षकों का मनोबल बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष 12 अगस्त को दो दिवसीय दौरे पर झारखंड की राजधानी रांची पहुंच रहे हैं। 12 अगस्त को न्यू ऑक्सफोर्ड स्कूल बूढ़ीबागी कांके में आयोजित आदिवासी जीवन दर्शन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होंगे एवं बच्चों को सम्मानित करेंगे।

### 12 को आदिवासी जीवन दर्शन कार्यक्रम में शामिल होंगे पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

# शारदा ग्लोबल स्कूल में स्टीम फेस्ट का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल में छात्रों के अंदर निहित प्रतिभा को विकसित करने एवं निखारने के लिए स्टीम फेस्ट का आयोजन गुरुवार को किया गया। स्टीम फील्ड के अंतर्गत साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, आर्ट्स तथा मैथमेटिक्स एवं मैनेजमेंट आते हैं, जो समग्र रूप में छात्रों को अनुसंधान एवं ज्ञान अर्जित करने में सहायक होते हैं। इस फेस्ट में शारदा ग्लोबल के छात्रों ने लाइव मॉडल्स, मॉडल्स एवं प्रोजेक्ट्स स्वयं बनाकर अपनी बुद्धिमत्ता एवं दूरदर्शिता का प्रमाण प्रस्तुत किया। विद्यालय के 1023 से अधिकर छात्रों ने इस स्टीम फेस्ट में हिस्सा लिया।

मुख्य अतिथि रवींद्र कुमार सीइओ पीवीयूएनएल एवं दिवाकर द्विवेदी सीइ, कांके और स्पेशल इनवाइटी नीरज कुमार, नीता पांडेय, प्राचार्या कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, मनीषा तिवारी प्राचार्या विद्या विकास पब्लिक स्कूल ने इस डिजिटल युग में छात्रों की स्टीम स्किल्स के प्रति जागरूकता, रुचि तथा प्रदर्शित मॉडल्स एवं प्रोजेक्ट्स की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्र अद्वितीय बौद्धिक क्षमता से संपन्न है। यह उनके द्वारा प्रदर्शित कार्यों से दृष्टिगत होता है। इस फेस्ट द्वारा छात्र न्यू एजुकेशन पॉलिसी से भी अवगत होंगे एवं शैक्षणिक स्तर में उत्तरोत्तर वृद्धि करते हुए उज्ज्वल भविष्य का निर्माण भी कर सकेंगे।

इस 'स्टीम फेस्ट' को क्रियान्वित करने में विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ श्रीमती रंजना, विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती जसमीत कौर, विद्यालय प्रबंधन तथा शिक्षकों की प्रेरणा एवं उत्साहवर्धन छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के प्रति प्रेरित करता रहा। मुख्य अतिथि एवं अन्य गण्यमान्य अतिथियों ने इस नयी सोच पर आधारित स्टीम फेस्ट की परिकल्पना के लिए एवं छात्रों को जागरूक करने के लिए विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ श्रीमती रंजना स्वरूप एवं प्रधानाध्यापिका श्रीमती जसमीत कौर की दूरदर्शिता तथा मार्गदर्शन की प्रशंसा की।

उपस्थित गण्यमान्य अतिथियों ने स्टीम फेस्ट' की सफलता पर समस्त विद्यालय प्रबंधन को बधाई दी। साइंस के क्षेत्र में छात्रों ने प्राचीन काल से लेकर आधुनिक काल के विकास को चरणबद्ध तरीके से मॉडल्स, वर्किंग मॉडल्स एवं प्रोजेक्ट्स के द्वारा दशार्या, जिसके अन्तर्गत कृषिक्षेत्र, प्लास्टोस्कोप - रोबोटिक आर्म्स, हाइड्रो एलिवेटर वैरियस फिजियोलॉजिकल फंक्शन्स ऑफ ह्युमनविंग को दशार्या। टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में इसके लाभ को मॉडल्स एवं प्रोजेक्ट्स द्वारा बताया कि किस प्रकार सारा संसार हमारी मुट्ठी में है। इंजीनियरिंग के क्षेत्र में छात्रों ने वर्किंग मॉडल्स द्वारा ड्रोन एवं रोबोट्स के बढ़ते महत्व को दिखाया। ड्रोन द्वारा रेलने ट्रैक्स के क्रंक्स की पूर्वसूचना प्राप्त हो जाती है। आर्टस में प्राचीन काल से चली आ रही भाषा नृत्य एवं संगीत को छात्रों ने मॉडल्स, प्रोजेक्ट्स एवं वर्किंग मॉडल्स द्वारा आधुनिक रूप में दशार्या। मैथ्स एवं मैनेजमेंट छात्रों ने प्राचीन मैक्स से लेकर आधुनिक मैथ्स को मॉडल्स, मैथमेटिकल शेप्स, फामूर्लाज आदि द्वारा प्रस्तुत किया, जो आज के हमारे दैनिक जीवन में उनके महत्व को दर्शाते हैं। मैथ्स को इस प्रकार व्यावहारिक जीवन में पहले कभी नहीं दशार्या गया था। मैनेजमेंट के अंतर्गत छात्रों ने मॉडल्स एवं प्रोजेक्ट्स के जरिये प्राचीन काल से लेकर आज तक क्या-क्या परिवर्तन हुए कृषि एवं औद्योगिकीकरण के क्षेत्र में तथा इनका हमारे देश की अर्थव्यवस्था में कितना बड़ा योगदान है, इसे बड़े ही स्पष्ट ढंग एवं सटीक रूप में प्रस्तुत किया।




स्टीम फेस्ट में मॉडल के साथ बच्चे।

## खबर एक नजर में

### मणिपुर की घटना इंटेलिजेंस फेलियर केंद्रीय गृह मंत्री दें इस्तीफा : सुबोधकांत

**रांची।** पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री सुबोधकांत सहाय ने वर्तमान केंद्रीय गृहमंत्री अमितशाह पर हमला बोला है। रांची के कार्निवल सभागार में आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं के कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे सुबोधकांत सहाय ने कहा कि प्रधानमंत्री को संसद में बुलाने और उनका मणिपुर पर मुंह खुलवाने के लिए विपक्ष को संख्या बल नहीं होते हुए भी नो कॉन्फिडेंस मोशन लाना पड़ा है। सुबोधकांत सहाय ने कहा कि हम गिनती की लड़ाई में नहीं थे बल्कि देश को बचाने की लड़ाई में लगे थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि 'मैं भी देश का गृह राज्य मंत्री रहा हूं, मुझे पता है कि हर दिन सभी राज्यों से टॉप सीक्रेट की रिपोर्ट केंद्र को मिलती है। वर्तमान गृहमंत्री को मणिपुर की जानकारी क्यों नहीं मिली, यह किसका फेलियर है। जो वह कह रहे हैं कि अगर मणिपुर के फुटेज पहले मिलते तो वह कार्रवाई करते। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की अच्छी नियत पर ये लोग अपनी बदनीयती दिखाएं लेकिन देश समझ रहा है कि मणिपुर के हत्यारा कौन है। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि जब भी बात अडाणी की होती है, भाजपा वाले इसी तरह की हरकत करते हैं। उन्होंने कहा कि प्लेन में अडाणी के साथ पीएम क्या कर रहे थे, मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ क्या हुआ? इन सवालों पर चुप्पी क्यों है। मणिपुर की घटना को पूरी तरह इंटेलिजेंस फेलियर बताते हुए कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

### मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड के मजलिस आमला की बैठक

**रांची।** झारखंड मुस्लिम मजलिस उलमा झारखंड की एक अहम बैठक मजलिस आमला की गुरूवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता मजलिस उलेमा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हजरत मौलाना मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने की और संचालन हजरत मौलाना शाकिर इस्लाही ने किया। बैठक की शुरूआत मौलाना तनवीर आलम द्वारा पवित्र कुरान की तिलावत से हुई। अजबुल-अंसारी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। बैठक में मौलाना शाकिर इस्लाही उपाध्यक्ष मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड, मौलाना तनवीर आलम नदवी सचिव मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड, हाफिज मोहम्मद आजाद, शमीम अख्तर अध्यक्ष मोमिन कॉन्फ्रेंस रांची, अजबुल अंसारी, जमील अहमद, अब्दुल समी, डॉ. जुल्फिकार, अब्दुल कय्यूम अंसारी आदि शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि झारखंड में मुसलमान शैक्षणिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं सामाजिक पिछड़ेपन से पीड़ित हैं। झारखंड सरकार को स्थिति से अवगत कराने के लिए मजलिस की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### सिद्धार्थ औलिया आज बतायेंगे, आंनदित जीवन कैसे जियें

**रांची।** ओशोधारा केंद्र और सेंट्रल कोलफील्ड, द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ' सत्संग और आनंद प्रज्ञा शिविर ' कार्यक्रम का आयोजन आज सीसीएल कन्वेंशन सेंटर, दरभंगा हाउस में होगा। जिसमें समर्थगुरु श्री सिद्धार्थ औलिया द्वारा ' आनंदित जीवन कैसे जिएं ' विषय पर सारगर्भित सत्संग सह व्याख्यान देंगे ताकि आज के तनाव भरे जीवन को अध्यात्म और सांसारिकता के मेल से सहजता पूर्वक जीने की कला लोग जान सकें। कार्यक्रम अपराह्न 3 बजे से शुरू होगा। आयोजक स्वामी अमरेंद्र झा का कहना है कि यह जीवन जीने के भेद समझने का सुनहरा अवसर है।

### जमीन कब्जा करने आये पांच अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** तुपुदाना ओपी इलाके में जमीन पर कब्जा करने आए हथियार के साथ पांच अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम विशाल कुमार सिंह, वैभव विकास, विवेक रोहन, आदित्य करण सिंह और अमित सुरीन है। बताया जाता है कि ये लोग जमीन पर कब्जा करने आए थे, लेकिन मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पांचों को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि पुलिस को देख कर ये लोग भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने पिस्टल और छह गोली के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# मॉल ऑफ रांची का शुभारंभ 13 को

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के न्यू मार्केट चौक, रातू रोड के पास आकाशवाणी के सामने मॉल ऑफ रांची का शुभारंभ 13 अगस्त को होने जा रहा है। इस मॉल में देश-विदेश के नामी गिरामी ब्रांड्स के शोरूम सुसज्जित होंगे।

मॉल ऑफ रांची के डायरेक्टर नीतीश अग्रवाल ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि यह मॉल ढाई लाख स्क्वायर फीट में अत्याधुनिक भवन निर्माण शैली के अनुसार निर्मित हुआ है। अपनी निर्माण शैली, भव्यता, साज-सज्जा और समुचित प्रबंधन में मॉल ऑफ रांची बेमिसाल होगा। मॉल के माध्यम से हम रोजगार के नये अवसर भी प्रदान कर रहे हैं। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हमने 1000 से ज्यादा लोगों को नौकरी दी है।

उन्होंने कहा कि रांची के प्राइम लोकेशन में अवस्थित इस मॉल में देश-विदेश के सुप्रसिद्ध ब्रांड्स के शोरूम्स के अलावा मॉर्डन गेम जोन, फूडजोन, 4/4सिनेमा स्क्रींस, लाइफस्टाइल, फैशन शॉप्स इत्यादि आधुनिक जीवन शैली की सभी चीजें मौजूद रहेंगी। मॉल ऑफ रांची के छठे फ्लोर पर ईस्ट इंडिया का सबसे बड़ा और लेटेस्ट गेमिंग जोन होगा। वहीं, प्रकाश झा के सिनेमा स्क्रींस पीजेपी सिनेमा दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेंगे। कुछ ऐसे भी ब्रांड्स आने वाले हैं, जो झारखंड में पहली बार मॉल ऑफ रांची में लोगों को लुभायेंगे। नीतीश अग्रवाल ने बताया कि मॉल ऑफ रांची आठ फ्लोर्स में निर्मित है और टोटली सेंट्रली एयरकंडीशंड है। इसमें लिफ्ट, और एक्सक्लेटर का समुचित और सुरक्षित प्रबंध है। मॉल में आने वाले लोगों को पार्किंग की समस्या से ना जूझना पड़े, इसके लिए मॉल में दो फ्लोर्स में पार्किंग का विशेष प्रबंध किया गया है। कुल मिला कर ऐशो-आराम से लेकर मॉर्डन लाइफस्टाइल को सुकून देने वाला हरेक संसाधन यहां उपलब्ध होने वाला है। साथ ही, पब्लिक की सुरक्षा, कनवेनियेंस, समुचित साफ सफाई, और मॉल के रख-रखाव पर प्रबंधकों का विशेष फोकस रहेगा।



प्रेस वार्ता में जानकारी देते मॉल ऑफ रांची के डायरेक्टर नीतीश अग्रवाल।

## संविधान विरोधी धार्मिक प्रतिबंध को समाप्त करने की मांग

**रांची।** झारखंड पसमांदा मुस्लिम महाज ने झारखंड के राज्यपाल को पत्र के माध्यम से अनुच्छेद 341 एवं 342 पर लगे संविधान विरोधी धार्मिक प्रतिबंध को समाप्त करने एवं मुसलमानों के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक उत्थान हेतु मांग पत्र सौंपा है। झारखण्ड पसमांदा मुस्लिम महाज ने मांग पत्र सौंपते हुए यह आशा व्यक्त किया किया है कि इस दिशा में सकारात्मक पहल करते हुए मुसलमानों के जायज मांगों को केंद्र सरकार एवं झारखंड सरकार से दिलाने का पहल करेंगे। महाज की प्रमुख मांगों में अनुच्छेद 341 एवं 342 पर लगे संविधान विरोधी धार्मिक प्रतिबंध को समाप्त कर मुस्लिम व ईसाई दलितों के साथ हो रहे धर्म आधारित पक्षपात को समाप्त करना, जातीय जनगणना, जनगणना अधिनियम 1948 के अंतर्गत कराना आदि शामिल हैं।

# आदिवासी दिवस के नाम पर मनाया सोरेन राज परिवार दिवस : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार द्वारा आयोजित आदिवासी दिवस समारोह में झारखंड के वीर शहीदों, महान क्रांतिकारियों के अपमान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

श्री मरांडी ने कहा कि समारोह के प्रचार प्रसार में करोड़ों रुपये खर्च किये गये। लेकिन पोस्टर बैनर में राज्य के महान विभूतियों सिदो कान्हू, चांद भैरव, तिलका मांझी, भगवान बिरसा मुंडा को कोई जगह नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि सत्ता के अहंकार में जब सत्ताधारी वीर क्रांतिकारियों का तिरस्कार करने लगे तो उसका पतन सुनिश्चित है। प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह सोरेन राज परिवार के डायरेक्टरशिप में चल रहे झामुमो की ऐसी ही नीयत है।

उन्होंने कहा कि आदिवासी महोत्सव और जीवन दर्शन की झलकियों के नाम पर रांची की सड़कों पर आदिवासियों की जमीन लूट हड़प कर अरबपति बनने वाले पिता पुत्र अपनी झलकियां दिखा रहे हैं।उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता अपने महान विभूतियों का अपमान कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि अगले चुनाव में आदिवासी समाज इनके किये की सजा देकर सबक सिखायेगी।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- सोरेन परिवार के आगे आदिवासी शहीदों महापुरुषों की अहमियत नहीं

# वित्त मंत्री ने किया चैंबर भवन में वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष और पुस्तकालय का उद्घाटन

## चैंबर अध्यक्ष ने कहा- सदस्यों के विश्वास को बढ़ाने और बेहतर संवाद में सहायक होगा वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** चैंबर भवन में नवनिर्मित वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष और पुस्तकालय का उद्घाटन गुरुवार को हुआ। उद्घाटन वित्त एवं वाणिज्यकर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने किया। उद्घाटन के साथ ही वित्त मंत्री ने सभी जिलों के चैंबर ऑफ कॉमर्स व सम्बद्ध संस्थाओं के साथ संवाद कराया गया। ऑनलाइन रूप से जुड़े सभी जिलों के व्यापारियों ने अपने जिले की समस्याओं से वित्त मंत्री को अवगत कराया।

मौके पर खुशी जताते हुए चैंबर अध्यक्ष ने कहा कि चैंबर भवन में वीडियो कांफ्रेंसिंग हॉल का निर्माण हमारी प्राथमिकताओं में शामिल थी। जिसे हमने पूरा किया है। हमने देखा है कि कई बार आवश्यकता पड़ने पर या समयाभाव के कारण रांची से बाहर के जिलों के संगठनों और व्यापारियों से संपर्क संभव नहीं हो पाता है। बहरहाल, हमने अपने इस कार्यकाल में रांची की तर्ज पर बाहर के जिलों के व्यापारियों को भी साथ लेकर चलने की कोशिश की है। इससे बाहर के जिलों के व्यापारियों में फेडरेशन के प्रति विश्वास का माहौल बना है। सदस्यों के विश्वास को बढ़ाने और संवाद को बेहतर बनाने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष का निर्माण सहायक होगा।

चैंबर के सह सचिव रोहित पोद्दार ने कहा कि आधुनिक रूप से सुसज्जित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष के निर्माण से प्रदेश के 24 जिलों के चैंबर ऑफ कॉमर्स, व्यापारिक व औद्योगिक संगठनों के साथ परस्पर समन्वय बनाने में आसानी होगी।

**सौंपा ज्ञापन :** राज्य के राजस्व संग्रह में वृद्धि के लिए चैंबर महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन ने मंत्री को एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में मुख्यतः व्यवसायिक वाहनों के बकाया टैक्स की प्राप्ति के लिए वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लाये जाने, राज्य जीएसटी सलाहकार समिति की बैठकों का नियमित आयोजन करने, बालू घाटों की नीलामी पर गंभीरतापूर्वक विचार करना शामिल है। कार्यकारिणी सदस्या सोनी मेहता ने कन्वेंशन सेंटर/एक्सपो सेंटर का निर्माण करने की भी बात कही। मौके पर चैंबर सदस्य मौजूद रहे।



वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष व पुस्तकालय के उद्घाटन के मौके पर वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव।

# कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने किया मेधा स्लरी प्रसंस्करण इकाई का उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा है कि सरकार ग्रामीणों की आय में वृद्धि के उपाय तो कर ही रही है, इसके साथ उनके बचत को भी बढ़ाने की योजना तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के किसानों के घरों में बायो प्लांट लगाने का काम किया जा रहा है, जिससे वे पूरी तरह से आत्मनिर्भर हो सकें।

उन्होंने कहा कि सरकार की सोच है कि यहाँ की 80 प्रतिशत आबादीए जो खेती-बाड़ी पर निर्भर करती है, उनका सर्वांगीण विकास हो। वह गुरुवार को नेपाल हाउस में आयोजित ऑनलाइन माध्यम से मेधा स्लरी प्रसंस्करण इकाई के उदघाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने ऑनलाईन माध्यम से बेड़ो प्रखंड के बिरसा किसानों से भी बात की। जिनके घरों में बायो प्लांट लगाये गये हैं। उन किसनों ने बताया कि इसके लगने से उनके जीवन स्तर में क्या बदलाव आये हैं। उन्होंने अपना अनुभव भी साझा किया।

उन्होंने कहा कि राज्य में 80 हजार लीटर दूध प्रतिदिन मेधा डेयरी द्वारा खरीदी जाती थी। आज वह बढ़कर 2 लाख लीटर हो गया है। मेधा डेयरी का लक्ष्य है कि किसानों को इससे जोड़कर उनसे 5 लाख लीटर प्रतिदिन तक दूध क्रय किया जाये। जिससे किसानों के आय में वृद्धि हो सके। इसके लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और टाटा ट्रस्ट के साथ मिलकर बायो प्लांट लगाने का काम किया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के चेयरमैन मीनेश शाह ने बताया कि 100 घरों में हमने गोबर गैस का प्लांट लगाया है। आने वाले दिनों में झरखंड में भी 5 हजार गैस के प्लान्ट लगाये जाने का उनका लक्ष्य है। कार्यक्रम में विभागीय सचिव अबू बकर सिद्दीकी, राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर मिनेश शाह, कार्यकारी निदेशक एस रघुपति, महाप्रबंधक अनिल हातेकर आदि उपस्थित थे।



उद्घाटन करते बादल पत्रलेख।

# दो दिवसीय झारखंड आदिवासी महोत्सव ने सबका मन मोहा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बिरसा मुंडा संग्रहालय में दो दिवसीय झारखंड आदिवासी महोत्सव में गुरुवार को कई राज्यों के कलाकारों ने लोकनृत्य से लोगों का मन मोहा। रंगारंग कार्यक्रम में झारखंड समेत अरुणाचल प्रदेश, कर्नाटक, असम व ओड़िशा के लोक गायकों ने पारंपरिक वेशभूषा व वाद्ययंत्रों के साथ अपनी प्रस्तुति दी।

**जनजातियों की संस्कृति को दशार्या :** लोकनृत्य व संगीत के माध्यम से दिखाया गया प्रकृति की गोद में बसे अरुणाचल प्रदेश की कला -संस्कृति काफी समृद्ध है। वहां के लोग सच्चे और सीधे होते हैं। जनजातियों की अलग-अलग संस्कृति को एक मंच के माध्यम से दिखाया गया। संदेश दिया गया कि प्रकृति को सहेज कर रखना है। उन्हें संवारना है। क्योंकि प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया है। ओड़िशा के लोकगायक कूड़ामानु जना का कहना है कि इस तरह के महोत्सव से कला संस्कृति को और समृद्ध करने में मदद मिलती है। कर्नाटक के लोकनृत्य के कलाकार राघवेंद्र सिद्धी ने बताया कि हमलोग इस महोत्सव में 14 लोगों के साथ कर्नाटक के डामानी डांस करने आये हैं। इसके माध्यम से आदिवासी समाज के दैनिक जीवन में होने वाले कार्यों के बारे में दिखाने का प्रयास किया गया।













## पद्मश्री मधु मंसूरी की प्रस्तुति पर झूम उठे लोग

झारखंड आदिवासी महोत्सव के भव्य समारोह में पद्मश्री मधु मंसूरी की आकर्षक प्रस्तुति लोगों को खूब भाया। उनकी गीतों पर दर्शक झूमते रहे। असम के हाजोंग आदिवासी समुदाय द्वारा लेवा टाना तन नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। इनका नृत्य अपने आप में अनूठा था।

नंद लाल नायक और आदिवासी परिधान का प्रदर्शन खास रहा। आयोजन का समापन ड्रोन, लेजर व फायर शो से हुआ। झारखंड आदिवासी महोत्सव विभिन्न जनजातीय समूह के नृत्य का गवाह बना। झारखंड आदिवासी महोत्सव अपने चरम पर रहा। अरुणाचल प्रदेश के 'निशि' आदिवासी समुदाय का नृत्य प्रस्तुत किया गया।

**एक साथ तीन भाषाओं में धुन बजाया**

गुमला जिले के करुंदा गांव के योगेन्द्र गोप ने कहा कि पूर्वजों ने जो हमें दिया है, उसे बचाकर रखना है। अखड़ा को बचाना है। डीजे बजाकर हम अपनी संस्कृति को नहीं बचा सकते हैं। उनकी टीम के लोगों ने एक साथ तीन भाषाओं में बांसुरी, मांदर, ढोलक और नगाड़ा का धुन प्रस्तुत किया।








तस्वीरें समीर की



# प्रकृति के संरक्षण में आदिवासी समाज सबसे अधिक दक्ष

सेमिनार में विभिन्न राज्यों के विशेषज्ञों, साहित्यकारों, और कथाकारों ने कहा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** झारखंड आदिवासी महोत्सव में गुरूवार को आदिवासी जीवन को उपन्यास में ढालने की प्रक्रिया, यथार्थ बनाम संवेदना विषयक सेमिनार हुआ। बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में आयोजित झारखंड आदिवासी महोत्सव के दूसरे दिन के राष्ट्रीय आदिवासी साहित्य सेमिनार का आयोजन तीन सत्रों में किया गया। पहले सत्र में विभिन्न राज्यों से आये ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञों, साहित्यकारों, कथाकारों ने आदिवासी जीवन को उपन्यास में ढालने की प्रक्रिया, यथार्थ बनाम संवेदना पर विचार किया। लोक कथाओं और लोकगीतों का लेखन में उपयोग विषय पर अपने विचार रखे।

इसी क्रम में पहले सत्र की शुरूआत तेलंगाना से आये सुरेश जगन्नाथम ने की। उन्होंने आदिवासी समाज के जीवन को समझने में उपन्यास की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उपन्यास के माध्यम से हमें आदिवासियों की संस्कृति एवं जीवनी को समझने में मदद मिलती है। वहीं, छत्तीसगढ़ से आयी वरिष्ठ साहित्यकार कुसुम माधुरी टोप्पो ने आदिवासी उपन्यास में भाषा की शैली की जानकारी दी। उन्होंने साहित्य में बिंब के स्वरूप की विस्तार से चर्चा की।

**उपन्यास के माध्यम से आदिवासियों की जीवनी को समझने का प्रयास :** केंद्रीय विश्वविद्यालय, तेजपुर से आये साहित्यकार एवं आलोचक प्रो प्रमोद मेढ़ा ने आदिवासी उपन्यास के सृजन की दुश्वारियों के बारे में जानकारी दी। आदिवासियों उपन्यासों की लेखनी में आनेवाली चुनौतियों एवं उनके खतरों के बारे में विस्तार से बताया। आदिवासी उपन्यास को लिखने की कला एवं शैली के उपयोग के बारे में भी जानकारी दी। आदिवासियों के बारे में शोध करने वाले प्रो एडवर्ड और हिन्दी साहित्य के लेखक प्रो सानी के लेखन के माध्यम से आदिवासियों के जीवन के चित्रण को प्रस्तुत किया। पश्चिम बंगाल से आये कथाकार सुंदर मनोज हेम्ब्रम ने कहा कि उन्होंने संथाली भाषा में कई रचनायें लिखीं हैं। उन्होंने कहा कि कहानियों में घटनाओं का समायोजन होता है जबकि कथायें रोचक होती हैं। एसएस मेमोरियल कॉलेज की प्राध्यापक प्रो सावित्री बड़ाईक ने पहाड़गाथा एवं मताई उपन्यास के माध्यम से आदिवासी समाज की जीवनी एवं संस्कृति को समझाने का प्रयास किया। नागालैंड विश्वविद्यालय से आये थूनबुइ ने जनजातियों के बारे में लिखे साहित्य के बारे में चर्चा की गई। दिल्ली विश्वविद्यालय से आयीं प्रो स्नेहलता नेगी ने किन्नौर प्रजाति के बारे में में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के जीवन जीने का तरीका एवं उनकी संस्कृति लोकगीतों में देखने को मिलती है। त्रिपुरा विश्वविद्यालय से आयीं प्रो मिलान रानी जमातीया ने हाचुक खुरिको उपन्यास के माध्यम से आदिवासी के जीवन एवम् संस्कृति को समझाया।इस अवसर पर सेवानिवृत्ति प्राध्यापक डा कोमल सेन सरवा और वरिष्ठ कथाकार लोक बाबू ने भी अपने विचार रखे।

**दूसरे सत्र** का विषय समाजशास्त्र, ऐतिहासिक एवं अन्य शोध परख लेखन था। इसका आरंभ उड़ीसा से आये वरिष्ठ साहित्यकार हेमंत दलपती ने किया। उन्होंने फिल्म के माध्यम से आदिवासियों की जीवन की स्थिति के बारे में चर्चा की। कश्मीर से आये जान मोहम्मद हाकिम ने कश्मीर की गुर्जर जनजातियों के बारे में जानकारी साझा की। वाराणसी से आयीं प्रो वंदना चौबे ने आदिवासियों की वर्तमान स्थितियों एवं भविष्य में उनके विकास कि संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आदिवासी कि परंपरा बहुत ही सुदृढ़ है। आदिवासी हमेशा से ही तकनीक के मामले में काफी आगे हैं, वो अपना इलाज पुरानी पद्धति से करतें हैं। प्रकृति का संरक्षण उनसे बेहतर कोई नहीं जान सकता है। सुल्तानपुर से आयीं चर्चित कवयित्री एवं लेखिका रूपम मिश्र ने आदिवासी स्त्रियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## आदिवासी महोत्सव में 1000 लोगों ने कराया स्वास्थ्य जांच

**रांची।** दो दिवसीय झारखण्ड आदिवासी महोत्सव -2023 में कल्याण विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच उक्त शिविर में पहुंचकर करायी। पिछले 2 दिनों 1000 से अधिक लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करायी। इस दौरान मरीजों के बीच जरूरी दवा का वितरण किया गया। दरअसल विश्व आदिवासी दिवस पर बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान, रांची में 9-10 अगस्त को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां आदिवासी जीवन दर्शन की झलकियों को लोगों ने देखा। इस दौरान विभिन्न विभागों ने सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के लिए स्टॉल भी लगाए थे। साथ ही आदिवासी समाज के पारंपरिक व्यंजन से संबंधित स्टॉल भी लागये गए थे। ज्ञात हो कि इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से आकर आदिवासी समाज के लोगों ने भाग लिया।

इस दौरान 5 विभाग के डॉक्टर स्त्री रोग विशेषज्ञ, आंख रोग विशेषज्ञ, बच्चा रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, जेनरल मेडिसिन एव आकस्मिक चिकित्सक उपलब्ध है। उक्त दोनों शिविरों का संचालन संस्था ट्राय के द्वारा किया जा रहा है। यह संस्था विभाग के दो अस्पताल रांची में दुमका में भी संचालन कर रही है।

शिविर में डॉक्टर एल एन पी बारा, डॉ वसुधा तिवारी,डॉ अधीश,डॉ अमरदीप एव डॉ अमृता कुंज मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर रहे हैं।

# आंगनबाड़ी सेविकाओं ने सहायक शिक्षिका का दर्जा देने की मांग की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के अलग-अलग जिले से आई आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं ने रांची में विशाल सम्मेलन कर अपनी पुरानी लंबित मांगों को पूरा करने की हुंकार भरी। झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी कर्मचारी सभा के बैनर तले कार्निवाल हॉल में आयोजित विशाल सम्मेलन में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भी भाग लिया।

राज्य के अलग-अलग जिलों से आई आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं की ओर से झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी कर्मचारी सभा की महासचिव सुंदरी तिर्की ने कहा कि वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार ने आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं का मानदेय जरूर बढ़ाया है। लेकिन जो मूल मांग है, उस पर ना पूर्व की सरकार ने कोई फैसला लिया था और ना ही वर्तमान सरकार ने। सुंदरी तिर्की ने कहा कि राज्य के भविष्य यानी हमारी अगली पीढ़ी को कुपोषण के मकड़जाल से निकालने में जो सेविका-सहायिका दीदी लगीं हैं, उनका और उनके परिवार का भविष्य अंधकारमय हो, यह ठीक नहीं।

### यह है मुख्य मांग

सुंदरी तिर्की ने कहा कि हमारी पहली मांग है कि राज्य भर की आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका को सरकार राज्य कर्मी का दर्जा दे। सेविका को प्रारंभिक शिक्षिका का और सहायिका को चतुर्थश्रेणी कर्मी का दर्जा सरकार दे। इसके साथ-साथ अनुकंपा पर दी जाने वाली नौकरी के लिए जो प्रावधान सेविका-सहायिका के लिए तय किया गया है, उसे और सरल बनाएं। केंद्र सरकार से मिलने वाली सहायता राशि के लिए राज्य सरकार अपने स्तर से पहल करे। साथ ही पोषाहार की राशि की खरीद बाजार मूल्य पर करने की अनुमति सरकार दे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/12/2023-24

डी०एम०एफ०टी० मद अंतर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-Procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप. सं. | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गिद्धौर | पंचायत–गिद्धौर, ग्राम–मंझगांवाँ में गड़के नदी पुल से सरहेता स्कूल तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 62,48,600.00 | 1,25,000.00 | 10000.00 | 06 माह |
| 2 | पत्थलगडडा | पंचायत–सिंघानी, ग्राम–पत्थलगडडा में सिंघानी मुख्य द्वारा से छात्रावास तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 22,64,200.00 | 45,500.00 | 5000.00 | 03 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –18.08.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –24.08.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति को जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 25.08.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 26.08.2023 के अपराह्न 02:00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. ई–निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम से निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा के पदनाम से भुगतेय होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
10. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा

PR 304363 Rural Development (23-24)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल,रामगढ़

रामगढ़ थाना के सामने, गांधीचौक, रामगढ़ कैन्ट, जिला–रामगढ़,झारखण्ड– 829122

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 01वर्ष 2023–24

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | दिनांक 17.08.2023 को कार्यालय अवधि में। |
| 3. | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 18.08.2023 को 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 18.08.2023 को 03.30 बजे अपराह्न से। |
| 5. | परिमाण विपत्र की बिक्री की स्थान | 1. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। 2. कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 6. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, रामगढ़। |

7. कार्य की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र० सं० | अंचल का नाम | प्रमण्डल का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हजारीबाग | रामगढ़ | Clearing, Strripping excess soil and surface drain in Patratu to Saunda 'D' Road and Saunda 'D' to Urimari Road under Vivekadhin Head for the year 2023-24 | 2.45100 | 5000/- | 500/- | 07(सात) दिन |
| 2 | | | Clearing, Strripping excess soil and surface drain in Kujju to Ghato Road and Naisarai to Giddi 'A' Road under Vivekadhin Head for the year 2023-24 | 2.45900 | 5000/- | 500/- | 07(सात) दिन |

➢ निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।

1. प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।
2. कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग का निबन्धन प्रमाण–पत्र, GSTIN से संबंधित प्रमाण–पत्र की सुस्पष्ट छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
3. PWD कोड में संशोधन के फलस्वरूप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि०पथ प्रमण्डल,रामगढ़

PR 304351 Road(23-24).D

# महंगाई का दंश

आम आदमी की थाली का टमाटर इतना खास हो गया है कि उसने रिजर्व बैंक के गवर्नर को भी चिंता में डाल दिया है। मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद गवर्नर शक्तिकांत दास ने अपनी प्रेस कांफ्रेंस में महंगाई को सबसे बड़ी चुनौती बताया है। गवर्नर ने कहा है कि इस साल महंगाई डायन का मुंह और बड़ा होने वाला है. इसका सबसे ज्यादा असर आम आदमी पर ही पड़ेगा। गवर्नर ने चालू वितवर्ष 2023-24 के लिए खुदरा महंगाई का अनुमान भी बढ़ा दिया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को साफ कहा है कि चालू वित्तवर्ष में महंगाई की दर पिछले अनुमान से 0.30 फीसदी ज्यादा रह सकती है। इससे पहले जून की एमपीसी बैठक में खुदरा महंगाई की दर का अनुमान 5.1 फीसदी रहने का था, जो अगस्त की बैठक में बढ़ाकर 5.40 कर दिया गया है। गवर्नर ने कहा है कि चालू वित्तवर्ष में महंगाई दर हमारे लक्ष्य से काफी ज्यादा रहने का अनुमान है, जो सबसे बड़ी चुनौती है। गवर्नर ने कहा कि पहली तिमाही में ही खुदरा महंगाई दर 5 फीसदी से ज्यादा रहने का अनुमान है.रिजर्व बैंक गवर्नर ने कहा है कि खुदरा महंगाई की दर जुलाई-सितंबर तिमाही में बढ़कर एफडी से भी ज्यादा हो जाएगी। पहले इसका अनुमान 5.2 फीसदी लगाया गया था जो इस बार बढ़कर 6.2 फीसदी हो गया है. यानी चालू तिमाही में सिर्फ जुलाई से सितंबर तक ही खुदरा महंगाई बढ़कर 6 फीसदी से ज्यादा पहुंच जाएगी। 2024 में देश का चुनावी वर्ष है और इसमें महंगाई का बढ़ना सत्ताधारी दल के लिये एक बड़ा दंश होगा। देश की कृषि नीति कुछ ऐसी बनी है जिसमें महंगाई नियंत्रण के नाम पर बफर स्टॉक और जन वितरण प्रणाली का त्वरित क्रियान्वयन ही सरकार के हाथ में है। केन्द्र और राज्य की राजनीति में यह भी निष्प्रभावी हो जाता है।

# झूठ का बाजार

लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी प्रति जबरदस्त तरीके से निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बार-बार कांग्रेस एक फेल प्रोजेक्ट को लॉन्च करने की कोशिश करती है। वर्षों से वे बार-बार एक असफल उत्पाद लॉन्च करते रहे हैं। हर बार लॉन्चिंग फेल हो जाती है। देश की जनता कह रही है, ये है लूट की दुकान, झूठ का बाजार। मोदी ने कहा कि कांग्रेस को परिवारवाद पसंद है, कांग्रेस को दरबारवाद पसंद है। जहां बड़े लोग, उनके बेटे-बेटियां भी बड़े पदों पर काबिज हों। यही उनकी कार्यशैली रही है। उन्होंने कहा कि कल यहां दिल से बात करने की बात भी कहीं गई थी। उनके दिमाग के हाल को तो देश लंबे समय से जानता है। लेकिन अब उनके दिल का पता भी चल गया। उनका 'मोदी प्रेम' इतना प्रबल है कि उन्हें सपने में भी मोदी दिखते हैं। अगर मोदी भाषण देते वक्त पानी पी लें तो कहते हैं 'मोदी को पानी पिला दिया'। जब मैं चिलचिलाती धूप में गरीबों से मिलने जाता हूं तो अपना पसीना पोंछ लेता हूं, तो वे कहते हैं 'देखिए मोदी को पसीना ला दिया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि कभी इनके जन्मदिन पर हवाई जहाज में केक काटे जाते थे। आज उस हवाई जहाज में गरीब के लिए वैक्सीन जाती है। कभी ड्राईक्लीन के लिए कपड़े हवाई जहाज से आते थे, आज देश का गरीब हवाई जहाज में उड़ रहा है। लंका हनुमान ने नहीं जलाई, उनके (रावण) घमंड ने जलाई। जनता भी भगवान राम का रूप है, इसलिए 400 से 40 (कांग्रेस के सांसद) हो गए हैं। उन्होंने कहा कि जनता ने दो बार पूर्ण बहुमत की सरकार चुनी लेकिन आपको तकलीफ हो रही है कि एक गरीब आदमी यहां कैसे बैठा है और यह आपको सोने नहीं दे रहा है और देश की जनता आपको 2024 में भी सोने नहीं देगी।

# अदिवासी समाज की प्रेरणा ही प्रकृति का संरक्षण



**आदिवासी** समाज प्राकृतिक संसाधनों जल, जंगल और जमीन को बचाने में विश्वास रखता है। आज भी वह इन बातों की चिंता करता है। विश्वभर में आधुनिकीकरण और औद्योगिकीकरण के चलते प्रकृति के साथ बड़े पैमाने पर खिलवाड़ हो रहा है। प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन और प्रकृति के साथ निर्मम खिलवाड़ का ही नतीजा है कि पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ने के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर तो प्रतिकूल प्रभाव पड़ ही रहा है, जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियां भी लुप्त हो रही हैं।

विश्वभर में मौसम चक्र में निरन्तर आते बदलाव और बिगड़ते पर्यावरणीय संतुलन के कारण पेड़-पौधों की अनेक प्रजातियों के अलावा जीव-जंतुओं की कई प्रजातियों के अस्तित्व पर भी अब संकट के बादल मंडरा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता परिषद, ह्यइंटरगवर्नमेंटल साइंस-पॉलिसी प्लेटफॉर्म ऑन बायोडायवर्सिटी एंड इकोसिस्टम सर्विसेजह्ल (आइपीबीईएस) द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में करीब 10 लाख प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा है क्योंकि जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं, जिससे दुनियाभर के लोगों के स्वास्थ्य और उनकी जीवन की गुणवत्ता को नुकसान पहुंच रहा है। मौसम के तेजी से बिगड़ते मिजाज का ही असर है कि इन दिनों अपेक्षाकृत ठंडे रहने वाले यूरोप और अमेरिका जैसे इलाके भी ग्लोबल वार्मिंग के कारण बुरी तरह तप रहे हैं। उत्तरी ध्रुव से लेकर यूरोप, एशिया, अफ्रीका, हर कहीं जलवायु परिवर्तन के खौफनाक दुष्परिणाम नजर आ रहे हैं। कहीं ठंडे इलाके भी भीषण गर्मी से झुलस रहे हैं तो कहीं सूखे इलाके बाढ़ से त्राहि-त्राहि कर रहे हैं, जंगल झुलस रहे हैं।

शोधकर्ताओं का कहना है कि इंसानी गतिविधियों के कारण हो रहे जलवायु परिवर्तन की वजह से पृथ्वी का तापमान पूर्व-औद्योगिक काल की तुलना में इस सदी के अंत तक 2.7 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है, जिससे विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी प्रजातियों के लिए 10 गुना खतरा बढ़ जाएगा। पर्यावरण के इस तेजी से बदलते दौर में भली-भांति यह समझ लेना होगा कि जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने का सीधा असर समस्त मानव सभ्यता पर पड़ना अवश्वम्भावी है।

प्रदूषित हो रहे पर्यावरण के आज जो भयावह खतरे हमारे सामने आ रहे हैं, उनसे शायद ही कोई अनभिज्ञ हो और हमें यह स्वीकार करने से भी गुरेज नहीं करना चाहिए कि इन समस्याओं के लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार हम स्वयं भी हैं। प्रकृति के तीन प्रमुख तत्व हैं जल, जंगल और जमीन, जिनके बगैर प्रकृति अधूरी है और यह विड़म्बना ही है कि प्रकृति के इन तीनों ही तत्वों का इस कदर दोहन किया जा रहा है कि प्रकृति का संतुलन डगमगाने लगा है, जिसकी परिणति अब अक्सर भयावह प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने आने लगी है। प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए जल, जंगल, वन्य जीव और वनस्पति, इन सभी का संरक्षण अत्यावश्यक है।

दुनियाभर में पानी की कमी के गहराते संकट की बात हो या ग्लोबल वार्मिंग के चलते धरती के तपने की अथवा धरती से एक-एक कर वनस्पतियों या जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने की, इस तरह की समस्याओं के लिए केवल सरकारों का मुंह ताकते रहने से ही हमें कुछ हासिल नहीं होगा बल्कि प्रकृति संरक्षण के लिए हम सबको भी अपने-अपने स्तर पर अपना योगदान देना होगा।

प्रकृति के साथ बड़े पैमाने पर दुनियाभर में जो छेड़छाड़ हो रही है, उसी का नतीजा है कि पिछले कुछ समय में भयानक तूफानों, बाढ़, सूखा, भूकम्प जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सिलसिला तेजी से बढ़ा है। पर्यावरण संतुलन डगमगाने के चलते लोग अब तरह-तरह की भयानक बीमारियों के जाल में फंस रहे हैं, उनकी प्रजनन क्षमता पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है, उनकी कार्यक्षमता भी इससे प्रभावित हो रही है। कैंसर, हृदय रोग, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, फेफड़ों का संक्रमण, न्यूमोनिया, लकवा इत्यादि के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और लोगों की कमाई का बड़ा हिस्सा इन बीमारियों के इलाज पर ही खर्च हो जाता है। जब भी कोई बड़ी प्राकृतिक आपदा सामने आती है तो हम प्रकृति को कोसना शुरू कर देते हैं लेकिन हम नहीं समझना चाहते कि प्रकृति तो रह-रहकर अपना रौद्र रूप दिखाकर हमें सचेत करने का प्रयास करती रही है कि यदि हम अभी भी नहीं संभले और हमने प्रकृति से साथ खिलवाड़ बंद नहीं किया तो हमें आने वाले समय में इसके खतरनाक परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। प्रकृति हमारी मां के समान है, जो हमें अपने प्राकृतिक खजाने से ढ़ेरों बहुमूल्य चीजें प्रदान करती है लेकिन अपने निहित स्वार्थों के चलते हम यदि प्रकृति के साथ निर्मम खिलवाड़ बंद नहीं करते तो फिर भला प्राकृतिक तबाही के लिए प्रकृति को कैसे दोषी ठहरा सकते हैं।

मानवीय क्रियाकलापों के ही कारण वायुमंडल में कार्बन मोनोक्साइड, नाइट्रोजन, ओजोन तथा पार्टिक्यूलेट मैटर के प्रदूषण का मिश्रण इतना बढ़ गया है कि हमें वातावरण में इन्हीं प्रदूषित तत्वों की मौजूदगी के कारण सांस की बीमारियों के साथ-साथ टीबी, कैंसर जैसी कई और असाध्य बीमारियां जकड़ने लगी हैं। पैट्रोल, डीजल से पैदा होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड और ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को बेहद खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं लेकिन विकास के नाम पर एक ही झटके में हजारों पेड़ों का सफाया कर दिया जाता है।

पर्यावरणीय असंतुलन के बढ़ते खतरों के मद्देनजर हमें स्वयं विचार करना होगा कि हम अपने स्तर पर प्रकृति संरक्षण के लिए क्या योगदान दे सकते हैं। हमें अपनी इस सोच को बदलना होगा कि यदि सामने वाला व्यक्ति कुछ नहीं कर रहा तो मैं ही क्यों करूं? हर बात के लिए सरकार से अपेक्षाएं करना ठीक नहीं। सरकारों का काम है किसी भी चीज के लिए कानून या नियम बनाना और जन-जागरूकता पैदा करना।



- योगेश गोयल

> जलवायु परिवर्तन की वजह से पृथ्वी का तापमान पूर्व-औद्योगिक काल की तुलना में इस सदी के अंत तक 2.7 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है, जिससे विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी प्रजातियों के लिए 10 गुना खतरा बढ़ जाएगा। पर्यावरण के इस तेजी से बदलते दौर में भली-भांति यह समझ लेना होगा कि जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने का सीधा असर समस्त मानव सभ्यता पर पड़ना अवश्यंभावी है।


## खास बात

### बुआई का रकबा बढ़ा

**इस** सप्ताह खरीफ फसलों की बोआई में सुधार देखा गया। पिछले सप्ताह तक 0.30 फीसदी की मामूली गिरावट दर्ज करने वाली खरीफ फसलों के रकबा में इस सप्ताह बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसकी वजह दलहन फसलों की बोआई में आ रही गिरावट में कमी आना है। तिलहन, मोटे अनाज, धान व गन्ने की बोआई में इजाफा हुआ है, जबकि कपास का रकबा मामूली घटा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 4 अगस्त को समाप्त सप्ताह तक 915.46 लाख हेक्टेयर में खरीफ फसलों की बोआई हो चुकी है, जो पिछली समान अवधि के 911.68 लाख हेक्टेयर से 0.42 फीसदी ज्यादा है। खरीफ सीजन की सबसे बड़ी फसल धान की बोआई 3.38 फीसदी बढ़कर 283 लाख हेक्टेयर दर्ज की गई। गन्ने का रकबा 2.55 फीसदी बढ़कर 56.06 लाख हेक्टेयर,जबकि कपास का रकबा 1.43 फीसदी गिरकर 119.21 लाख हेक्टेयर रहा। इस सप्ताह तक 106.88 लाख हेक्टेयर में दलहन फसलों की बोआई हो चुकी है, जो पिछली समान अवधि की बोआई 117.87 लाख हेक्टेयर से 9.32 फीसदी कम है। अरहर का रकबा 7.88 फीसदी घटकर 37.88 लाख हेक्टेयर, मूंग का रकबा 8.21 फीसदी घटकर 28.89 लाख हेक्टेयर और उड़द का रकबा 13.79 फीसदी घटकर 28 लाख हेक्टेयर रहा। 4 अगस्त तक 179.56 लाख हेक्टेयर में तिलहन फसलों की बोआई हो चुकी है, जो पिछली समान अवधि की 175.10 लाख हेक्टेयर में हुई बोआई से 2.55 फीसदी ज्यादा है। खरीफ सीजन की प्रमुख तिलहन फसल सोयाबीन का रकबा 4 फीसदी बढ़कर 122.39 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया। खरीफ सीजन की दूसरी प्रमुख तिलहन फसल मूंगफली का रकबा 0.28 फीसदी घटकर 41.14 लाख हेक्टेयर रह गया। तिल का रकबा 1.11 फीसदी गिरावट के साथ 11.04 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया। चालू खरीफ सीजन में अब तक 164.20 लाख हेक्टेयर में मोटे अनाज की बोआई हो चुकी है, जो पिछली समान अवधि में 162.43 लाख हेक्टेयर में हुई बोआई से एक फीसदी अधिक है। बाजरा का रकबा करीब एक फीसदी बढ़कर 66.59 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया।

# जीवन अमूल्य निधि

## धर्म-प्रवाह



**श्रीराम शर्मा आचार्य**

मनुष्य जीवन जैसी अमूल्य निधि फिर मिलेगी इसकी कोई निश्चित सुविधा नहीं हैं। इसी जीवन में दिन रहते कुछ काम बना लिया जाए, इसी में बुद्धिमानी है। पचास-साठ अथवा सौ वर्ष के जीवन को कामनाओं की पूर्ति में ही लगाए रखा जाए तो उसमें मानव जीवन की क्या सफलता, शक्तियों का क्या सदुपयोग रहा। भोग-वासनाएं दुःख का कारण मानी गई हैं। अन्य जन्मों में उनके दुष्परिणाम होते हों या न होते हों, इसे चाहे कोई माने या न माने, पर वासनाएँ इसी जीवन में मनुष्य को तंग करती हैं, अतः इन्हें कदापि उचित नहीं ठहराया जा सकता। यह बात बहुत गहराई तक विचार लेनी चाहिए। एक बार अवसर निकल जाने के बाद में फिर पछतावा ही शेष रहता है। बुद्धिमान लोग समय रहते ही अपने लक्ष्य को पूरा करने का प्रयास करते हैं।

ईश्वर सब जगह विद्यमान है। उसे ढूंढ़ने में कठिनाई नहीं, कठिनाई तो सिर्फ अपना अंहकार मारने में है। अपने आपको साध लिया जाए, व्रत, संयम और तपश्चर्या की आग में अपना अंहकार विगलित कर दिया जाय तो सर्वत्र ईश्वर-ही-ईश्वर दिखाई देने लगता है। जब तक मन में मैल है, ईश्वर का प्रकाश कैसे दिखाई देगा ? जब तक अपने स्वार्थ से ही छुटकारा नहीं मिलता, तब तक परमात्मा की याद कैसे आ सकती है ? इस संसार में पाने के लिए पहले अपना सब कुछ खोना पड़ता है।

**विपक्ष** जब 2028 में एक बार फिर अविश्वास प्रस्ताव लेकर आएगा, तब तक हमारा देश विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति होगा।

**- अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

## रोचक ट्वीट

**जन्मदिन** के अवसर पर आदरणीय माँ-बाबा से आशीर्वाद लिया।

जन्मदिन के अवसर पर देश और राज्य के कोने-कोने से कई लोगों के शुभकामना संदेश आ रहे हैं। आप सभी के इस अपार स्नेह, प्यार और आशीर्वाद से अभिभूत हूं। **- हेमंत सोरेन**





**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन जी को जन्म दिन की हार्दिक शुभकामना। वे सदैव स्वस्थ्य रहें और बेहतर जीवन की जियें।

**-नरेन्द्र मोदी**

# जो लाते हैं उदास चेहरों पर मुस्कान

**आरके सिन्हा**

**मणिपुर** से लेकर मेवात तक से हिंसा और अशांति की खबरों के बीच एक उम्मीद अवश्य जागती है कि हमारे यहां किसी कारण से कष्ट में आ गए लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाने वाले फरिश्तों की भी कोई कमी नहीं है। बाढ़, भूकंप या किसी महामारी के समय कुछ फरिश्ते उम्मीद बनकर सामने आ ही जाते हैं। मेवात में दंगा भड़काने वालों के खिलाफ तो कड़ी कार्रवाई करनी ही होगी, पर दंगों की चपेट में आए लोगों के इलाज और भोजन की व्यवस्था करने में राजधानी के शहीद भगत सिंह सेवा दल, दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी समेत कई सामाजिक संस्थानों के वालंटियर सामने आए। उन्होंने दंगा प्रभावित लोगों को भोजन से लेकर दवाइयां तक उपलब्ध करवाईं। याद रखिए, यह जो समाज सेवा का जज्बा है, ये सब में तो नहीं होता। समाज सेवा में कोई धन तो नहीं मिलता। बल्कि, घर से ही जाता है पर इंसान अपने को भीड़ से अलग तो कर ही लेता है।

देश प्रेम की भावना से ओत-प्रोत फिल्में बनाने निमार्ता, निर्देशक और एक्टर मनोज कुमार कभी-कभी सुनाते हैं कि किस तरह जब उनका परिवार देश विभाजन के बाद बुरी स्थिति में दिल्ली आया तो सेंट स्टीफंस अस्पताल के डाक्टरों ने उनके परिवार के बुजुर्ग सदस्यों का पूरे मन से इलाज किया और उन्हें सेहतमंद किया। सेंट स्टीफंस अस्पताल को उसी दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने स्थापित किया था जिससे गांधीजी के परम सहयोगी दीनबंधु सीएफ एंड्यूज जुड़े हुए थे। प्रोटेस्टेंट ईसाइयों की संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी का लक्ष्य धर्मांतरण कभी नहीं रहा। धर्मांतरण ज्यादातर कैथोलिक मिशनरी करवाते हैं।

## सामयिक

बहरहाल, देश के 1947 में विभाजन के बाद बड़ी संख्या में शरणार्थी दिल्ली आए तो उन्हें हर तरह की मदद दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने दी। अपने परिसर में शरणार्थी हिंदुओं और सिखों को छत दी। हाल ही में दिल्ली में बाढ़ आई तब भी इसके वालंटियर बाढ़ प्रभावित परिवारों को भोजन और दवा बांटते रहे।

मैं पिछले दिनों आगरा में गया था। वहां पर रोटरी क्लब के कुछ सदस्यों से मिला। जानकार बहुत संतोष हुआ कि वे आगरा और आसपास के नौजवानों को वोकेशनल ट्रेनिंग दिलवाने के साथ-साथ लड़कियों को साइकिलें भी दे रहे हैं ताकि वे आराम से अपने स्कूलों में आ-जा सकें। इसके अलावा वे रक्तदान शिविर आयोजित करते है। यकीन मानिए कि मुझे रोटरी क्लब के मेंबर्स के बीच में जाकर गर्व होता है। सारे संसार में रोटरी क्लब के सदस्य सोशल सर्विस में बढ़-चढ़कर एक्टिव हैं। ये सिलसिला बीते कई दशकों से चल रहा है। रोटरी क्लब में बिजनेस की दुनिया से संबंध रखने वालों की भरमार है। ये मुख्य रूप से दो तरह के काम कर रहे हैं। पहला, ये नौकरी के अवसर पैदा कर रहे हैं। दूसरा, यह किसी दुखी इंसान के चेहरे में मुस्कान लाने की कोशिश करते हैं। सच में, मैं तो इन्हें ईश्वर का दूत ही मानता हूं। वर्ना आज के दिन कौन किसके आंसू पोंछता है। मैं बिजनेस और इंडस्ट्री की गतिविधियों को भी फॉलो करता हूं। इसलिए मैं कह सकता हूं कि बिजनेस करना कोई बच्चों का खेल नहीं है। तमाम तरह की अड़चनों को पार करके आप बिजनेस करते हैं और फिर टैक्स देते हैं। यह सब करने के बाद समाज सेवा के प्रति प्रतिबद्धता का होना बहुत बड़ी बात है। मैं दिल्ली में पृथ्वीराज रोड से गुजरते हुए दो शख्सियतों के घरों को देखकर कुछ पलों के लिए ठहर जाता हूं या मेरी नजरें झुक जाती हैं। मैं बात कर रहा हूं बाबा साहेब आंबेडकर और जेआरडी टाटा के घरों की। ये दोनों महान विभूतियां पृथ्वीराज रोड पर अलग-अलग समय में रहीं। दोनों ने हमारे देश को बेहतर बनाने में अपना ठोस रोल निभाया। जेआरडी टाटा ने टाटा समूह को

## कार्टून वर्ल्ड




साभार : कॉर्टून मूवमेंट डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### प्रौद्योगिकी का प्रयोग

**नियामक** ढांचे के अनुरूप इन उभरती प्रौद्योगिकियों के साइबर सुरक्षा वर्टिकल पर एक केंद्रित अनुसंधान और विकास दृष्टिकोण साइबर-सुरक्षित इको सिस्टम बनाने और हर स्तर पर इन प्रौद्योगिकियों को अपनाने को बढ़ावा देने में काफी मदद करेगा। असली उद्देश्य समाज को उभरते खतरों से सुरक्षित रखते हुए इन पथ प्रदर्शक प्रौद्योगिकियों की विशाल संभावना है। **- रमाशंकर, सिंह रांची**

### शिक्षा में सुधार

**विश्वविद्यालयी**-व्यावसायिक शिक्षा भी सुधार मांग रही है। हमारे प्रमुख विश्वविद्यालय पिछड़ते जा रहे हैं-कलकत्ता विश्वविद्यालय और इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने कभी नोबेल पुरस्कार विजेता और प्रधानमंत्री दिए हैं। अब वे विश्व रैंकिंग में 400 से नीचे हैं। भारत अब बदल चुका है और बेहतर शिक्षा की मांग कर रहा है। निश्चित ही इस दिशा में ठोस कार्य की जरूरत है। **- प्रकाश सिंह, रातू**

# योगी आदित्यनाथ के नगरीय विकास का ऐतिहासिक प्रयास

**डॉ दिलीप अग्निहोत्री**

**योगी** सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी नगरों के विकास के लिए भगीरथ प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने नगर विकास विभाग की विभिन्न विकास योजनाओं संबंधी प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया है। आकांक्षी नगर योजना के अंतर्गत सोलह इन्डीकेटर तय किए गए हैं। अब तो गरीब कन्याओं की शादी व अन्य मांगलिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनों के लिए नगर विकास विभाग द्वारा कल्याण मण्डपम बनवाये जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश मातृभूमि योजना से इन्हें जोड़ा जा रहा है। इन कल्याण मण्डपम के निर्माण में विधायक निधि का भी उपयोग किया जाएगा। शहरी क्षेत्र के धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों में मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जाएगा। शहरी क्षेत्र में ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने के लिए कार्यों को व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा। शहरों में निराश्रित और लावारिस पशुओं का व्यवस्थित पुनर्वास पर भी ध्यान देना आवश्यक है। उत्तर प्रदेश उड्डयन क्षेत्र में नई पहचान बनकर उभरा है। इस क्षेत्र में छह साल बेमिसाल हैं।अनेक योजनाए प्रगति पर हैं। योगी आदित्यनाथ ने नागरिक उड्डयन विभाग के अधिकारियों को निर्धारित समय में योजनाओं को पूरा करने के निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि दिव्य और भव्य कुम्भ से पूर्व प्रयागराज एयरपोर्ट की क्षमता व नागरिक सुविधाओं में विस्तार किया जाए।

## विकास

प्रदेश में हेलीकॉप्टर की सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। गोरखपुर एयरपोर्ट का त्रिपक्षीय सर्वे जुलाई में पूर्ण हो चुका है। इसका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ किया जाएगा। प्रदेश में तीन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, सत्रह हवाई पट्टियां हैं। आठ हवाई पट्टियां भारतीय वायु सेना के अंतर्गत हैं। जनपद श्रावस्ती, आजमगढ़, चित्रकूट, अलीगढ़ में राज्य सरकार द्वारा कराए जा रहे सिविल कार्य पूर्ण हो चुके हैं। छह साल में प्रदेश में हवाई माध्यम से माल ढुलाई में चार गुना वृद्धि हुई है। एयर ट्रैफिक में करीब दोगुनी वृद्धि हुई। हवाई उड़ानों के साथ-साथ यात्रियों की संख्या में भी काफी वृद्धि हुई है।

नगर विकास के क्रम में मंत्रिमंडल ने अयोध्या शहर को मॉडल सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की योजना दिव्य है। यहां चालीस मेगावॉट की सोलर विद्युत उत्पादन परियोजना स्थापित की जाएगी। सरयू नदी के निकट चिह्नित भूमि पर इस सौर ऊर्जा परियोजना की स्थापना हेतु एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लि. को नामित किया जाना प्रस्तावित है। परियोजना की स्थापना हो जाने से प्रतिवर्ष सस्ती दर पर सत्तर मिलियन यूनिट से अधिक हरित ऊर्जा का उत्पादन होगा, जिसे अयोध्या की मांग की पूर्ति के लिए ग्रिड में फीड किया जाएगा। प्रदेश में सौर ऊर्जा परियोजनाओं/जैव ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना के लिए भूमि की उपलब्धता सम्बन्धी प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। निवेशकों को शासकीय भूमि उपलब्ध कराने में सुगमता के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। निवेशकों के साथ यूपीनेडा द्वारा लीज डीड हस्ताक्षरित की जाएगी। मंत्रिमंडल द्वारा बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के गठन के लिए भूमि क्रय, औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार तथा अन्य औद्योगिक विकास प्राधिकरणों को भूमि क्रय के लिए ऋण के मद में आवंटित आठ हजार करोड़ रुपये की कार्ययोजना का प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है। भूमि क्रय एवं भूमि विकास के कार्यों का अनुमोदन अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जायेगा।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## जंगली हाथियों ने तोड़ा स्कूल का दरवाजा-खिड़की

**सिकिदिरी।** जंगली हाथियों ने बुधवार की रात करीब दो बजे कुच्चू पंचायत के उत्क्रमीत प्राथमिक विद्यालय हुंडरू जारा में धावा बोलकर स्कूल के छह दरवाजे और दो खिड़कियों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। हाथियों ने कार्यालय का दरवाजा तोड़कर वहां रखे सभी दस्तावेज को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथियों ने कक्षा में रखे एमडीएम के चावल, दाल, आलू, प्याज व मसाले को नष्ट कर दिया। प्रधान शिक्षक पुशुमन बेदिया ने बताया कि क्षेत्र में हाथियों का उत्पात बढ़ता जा रहा है। स्कूल के कार्यालय को हाथियों ने अधिक नुकसान पहुंचाया है।

## सोनाहातू में मेधा प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**सोनाहातू।** गूंज परिवार के तत्वाधान में शुक्रवार 11 अगस्त को प्रखंड के माही वेंकेट हॉल में मेधा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह में प्रखंड के इंटर ओर मैट्रिक परीक्षा 2023 के टॉपर सहित सभी श्रेणी में उतीर्ण विद्यार्थियों को विधायक सुदेश महतो सम्मानित करेंगे। समारोह में पंचायत के जनप्रतिनिधि अभिभावक ग्रामप्रधान बुद्धिजीवी शिक्षाविद चूल्हा प्रमुख स्कूल के प्रधानाध्यापक आदि मौजूद रहेंगे।

## नल जल योजना में अनियमितता की शिकायत

**अड़की।** प्रखंड प्रमुख ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार के प्रधान सचिव को अनियमितता के संबंध में ज्ञापन सौंपा। अड़की प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायत के गांव में नल जल योजना के तहत पाईप लाइन जलापूर्ति हेतु चला रहे निर्माण कार्य का प्राक्कलन के अनुसार कार्य नहीं करने और कार्यस्थल पर सूचना पट्ट नही लगाने का भी आरोप लगाया। अड़की प्रखंड प्रमुख द्वारा स्वयं जांच करने के उपरांत जुलाई पत्रांक 44 के माध्यम से कार्यपालक अभियंता पेयजल स्वच्छता विभाग खूंटी को पत्र देकर जांच की मांग किया गया था। एक माह बीत जाने के बाद भी किसी प्रकार का कार्रवाई नहीं होने पर प्रमुख द्वारा प्रधान सचिव को पत्र लिखा गया।

## प्रमुख शिवचरण जयंती कार्यक्रम आज

**ओरमांझी।** स्व शिवचरण करमाली न्यास समिति मनातू ओरमांझी द्वारा शुक्रवार को पूर्व प्रमुख स्व. शिवचरण करमाली के पैतृक गांव मनातू में जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। न्यास समिति के मोहित करमाली ने इसकी जानकारी देते हुए बताया 25 दिसंबर 2021 को उनकी पैतृक गांव मनातू में स्व. शिवचरण करमाली की प्रतिमा स्थापित किया गया है। प्रत्येक वर्ष उनकी जयंती और पुण्यतिथि मनाई जाती है। क्षेत्र के समाजिक प्रबुद्ध लोगों से सुबह 11 बजे कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

## गैर जमानती वारंटी गिरफ्तार, जेल

**खलारी।** मैकलुस्कीगंज पुलिस ने मायापुर पश्चायत के दुली निवासी महेंद्र यादव पिता भोला यादव थाना मैकलुस्कीगंज रांची को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार महेंद्र यादव पर 47ऐ कंप्लेन केश था। जो न्यालय में चल रहा है।मैकलुस्कीगंज थाना को इनके विरुद्ध गैर जमानती वारंट प्राप्त था।

## बीडीओ ने नावाडीह पंचायत में किये बूथ वेरीफिकेशन

**राहे।** बीडीओ हारून रशीद ने राहे प्रखंड के नावाडीह पंचायत के कोटॉंगदाग ओर नावाडीह पहुंच कर बूथ में जाकर होम टू रोलए पन्ना वेरीफिकेशन और मतदाता सूची वेरिफिकेशन कार्य का निरीक्षण किये। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों ने बात कर नये मतदाता को सूची में नाम जोड़ने को कहा तथा कोई भी मतदाता छूटनी नही चाहिये इसका गारंटी करने को कहा। मौके प्रखंड और पंचायत के कई कर्मचारी साथ थे।

पहले बाइक सवार ने मारी ठोकर, सड़क पर गिरे तो बोलेरो ने कुचला

# ओरमांझी में बोलेरो ने दंपती को कुचला, पति की मौत, पत्नी गंभीर



मृतक चंद्रमोहन की फाइल फोटो।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** ओरमांझी कुच्चू पथ एक बोयलों ने बाइक सवार पति-पत्नी को कुचल दिया। जिससे थाना क्षेत्र के मायापुर निवासी पति चंद्रमोहन महतो की मौत हो गई। वहीं पत्नी मंजू देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसका उपचार रिम्स में चल रहा है। गुरुवार को लगभग 12 बजे के करीब हुई दुर्घटना के संबंध में बताया गया कि मायापुर निवासी चंद्रमोहन महतो 35 वर्ष अपनी पत्नी मंजू देवी 28 वर्ष को बाइक जेएच01ईडब्लयू पर बैठाकर ओरमांझी जा रहा था। डहु के पास जैसे ही पहुंचा एक तेज गति से एक केटीएम बाइक में सवार युवक बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे दोनों पति पत्नी बाइक सहित सड़क पर गिर गए। तभी सड़क पर गुजर रहे एक बोलेरो ने दोनों को कुच्चल दिया। घटना के बाद सड़क पर लोगों की भीड़ लग गई। उपचार के लिए मदांता हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां से प्रथमिक उपचार के बाद रिम्स ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान चंद्रमोहन महतो की मौत हो गई। पुलिस द्वारा दुर्घटना ग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया है। बताया गया कि चंद्रमोहन महतो दीपाली व अन्य पर्व त्योहार में दीया व मुर्ति बनाता था। वहीं खेतीबारी व मजदूरी कर जीविका चलाता था। उसकी मौत से गांव में शोक की लहर है।

## बिजली-पानी के लिए छात्राओं ने रांची-टाटा सड़क जाम की



छात्राओं से जाम हटाने का अनुरोध करती बुंडू बीडीओ संध्या मुंडू।

**बुंडू।** बुंडू दक्षिणी छोटा नागपुर इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय बुंडू के 60 छात्राओं ने छात्रावास में पानी बिजली की समस्या को दूर करने और भोजन की बेहतर सुविधा की मांग को लेकर गुरुवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक रांची टाटा राष्ट्रीय मार्ग 33 को जाम किया ।यह चक्का जाम एन एच33 के एक लेन में किया गया था ।छात्राओं का मांग है कि छात्रावास में बिजली और पानी की आपूर्ति में गड़बड़ी है जिससे स्नान करने में और पठन .पाठन करने में भारी कठिनाइयों हो रही है। इसके अलावा भोजन भी मेनू पर अनुसार नहीं मिल रहा है। सड़क जाम की खबर सुनते ही अंचल अधिकारी राजेश डूंगडूंग और प्रखंड विकास पदाधिकारी संध्या मुंडू पहुंचे जाम हटाने का अनुरोध किया। सड़क जाम कर रहे छात्राओं ने अपनी मांग पर अड़े हुए थे । मांग पूरा करने का आश्वासन पर जाम हटाया गया ।उनके मांगो पर अंचल अधिकारी बुंडू ने छात्रों के मांग पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बिगड़े पानी मशीन को ठीक कराया और बिजली के कनेक्शन को भी जोड़कर नियमित आपूर्ति की व्यवस्था किया गया ।इसके अलावा भोजन को मेनू के हिसाब समुचित व्यवस्था करने के आश्वासन दिया। स्कूली छात्राओं के मांग पर शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारी आरडीडी को अवगत कराया गया।

## खेल मैदान के लिए आवंटित भूमि पर पौधरोपण का विरोध

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**अनगड़ा।** प्रखंड के हेसल गांव में बनाए जा रहे खेल मैदान में वन विभाग के द्वारा पौधा रोपण किए जाने पर पंचायत के मुखिया कविता देवी सहित पंचायत प्रतिनिधियों एव ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों के प्रति नाराजगी प्रकट की है। प्रतिनिधियों तथा ग्रामीणो ने कहा है कि ग्राम सभा की स्वीकृति के बिना खेल मैदान के लिए चिन्हित जमीन पर पेड़ लगाना उचित नहीं है। मुखिया तथा ग्रामीणो ने बताया कि उक्त भूमि जिसका खाता संख्या 305 एव प्लॉट संख्या 4201 है। रकबा दो एकड़ भूमि को भूमि सुधार उप समाहर्ता सदर अनुमंडल रांची के द्वारा कला संस्कृति एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार से को आवंटित किया गया है। उक्त जमीन पर ग्राम सभा से प्रस्ताव पारित कर तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी से स्वीकृति प्राप्त कर मनरेगा के तहत खेल मैदान का निर्माण कराया जा रहा है। जिसे वन विभाग महिलौंग के रेंजर के द्वारा खेल मैदान बनाने से रोका जा रहा है। इसको लेकर हेसल पंचायत के मुखिया सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने पिछले दिनों वन प्रमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर खेल मैदान के निर्माण में विभाग के द्वारा आ रहे बाघा को दूर करने का आग्रह किया गया है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को भी आवेदन देकर खेल मैदान बनाने में आ रहे अड़चन को दूर करने का आग्रह किया जा चुका है। बावजूद गुरुवार को वन विभाग के द्वारा पौधा रोपण किया जा रहा था। ग्रामीणों ने अधिकारियों से समाधान करने की मांग की है। वन विभाग का कहना है कि यह उनकी जमीन है।

## नावागढ़ को आदर्श आदिवासी पंचायत बनाये जाने पर हर्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**अनगड़ा।** प्रस्तावित आदिवासी आदर्श पंचायत नवागढ़ को झारखंड सरकार द्वारा आदर्श पंचायत बनाने हेतु पायलेट प्रोजेक्ट मे शामिल किया है। इसको लेकर वृहस्पतिवार को पंचायत सचिवालय नवागढ़ के सभा कक्ष में जिला परिषद अनगड़ा पूर्वी राजेन्द्र शाही मुंडा के नेतृत्व में कार्यक्रम अयोजित किया गया और इसका प्रचार प्रसार हेतु संकल्प लिया गया। जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा पंचायत प्रतिनिधियों एव ग्रामीणों को संबोधित करते हुए खुशी व्यक्त किया और कहा कि हमें गर्व महसूस हो रहा है कि मेरे गृह पंचायत को आदर्श पंचायत बनाया जाऐगा। इसका श्रेय रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षिक एवं अनुसंधान संस्थान द्वारा संचालित विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार हब के पदाधिकारियों को भी जाता है। मौके पर मुखिया भुवनेशवर बेदिया, पंसस फाल्गुनी शाहीए विवेकानंद सेवा केन्द्र अध्यक्ष संतोष बेदिया, वार्ड सदस्य गीता देवी, पूर्व वार्ड सदस्य जगू बेदियाए संजय मुंडा, रोहित शाहीए तुलसी महतो, सोनी कुमारी, हरीचरण बेदिया, धनेशवर बेदिया, जयशंकर पहान, नरेन्द्रनाथ बेदिया, जगदीश भोगता आदि सामिल थे।

## अंचल में जमीन दलालों के प्रवेश पर पाबंदी


### भू-माफिया की अब खैर नहीं, सीओ ने जारी किये आदेश

- माफिया के पर उखड़े भयभीत हैं कारोबारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** भू-माफिया की अब खैर नहीं है। गृह सचिव अविनाश कुमार के आदेश पर सीओ प्रदीप कुमार सख्त हो गये हैं। उन्होंने कार्यालय के मुख्य द्वार की दीवार पर दो पोस्टर लगवाये हैं। एक में जमीन दलालों को अंचल में प्रवेश पर पाबंदी और दूसरे में जमीन संबंधी किसी काम के लिये अधिकृत व्यक्ति से मिल कर समस्या का निदान की बात कही गयी है। श्री कुमार के फरमान से माफिया के पसीने छूट रहे हैं। कारोबारियों में भय का माहौल है। हालांकि इस पर सवाल भी खड़े किये जा रहे हैं। सीओ से चिन्हित लोगों की सूची सार्वजनिक करने की मांग की जा रही है। बताते चलेंए कि जमीन कारोबार में आपराधिक पृष्ठभूमि वालों की एंट्री से विधि.व्यवस्था की समस्या खड़ी हो गयी है। इसे लेकर सरकार की चिंता बढ़ गयी है। इसकी रोकथाम के लिये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के पुलिस प्रमुख समेत गृह और राजस्व विभाग के सचिव को कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। लेकिन क्या इससे समस्या का समाधान हो सकेगा। इस धंधे में कौन लोग संलिप्त हैं, उनकी फेहरिस्त बनाने से पहले सोशल ऑडिट की जरूरत है।

### परिभाषित हो दलाल शब्द




समाज के प्रबुद्ध नागरिकों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि पाबंदी के बाद भू–माफिया थाने और अंचल कार्यालय नहीं जायेंगे। लेकिनए सवाल यह है कि क्या कारोबार में अपराधिक गतिविधि पर अंकुश लग पायेगा। अब नामचिन्ह माफिया सीधे पदाधिकारी के संपर्क में रहेंगे। उन्होंने दलाल शब्द को परिभाषित किये जाने और व्यवसाय में अपराधियों की भूमिका को समाप्त करने की मांग की है।

एक नजर में

## 220 महिलाओं को मिला कोर कार्बन चूल्हा




महिलाओं को चूल्हा देते भाजपा के मीडिया प्रभारी राम कुमार दुबे।

ठाकुरगांव। भाजपा के मीडिया प्रभारी रामकुमार दुबे द्वारा गुरुवार को बुढ़मू प्रखंड के मक्का तथा सिदरौल गांव में महिलाओं के बीच धुआंरहित कोर कार्बन चूल्हा का वितरण किया गया। इस अवसर पर 220 महिलाओं के बीच नि:शुल्क चूल्हा बांटा गया। मौके पर रामकुमार दुबे ने कहा कि उक्त चूल्हा धुआंरहित है। इसके उपयोग से महिलाओं को धुंआ से मुक्ति मिलेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रखंड के अन्य गांवों में भी महिलाओं के बीच उक्त चूल्हा जल्द ही वितरण किया जाएगा। मौके पर मुखिया सुषमा देवी, अनूपा उरांव, पंस सदस्य सुरजन कुमार, देवलाल पाहन, राजू सिंह, बिरसा पाहन समेत अन्य मौजूद थे।

## विद्यार्थियों ने चलाया जागरूकता अभियान




अभियान में शामिल विद्यार्थी।

विश्व स्तनपान दिवस

**रातू।** बिजुलिया स्थित बुद्धा नर्सिंग कॉलेज में गुरुवार को विश्व स्तनपान दिवस पर विद्यार्थियों ने पोषक क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया। इस बीच संस्थान के बच्चों की ओर से नुक्कड़ का मंचन किया गया। ग्रामीणों ने इसे खूब सराहा। नर्सिंग की छात्राओं ने महिलाओं से मिल कर उन्हें स्तनपान के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मां का खिरसा दूध अमृत के समान है। इससे बच्चे नि:रोग रहते हैं। कॉलेज में बीएससी नर्सिंग, जीएनएम और पारा मेडिकल कोर्स कराये जाते हैं। मौके पर प्राचार्य स्टीव निशांत, निदेशक प्रियांशु कुमार, कोर्डिनेटर शाहनवाज आलम, मैनेजमेंट हेड आशीष कुमार, अबरार अंसारी, आमिर सुहैल, सोनाली कुमारी, दीपक रजक, आरपी सिंह, परमेश्वर महतो व कुंदन कुमार मौजूद थे।

## आइएचएम ने आदिवासी व्यंजन प्रतियोगिता में लिया हिस्सा

**खबर मन्त्र संवाददाता**




आईएचएम के विद्यार्थियों के प्रदर्शन का आकलन करते इंस्टीच्यूट के पदाधिकारीगण।

**मांडर।** प्रखंड के ब्राम्बे स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रांची के द्वारा विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार एवं गुरुवार को बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान सह संग्रहालय में आयोजित दो दिवसीय झारखंड आदिवासी पारंपरिक व्यंजन प्रतियोगिता में भाग लिया गया। आईएचएम रांची द्वारा झारखंड की स्थानीय मिलेट्स मडुआ आधारित व्यंजन जैसे कुकीज, केक, मडुआ मफिन्स, मडुआ वेज रैप, मडुआ चिकन रैप, मडुआ लड्डू, मडुआ ओट्स लड्डू, मडुआ गोलगप्पे एवम अन्य व्यजनों में डुम्बू, चावल की चाय, झारखंडी वेज थाली, झारखंडी नॉन वेज थाली एवं रुगड़ा स्पेशल थाली को बनाकर संस्थान के स्टॉल में प्रदर्शित किया गया तथा भ्रमण करने वाले लोगों हेतु विक्री भी की गई। भ्रमणकर्ताओं द्वारा उपभोग कर काफी प्रशंसा भी की गई। साथ हीं पीढ़ियों से चले आ रहे पारंपरिक व्यंजन आदिवासी और उनकी भूमि रीति रिवाजों, प्रकृति की प्रचुरता से प्राप्त सामग्री, खाना पकाने की तकनीकोंए प्रत्येक व्यंजन को एक अद्वितीय और प्रामाणिक स्वाद से भरपूर झारखंड के आदिवासी व्यंजनों को विपणन अवसर पर मार्केटिंग ऑफ ट्राइबल क्यूजीनस विषय पर पैनल चर्चा आयोजित की गई। आईएचएम राची के प्राचार्य डॉ॰ भूपेश कुमार द्वारा सभी को विश्व आदिवासी दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए बताया की झारखंड की स्थानीय व्यजनों में काफी विविधता है तथा सांस्कृतिक संवेदनशीलता और प्रामाणिकता सुनिश्चित करते हुए झारखंड के आदिवासी व्यंजनों को वैश्विक दर्शकों के सामने प्रदर्शित करने में सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफार्म भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने ने बताया की स्थानीय व्यंजनों को पैक्ड फूड की तरह बाजार के माध्यम से अधिक से अधिक उपभोक्ताओं में मध्य पहुंचाया जा सकता है जिससे झारखंडी व्यंजन अत्यधिक लोगों तक पहुंच भी सकेगा। साथ ही रोजगार के अनेकों अवसर भी सृजित होंगे।

## आदिवासी युवा मोर्चा ने निकाली बाइक रैली

**खलारी।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी युवा मोर्चा खलारी के बैनर तले विशाल मोटरसाइकिल जुलूस निकाला गया। मोटरसाइकिल जुलूस मैक्लुस्कीगंज के बुध बाजार से खलारी बाजारटांड़ पेट्रोल गोदाम पहुँचे। पेट्रोल गोदाम पहुँचकर वृक्षारोपण कर सरना झंडा लगाया गया। इसके बाद पुनः जुलूस खलारी केडी अम्बेडकर चौक पहुँचे। अम्बेडकर चौक पहुँचकर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर मालार्पण किया गया। अंबेडकर चौक से जुलूस महाबीर नगर के कमाती धौड़ा के सरना स्थल पर समापन किया गया। इस दौरान कमाती धौड़ा के सरना स्थल पर पूजन कर आदिवासी नायकों के नारे लगाये।

## केडीएच विस्तारीकरण को लेकर सीसीएल अधिकारी संग जन प्रतिनिधियों ने की बैठक

**खलारी।** केडीएच विस्तारीकरण को लेकर अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्या के अध्यक्षता में खलारी अंचल कार्यालय में बैठक किया गया। बैठक में एनके एरिया जीएम संजय कुमारएकेडीएच परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंहएखलारी प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गाएविश्रामपुर मुखिया दीपमाला कुमारीएभूमि व राजस्व विभाग सुनील कुमार सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में केडीएच परियोजना अंतर्गत जामुन दोहर विस्तारीकरण के लिए मुख्य रूप से चर्चा किया गया। एनके जीएम व केडीएच पीओ ने परियोजना विस्तारीकरण के लिये जामुन दोहर के रैयत विस्थापित ग्रामीणों को दूसरे जगह आश्रित देने पर सीओ के साथ गहन चर्चा किया गया। जिसमे अंचलाधिकारी ने पंचायत प्रतिनिधियों व सीसीएल अधिकारियों को बताया कि मायापुर पंचायत अंतर्गत दुल्ली ग्राम में जामुन दोहर के विस्थापितों को बसाने के लिए पर्याप्त जगह है। इस पर प्रतिनिधियों व सीसीएल अधिकारियों ने विस्थापित ग्रामीण को घरों का कागजात जल्द जमा करने का आग्रह किया गया। ताकि जामुन दोहर के ग्रामीणों को मुआवजा ससमय मिल जाये।

## खलारी : ग्रामीणों ने सीओ को सौंपा ज्ञापन

- अवैध बंदोबस्ती रद्द करने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**




सीओ को ज्ञापन सौंपते खलारी प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण।

**खलारी।** खलारी प्रखण्ड के राय पंचायत अंतर्गत झारखन्डी मंदिर पुरनीराय में जितिया जतरा टांड़ एवं शुक्रवार बजार टांड रामनवमी मेला टांडए दशकर्मा घाट पर अवैध रूप से बंदोबस्ती करा लिया गया है। इस संबंध में आजसू नेता अर्जुन महतो के नेतृत्व में राय पंचायत की मुखिया सहित पंचायत के पुरनीराय के ग्रामवासीए बम्बई होटलए गुणागड़ाए तुरहाए चुन्नाभट्टाए राय स्टेशन एवं आस पास के दर्जनों गाँव के ग्रामीणों ने अवैध बंदोबस्ती जमीन को रद्द करने के संबध में खलारी अंचलाधिकारी को दिया ज्ञापन। ग्रामीणों को बताया कि संतोष महतोए पिता लक्ष्मीनाथ महतो ने खाता न0 124ए प्लॉट नं0 2172ए जिसमें 1 एकड़ 94 डिसमील जमीन बंदोबस्त करवा लिया गया है। लखन महतो पिता स्व० माधो महतो ग्राम डुण्डूए पंचायत बमने में खाता न० 124ए प्लॉट न० 2172 में ही 2 एकड़ जमीन बंदोबस्त करवा लिया। उक्त जमीन पर बीते 70 वर्षों से जितिया जतरा मेलाए शुक्रवार बाजारए रामनवमी मेला एवं दशकर्मा घाट के उपयोग में किया जाता है उक्त गैर गैजरूआ जमीन में पुरनीराय मिडिल स्कूलए फुटबॉल मैदान एवं जल मिनार बना हुआ है।

## अच्छी शिक्षा से ही आदिवासियों का बनेगा भविष्य : देवपाल मुंडा

विश्व आदिवासी दिवस पर मांदर की थाप पर नाचे लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



विश्व आदिवासी दिवस पर मांदर बजाते लोग।

**खलारी।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर केडीएच सरना क्लब में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन सरना समिति एनके एरिया ने किया। कार्यक्रम में एनके क्षेत्र से आदिवासी युवक युवक्तियां पहुँचे। इस दौरान सरना क्लब के सरना स्थल पर पहान के द्वारा सरना माँ व प्राकृतिक पूजा उपासना किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चुरी उत्तरी पंचायत मुखिया ललिता देवी विशिष्ट अतिथि सिस्टा अध्यक्ष देवपाल मुंडा सिस्टा सचिव कन्हाई पासी मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथि देवपाल मुंडा ने कहा कि आज के दिन झारखंड नहीएभारत नहीएपूरा विश्व आदिवासी दिवस मानता है। हम अपने आदिवासी भाइयों से कहना चाहते है कि अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दे। पूर्व के दिनों में समाज से कोई पढ़ा लिखा नहीं रहता था। अच्छी शिक्षा अपनी संस्कृति देकर आने वाले आदिवासी भविष्य को बचाना है। वही कार्यक्रम में आदिवासी वेशभूषा में नृत संगीत प्रस्तुत किया गया।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर दीपक टाना भगत शुकरा उरांव अशोक उरांव अमित लकड़ा चरका पहान लालेश्वर उरांव चंदन उरांव दिनेश गंझू शिवनाथ भगत पुरन उरांव बबलू उरांव नाथूराम उरांव सुरेश गंझू राजू भारती राजेंद्र उरांव मोनिका कुमारी आशा देवी सोनी देवी प्रियंका कुजूर लालती देवी सुप्रीया कश्यप सलोनी कुमारी सृष्टि कुमारी रश्मि कुमारी खुशबू देवी बिरजू लोहार कमलेश करमाली उपस्थित थे।

## सोनाहातू में व्यवसायियों की बैठक


**सोनाहातू।** बाजारटांड़ शिव मंदिर परिसर में बाजार के व्यवसायों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बाजार की स्थिति पर चर्चा हुआ। साफ .सफाई पानी बिजली सुरक्षा ग्राहकों की सुविधा आदि विषयों पर चर्चा हुआ। बाजार की व्यवस्था को देखते हुये कमिटी बनाने का निर्णय लिया गया। सोनाहातू व्यवसायिक संघ बनाने का को लेकर सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया। अगली बैठक में कमिटी गठन का निर्णय लिया गया। मौके पर धनेश कुमार प्रकाश कुमार पवन दिनेश विजय आनंद मनीष राजकुमार लंकेश्वर रविंदर विकांत निखिल एराजू आदि मौजूद थे।

## कैंसर हॉस्पिटल कांके विस्थापित मोर्चा की बैठक



**कांके।** गुरुवार को कैंसर हॉस्पिटल विस्थापित मोर्चा कदमा कांके की बैठक कांके चौक मैं अध्यक्ष राजकुमार महतो की अध्यक्षता में हुई बैठक में उपस्थित भाजपा नेता अनिल महतो टाइगर प्रखंड उप प्रमुख अंजय बैठा लोकहित अधिकार पार्टी के नेता हरीनाथ साहू कांग्रेस नेता जमील अख्तर विधायक प्रतिनिधी प्रभात भूषण सहित कई गणमान्य ने एक स्वर में कहा कि कैंसर हॉस्पिटल प्रबंधक द्वारा विस्थापितों के साथ अन्याय किया जा रहा है। अस्पताल में चतुर्थवर्गीय पद पर एजेंसी के तहत कार्य कर रहे 10 इलेक्ट्रीशियन एवं मजदूर को प्रबंधन और एजेंसी की मिलीभगत से हटाने के उद्देश्य से विगत दिनों उड़ीसा राज्य में कार्य करने को कहा गया है सभी लोग स्थानीय हैं ऐसा कर प्रबंधन द्वारा शोषण किया जा रहा है। सभी ने कहा कि स्थानीय को वापस नहीं लिया गया तो प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन होगा।

## खलारी, बुढ़मू के झामुमो कार्यकर्ताओं ने सीएम को जन्म दिन पर दी बधाई



**खलारी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची जिला समिति द्वारा राज्य के मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन का 48 वाँ जन्मदिन मनाया गया। जन्मदिन के अवसर पर कांके विधानसभा से खलारी, कांके, बुढ़मू के कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से बुके दे का बधाई दिए। बधाई देने वालो में कांके विधान सभा प्रभारी जनक नायकए सह प्रभारी जुफेकार खान, खलारी प्रखण्ड अध्यक्ष अनिल पासवान, कांके प्रखंड अध्यक्ष जावेद अहमद, बुड़मू प्रखंड अध्यक्ष भुनेश्वर साहु, बबलू राम, शितल महतो, विश्वनाथ मुंडा, बबलु महतो फारूक अंसारी सानु यादव हनिफ अंसारी सबीबुल रहमान मो असलम झाबो लाल महतो सहित अन्य मोजूद थे।



# राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के ध्यान योग्य कदम



सोनाली भट्टाचार्या

**जनजातीय** लोगों के मध्य विधि व्यवस्था में विश्वास की पुनः स्थापना एवं विधि के नियम की प्रभावकारिता मुख्य महत्वपूर्ण तत्त्व है। एस.एल..एस.ए. को इन क्षेत्रों में गतिविधियों की खोज अवश्य करनी चाहिए। एस.एल.एस.ए. निम्नांकित कदम अवश्य उठाये -

### मुकदमेबाजी से संबंधित

उन्हें जनजातीय समुदायों से अधिवक्ताओं के एक अनन्य पैनल का गठन करना चाहिए जिनको अच्छी फीस का भुगतान किया जाना चाहिए।

जनजातीय लोगों को मुकदमेबाजी में योग्य विधिक सहायता दी जानी चाहिए एवं उपयुक्त मुकदमों में उनके पक्ष में वरिष्ठ अधिवक्ताओं को नियुक्त किया जाना चाहिए यहाँ तक कि विशेष फीस के भुगतान पर, ताकि जनजातीय लोगों के अधिकार एवं हित सुरक्षित किये जा सकें।

निर्धन जनजातीय लोगों को उनके समुदाय से बाहरी अधिवक्ताओं एवं न्यायाधीशों के भरोसे छोड़ कर न्याय पालिका हिंदी एवं अंग्रेजी में कार्य करती है। ये लोग वे हैं जिनकी न्याय तक पहुँच आवश्यक है एवं इसमे एस.एल.एस.ए. के द्वारा समर्थन दिया जाना चाहिए।

पैनल के अधिवक्तागण जनजातीय लोगों को प्रक्रिया एवं विधि को स्पष्ट करते हुए उनका न्यायालयों में ईमानदारी से प्रतिनिधित्व अवश्य करें। ताकि व्यवस्था का अविश्वास समाप्त किया जा सके एवं न्यायालय की प्रक्रियाओं की बेहतर समझ पैदा हो।

पैनल के अधिवक्तागण जनजातीय लोगों को भ्रम के क्षेत्रों अथवा सामान्य न्यायालयों एवं ग्राम स्तर पर पारम्परिक ग्राम प्राधिकरण न्यायालयों के क्षेत्राधिकार की अति व्याप्तता को स्पष्ट करते हुए अवश्य सहायता करे एवं न्याय व्यवस्था की सरल कार्य प्रणाली में लोगों की सहायता करें।

पैनल अधिवक्तागण कारागारों में अवश्य जाएँ एवं बिना जमानत दीर्घ अवधि की कैद से निपटने के लिए कारागारों में विधिक सेवा क्लिनिक की स्थापना करें एवं उन मुकदमों पर नजर रखें जहाँ आरोप सि( न हो पाये होता कि कैद से जल्दी रिहाई हो सके।

पैनल अधिवक्तागण अध 'विधिक स्वयंसेवकों की सहायता से जनजातीय लोगों को उनकी अधिगृहित जमीन का मुआवजा दिलाना आसान बनाएं एवं उनके पुनर्वास हेतु उनकी सहायता करें।

पी.एल.वी. की सहायता से जनजातीय क्षेत्रों में मुद्दों, आवश्यकताओं, विधिक जरूरत एवं शैक्षिक एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्ध्ता की अवश्य पहचान की जानी चाहिए एवं उपयुक्त मामलो में न्यायिक निवारण की कार्यवाही की जानी चाहिए। ताकि उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की पहचान की जा सके एवं उनको विश्वास दिलाने के लिए उनको उनके वास्तविक विधिक एवं अन्य आवश्कताओं एवं अधिकारों हेतु योग्य सहायता एवं सेवाए दी जा सके।

जहाँ कोई जनजातीय व्यक्ति किसी विधि के न्यायालय में अभियोजन का सामना कर रहा है वहां उसकी पहचान की जानी चाहिए एवं उसके विरुद्ध कार्रवाई के आरम्भ से विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा समुचित विधिक सहायता दी जानी चाहिए अर्थात उसके विरुद्ध पूछताछ के समय से।

एस.एल.एस.ए. विधिक सेवा

## देश के आदिवासियों के विकास के विमर्श को प्रस्तुत

क्लिनिक अवश्य खोले जहां कि जनजातीय अधिवक्तागण का सुविधा पूर्वक जाना सुगम हो।

एस.एल.एस.ए.बहु उपयोगी वाहन का अवश्य प्रयोग करें ताकि कम आबादी वाले क्षेत्रों में पंहुचा जा सके अर्थात न केवल जानकारी फैलाने के लिए बल्कि जनजातीय लोगों को शीघ्र विधिक सहायता उपलब्ध करने के लिए जिनके अपराधिक , दीवानी, राजस्व अथवा वन अधिकारों के मुद्दे हो सकते हैं।

एस.एल.एस.ए. वन विभाग जैसे सरकारी विभागों से समन्वय स्थापित करे ताकि प्राकृतिक वास दावों एवं मुआवजा दावों का मोबाइल लोक अदालतों के द्वारा निपटारा किया जा सके।

दीवानी एवं फौजदारी मामलों में उच्च न्यायालय की उसकी रिट क्षेत्राधिकार के अंतर्गत उच्च न्यायालय जाने हेतु जनजातीय लोगों को शीघ्र विधिक सहायता दी जानी चाहिए। उच्च न्यायालय विधिक सेवा समितियां उन समर्पित अधिवक्तागणों को अवश्य पैनल पर रखे जो स्वयं जनजातीय हैं अथवा जिन्हें जनजातीय मुद्दों की अच्छी समझ हैं एवं जो जनजातीय लोगो से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर सकते हैं।

जब भी आवश्यकता हो माननीय कार्यकारी चेयरमैन एस.एल.एस.ए. के अनुमोदन से सामाजिक न्याय मुकदमे आरम्भ किये जाएँ।अर्धविधिक स्वयंसेवक (पी.एल.वी.)प्रत्येक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सांखयकीय एवं अन्य सरकारी विभागों की सहायता से जिलों के उन क्षेत्रों की पहचान करें जहाँ जनजातीय आबादी हैं एवं अर्धविधिक स्वयंसेवकों के द्वारा उन तक पहुंचें।

जनजातीय लोगों का विश्वास प्राप्त करने के लिए, प्रत्येक ऐसे समुदाय की समस्याएं जानने हेतु एवं जानकारी कार्यक्रमों के दौरान प्रभावकारी तरीके से उनसे सम्पर्क स्थापित करने के लिए यह आवश्यक हैं कि अर्धविधिक स्वयंसेवकों का ऐसे जनजातीय लोगों के मध्य से ही चयन किया जाए। एस.एल.एस.ए., डी.एल.एस.ए. के पूर्णकालिक सचिव के सीधे अनुभवी परामर्श एवं नियंत्रण के अंतर्गत ऐसे समुदायों से अर्धविधिक स्वयंसेवकों (पी.एल.वी.) के अनन्य पैनल अवश्य तैयार करे।

> जनजातीय लोगों को मुकदमेबाजी में योग्य विधिक सहायता दी जानी चाहिए एवं उपयुक्त मुकदमों में उनके पक्ष में वरिष्ठ अधिवक्ताओं को नियुक्त किया जाना चाहिए यहाँ तक कि विशेष फीस के भुगतान पर, ताकि जनजातीय लोगों के अधिकार एवं हित सुरक्षित किये जा सकें।निर्धन जनजातीय लोगों को उनके समुदाय से बाहरी अधिवक्ताओं एवं न्यायाधीशों के भरोसे छोड़ कर न्याय पालिका हिंदी एवं अंग्रेजी में कार्य करती है।

ऐसे पी.एल.वी. को उनकी भूमिका के लिए उचित विधि से प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे अग्र सक्रिय रूप से जनजातीय लोगों तक पहुँच सकें एवं वे उन जनजातीय समुदायों में हर समय एक हिताभिलाषी के रूप में पहचाना जाए जिनकी सेवा हेतु उनको कार्य सौंपा गया हैं।

एस.एल.एस.ए., पी.एल.वी.के द्वारा अनपढ जनजातीय लोगों को सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु पफार्म भरने एवं आवेदन प्रस्तुत करने के लिए विधिक सहायता सहित उनकी ऐसे लाभ प्राप्त करने में सहायता करें।

विधिक सेवा प्राधिकरण जनजातीय समुदायों के बीच अध 'विधिक स्वयंसेवकों की सहायता से स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।अर्धविधिक स्वयंसेवकों एवं स्थानीय विधिक सेवा प्राधिकरण की सहायता से जरूरतमंद व्यक्तियों की पहचान की जा सकती है। ऐसे जनजातीय लोगो को उचित स्वास्थ्य योजनाओं के लाभों के साथ-साथ स्वास्थ्य सहायता एवं दवाएं उपलब्ध करने में आसानी लाई जाये।

जब भी विद्यालयों, अध्यापकों की अनुपस्थिति एवं जनजातीय बच्चों की प्रताड़ना जैसे मुद्दे हों, जैसाकि इस योजना के भाग-1 में सूचित है तो पी.एल.वी. सम्बन्धित प्राधिकरणों को सूचित करने में जनजातीय लोगों की आवाज बने। **(अधिवक्ता, झारखंड उच्च न्यायालय रांची)**

# शिक्षा से संबंधित समस्याएं





प्रशांत झा

**भारत में जनजातियों से संबंधित शिक्षा की परिस्थिति भारत में सुधरी है परन्तु कुछ समस्याएँ अभी तक हैं। शिक्षा से संबंधित समस्याएँ निम्न प्रकार हैं :-**

**बड़ी संख्या में विद्यालय हैं जिनमे न्यूनतम सुविधा यें भी नहीं हैं।**

**जहाँ न्याय संगत आधार संरचना एवं विद्यार्थी पंजीकरण भी है वहां भी दूरी एवं निर्धनता के कारण जनजाति क्षेत्रों में विद्यालयों में निरंतर उपस्थिति की समस्या है।**

**शिक्षकों की अनुपस्थिति भी बहुत है।**

विद्यार्थियों के सीखने का स्तर बहुत निम्न है एवं कक्षा 10 तक पहुँचते-पहुँचते छोड़ने की दर बहुत अधिक है। इसका एक संभव स्पष्टीकरण परिस्थितियों का सामना कर पाने मे जनजातीय विद्यार्थियों की विफलता भी है। यहॉ पर उल्लेखनीय लैगिंक अंतर है। लड़कियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए अधिक ध्यान केन्द्रित करने और सामाजिक एकजुटता की आवश्यकता है। जब कभी जनजातीय छात्रा दाखिला लेने में सफल हो जाते हैं उन्हें वो भिन्न प्रकार से शर्मिंदा किये जाते हैं और उनका मनोबल तोड़ा जाता है। इसके कारणवश विद्यालय छोड़ने की दर बहुत बढ़ जाती है। उत्तर-पूर्व के जनजातीय छात्रों को अपमानजनक नाम दिया जाना सर्वविदित है।

जनजातीय बालिकाओं हेतु आवासीय विद्यालय हैं जो अपने भ्रष्टता, घटिया देखरेख सुविधाओं एवं आवास करने वाली बालिकाओं के यौन शौषण के कारण अधिकतर समाचार में रहते हैं। अधिकतर जनजातियाँ खानाबदोश होती हैं, उनके बच्चे सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। भारत में अधिकतर जनजातीय समुदायों अपनी मातृभाषा रखते है परन्तु अधिकतर राज्यों में सरकारी/क्षेत्रीय भाषाएँ क्लास-रूम शिक्षा हेतु प्रयोग की जाती हैं जो जनजातीय बच्चों द्वारा विशेष रूप से शिक्षा के प्राथमिक स्तर पर समझी नहीं जाती हैं।

उन शिक्षकों को जो जनजातीय बच्चों को शिक्षा प्रदान करते है उन्हें स्वयं जनजातीय संस्कृति एवं भाषा से अवगत कराये जाने की आवश्यकता है, ताकि शिक्षा प्राप्त करना सरल हो सके। उदाहरणस्वरुप अधिकतर जिला अधिकारी गण बाहर के होने के कारणवश लोगों की भाषाएँ नहीं समझते हैं जैसे गोंडी एवं हलबी। विद्यालयों के शिक्षकगण भी इन भाषाओं को नहीं समझते है।

जनजातीय बच्चे संरचनात्मक विद्यालय कक्षों में अपनी प्रकृति से नजदीकी के कारण सहजता का आभास नहीं करते और इसके कारणवश तत्काल उपलब्ध कराई जाने वाली औपचारिक शिक्षा में उनकी रुचि समाप्त हो जाती है।

जनजातीय लोगो में निरक्षरता का एक मुख्य कारण माता-पिता एवं समुदाय का जनजातीय बच्चों की शिक्षा में कम रुचि लेना एवं जनजातीय क्षेत्रों में घटिया स्तर के विद्यालयों का होना है। जनजातीय समुदाय अधिकतर शिक्षा के लाभों से अवगत नहीं होते।

# जमीन सहित अन्य समस्याओं पर हो विशेष ध्यान

जनजातीय लोगों के पास अधिकतर भूमि का दस्तावेजी सबूत उपलब्ध नहीं होता। ऐसे मामलो में जनजातीय लोगों को उचित मुआवजा एवं पुनर्वास प्राप्त करने के लिए विधिक सहायता की आवश्कता होती है। पी.एल.वी. समस्त दस्तावेजों एवं सबूतों को एकत्रा करने में जनजातीय लोगों की सहायता करे ताकि विस्थापित जनजातीय लोग उचित रूप से पुनर्वासित किये जा सके।पी.एल.वी. कारागार जाएँ एवं बंदियों से उनके मुकदमों के बारे में बात करें एवं डी.एल. एस.ए. के पूर्णकालिक सचिव को उनके बारे में रिपोर्ट करें ताकि उनको जमानत पर छुडवाने अथवा उनके मुकदमों की जल्दी सुनवाई के लिए तुरंत कार्यवाही की जा सके।



मनोज शर्मा

पी एल.वी., तस्करी के पीड़ितों की पहचान हेतु मानव तस्करी के मामलों में एवं पीड़ित मुआवजा प्राप्त करने हेतु उचित कार्रवाई करने में एवं विभिन्न पुनर्वास योजनाओं तक पहुँच बनाने में उपयोगी बन सकते हैं।

पी.एल.वी., तस्करी किये गये बच्चों की अवश्य सहायता करें जब उनको बचाया जाता है एवं शिशु कल्याण समितियों सी.डब्लू.सी.द्ध के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। वे पीड़ितों के परिवारों को खोजने में सी.डब्लू.सी. की अवश्य सहायता करे।

जब पीड़ितों की न्यायालय में गवाही हो तो पी.एल.वी.पीड़ितों का साथी के रूप में सहयोग करें।

पी.एल.वी. को जनजातीय लोगों एवं पैनल अधिवक्ताओं के मध्य एक मध्यस्थ का काम करना चाहिए एवं जनजातीय लोगों एवं अधिवक्ताओं दोनों की सहायता करनी चाहिये ताकि पीड़ितों का केस न्यायालय के द्वारा प्रभावकारी तरीके से समझा एवं सुना जा सके।

पी.एल.वी. सरकारी विभागों एवं जनजातीय लोगो से भी अवश्य जुडे रहें ताकि जनजातीय लोगों के लिए राशन एवं भोजन, उन तक पहुंचना सुनिश्चित हो सके यहाँ तक कि जब वे राज्यों में दूर-दराज एवं कम आबादी वाले क्षेत्रों में रहते हों।

जनजातीय लोगों के पास अधिकतर भूमि का दस्तावेजी सबूत उपलब्ध नहीं होता। ऐसे मामलो में जनजातीय लोगों को उचित मुआवजा एवं पुनर्वास प्राप्त करने के लिए विधिक सहायता की आवश्कता होती है। पी.एल.वी. समस्त दस्तावेजों एवं सबूतों को एकत्रा करने में जनजातीय लोगों की सहायता करे ताकि विस्थापित जनजातीय लोग उचित रूप से पुनर्वासित किये जा सके।

पी.एल.वी. कारागार जाएँ एवं बंदियों से उनके मुकदमों के बारे में बात करें एवं डी.एल. एस.ए. के पूर्णकालिक सचिव को उनके बारे में रिपोर्ट करें ताकि उनको जमानत पर छुडवाने अथवा उनके मुकदमों की जल्दी सुनवाई के लिए तुरंत कार्यवाही की जा सके।

### जानकारी

जनजातीय क्षेत्रों में विधिक जानकारी साधरण तरीके की जानकारी कार्यक्रमों से भिन्न होनी चाहिए।



इस संबंध में दृश्य-श्रव्य साध्न अधिक उपयोगी होंगे। नृत्य नाटक इत्यादि जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के द्वारा जिसमें जनजातीय लोग भी शामिल हों जानकारी को दिया जाना सुनिश्चित किया जाना चाहिये। उनको प्रभावकारी तरीके से सन्देश देने के लिए ऐसे जनजातीय लोगों के लोक गीतों एवं नृत्यों का उपयोग किया जा सकता है। जनजातीय लोगों में जानकारी कार्यक्रम उन व्यक्तियों के द्वारा चलाये जाने चाहिए जिनको उनकी समस्याओं एवं समाधन के बारे में पूरी जानकारी हो।

जनजातीय लोगों के बीच वन विधि एवं विधि के प्रावधानों के उल्लंघन के परिणामों के बारे में विधिक जानकारी फैलाने की आवश्कता हैं।

एस.एल.एस.ए. शिक्षा के लाभों, उनके अधिकारों एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं आधुनिक तकनीक के लाभों के अंतर्गत पात्रता के बारे में जनजातीय समुदाय को जागरूक करने के लिए जनजातीय क्षेत्रों में सघन विधिक जानकारी आयोजित करें जो उनके पेशे से जुड़े कार्य के सुधार में भी सहायता कर सकता है।

जनजातीय समुदाय को सूचित किया जाना चाहिए कि उनके बच्चों की शिक्षा, उनका भविष्य सुरक्षित कर सकती है क्योंकि ऐसे बच्चे लोक अथवा प्राइवेट नौकरी पा सकते हैं जहाँ आरक्षण लागू है।

जनजातीय बच्चों तक पहुँचने हेतु जनजातीय वर्चस्व के क्षेत्रों में विद्यालय विधिक साक्षरता क्लब आरम्भ किये जाने चाहिए ताकि उनका उत्साह बढाया जा सके कि वे विद्यालय में रहे व दूसरी ओर और अन्य विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को जनजातीय बालकों की विशेष आवश्कता के बारे में संवेदनशील बनाया जा सके। सरकारी एजेंसियों एवं एन.जी.ओ. की सहायता से एस.एल.एस.ए. दृश्य-श्रव्य विधि के द्वारा एवं उनको खेती के कार्य के लाभ हेतु आधुनिक तकनीक के व्यवहारिक प्रदर्शन दिखाकर भी प्रशिक्षण आयोजित करें।

### स्वास्थ्य समस्याएँ

> जनजातियों को न्याय दिलाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को (रछरअर) जनजातीय समुदायों एवं सरकार तथा न्याय पालिका के बीच के फासले को खत्म करना है। राज्य विधिक प्राधिकरण को यह सुनिश्चित करना है कि विधि का शासन कायम हो।

जनजातीय क्षेत्रों में क्षेत्र में कार्यरत एनजीओ के साथ सुरक्षित पेयजल, पोषण एवं गर्भवती स्त्री की देखभाल के लाभों के बारे में बताने के लिए स्वास्थ्य जानकारी कार्यक्रम आयोजित किये जाने चाहिए।एस.एल.एस.ए. को भाषायी भेद को कम करने के लिए ग्राम में एक सामुदायिक रेडियो की स्थापना जैसे अन्य कदम उठाने चाहिए।एस.एल.एस.ए.बहु उपयोगी वाहन का अवश्य प्रयोग करें ताकि कम आबादी वाले क्षेत्रों में पंहुचा जा सके अर्थात न केवल जानकारी फैलाने के लिए बल्कि जनजातीय लोगों को शीघ्र विधिक सहायता उपलब्ध करने के लिए जिनके अपराधिक , दीवानी, राजस्व अथवा वन अधिकारों के मुद्दे हो सकते है।

**(पत्रकारिता विभाग रांची विवि रांची)**

## गांव के मामलों को अधिक गंभीरता से लिया जाए



राहुल

70 साल पहले भारत ने खुद को उपनिवेशवादी देश की जगह, मुक्त और स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में परिवर्तित करने की दिशा में कई कदम उठाये। इस परिवर्तन के लिए प्रत्येक नागरिक को किसी न किसी तरह से बड़ा जोखिम उठाना पड़ा। आज, आजादी के 72 साल बाद, हम उस कड़ी मेहनत और बलिदान का लाभ उठा रहे हैं। मेरा और कांग्रेस पार्टी का यह मानना है कि चूंकि प्रत्येक भारतीय ने जोखिम उठाया है इसलिए उसका पुरस्कार भी सभी को मिलना चाहिए। हर भारतीय का यह अधिकार है कि उसे समान पहुंच, अवसर और स्वतंत्रता मिले चाहे, उसका कोई भी पंथ, जाति या जनजाति हो। हमारे लोगों और हमारी संस्कृतियों की अद्भुत विविधता ही भारत को विलक्षण और मजबूत बनाती है। हमें इस विविधता की रक्षा करने और इसकी चमक बरकरार रखने की जरूरत है।

इसे हासिल करने के लिए, हमें प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। हमारे देश के आदिवासियों को चंद गिने-चुने लोगों की सनक और चाहतों को पूरा करने के लिये किसी भी तरह के नुकसान, बेदखली, विस्थापन के डर के बिना स्वतंत्र रूप से रहने का अधिकार है। सरकार की भूमिका इन अधिकारों की रक्षा करने और अपने परिवार एवं समुदाय के लिए और अधिक अधिकार हासिल करने की इनकी राह को आसान बनाने की है।

आदिवासियों को उचित और विशेष प्रतिनिधित्व प्रदान करने की जिम्मेदारी सरकारी तंत्र की है। हमारा मानना है कि अनुसूचित जाति विभाग के अलावा लक्षित जनजातीय मामलों के विभाग की स्थापना की जरूरत है-जिसका एकमात्र उद्देश्य आदिवासी हितों की रक्षा करना होगा। ऐसे विभाग के माध्यम से हमें उनकी जमीन की सुरक्षा के उपायों को लागू करने और यह सुनिश्चित की जरुरत है कि अन्य इच्छुक हितधारकों द्वारा इसका दुरुपयोग नहीं किया जाये। जिन मामलों में खनन के लिए जंगल की जमीन लेना जरूरी है, उसके लिये हमें ऐसा तंत्र बनाना चाहिए जो आदिवासियों को भी विकास में हितधारक बनाए।

मेरा मानना है कि हमें इन समुदायों से काफी कुछ सीखना चाहिए। हमारे देश के आदिवासी हमारे महान प्राकृतिक संसाधनों में से एक -हमारे जंगलों को - किसी अन्य की तुलना में कहीं बेहतर ढंग से समझते हैं।

## पंजाब एफसी ने बांग्लादेश आर्मी से खेला ड्रॉ

**कोलकाता।** पंजाब एफसी (पीएफसी) और बांग्लादेश आर्मी फुटबॉल टीम (बीएएफटी) ने यहां विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन पर आयोजित 132वें इंडियन ऑयल डूरंड कप के ग्रुप-ए मैच में गोल रहित ड्रॉ खेला। ईस्ट बंगाल के खिलाफ ड्रॉ के बाद यह किसी आइएसएल टीम के खिलाफ बीएएफटी का दूसरा ड्रॉ है। इस ड्रा के साथ बीएएफटी ने तीन मैचों में दो अंकों के साथ ग्रुप चरण समाप्त किया, जबकि पंजाब एफसी के पास दो मैचों में एक अंक है।

## क्वार्टर फाइनल नहीं खेलेंगी लॉरेन जेम्स

**सिडनी।** इंग्लैंड की मिडफील्डर लॉरेन जेम्स पर महिला विश्व कप के प्री-क्वार्टरफाइनल में नाइजीरिया के खिलाफ हार के बाद गुरुवार को दो मैचों का प्रतिबंध लगा दिया गया। नाइजीरिया की डिफेंडर मिशेल अलोजी के ऊपर खड़े होने के बाद हिंसक आचरण के लिये जेम्स को लाल कार्ड दिया गया था। वह कोलंबिया के विरुद्ध शनिवार को होने वाले क्वार्टरफाइनल मैच में हिस्सा नहीं ले सकेंगी। अगर इंग्लैंड सेमीफाइनल में पहुंचती है तो जेम्स को उस मैच से भी बाहर रहना होगा।

## हॉटस्टार पर होगा फिट इंडिया क्विज का प्रसारण

**नयी दिल्ली।** फिट इंडिया क्विज के दूसरे संस्करण का राष्ट्रीय दौर 12 अगस्त से लोकप्रिय ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी हॉटस्टार पर प्रसारित किया जायेगा। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि कुल 13 एपिसोड हर शनिवार और रविवार को सुबह आठ बजे प्रसारित होंगे। इनकी मेजबानी एंकर तनय तिवारी और तान्या पुरोहित करेंगे।

## निशिमोतो से भिड़ेंगे किदांबी, सिंधु को मिला बाई

**कुआला लंपुर।** बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप के पहले राउंड में भारत की अनुभवी शटलर पीवी सिंधु को बाई दिया गया है, जबकि किदांबी श्रीकांत जापान के केंता निशिमोतो के खिलाफ अभियान की शुरूआत करेंगे। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने गुरुवार को ड्रॉ आयोजित होने के बाद इसकी पुष्टि की। कुल 16 भारतीय शटलर ड्रॉ का हिस्सा थे, जिनमें से चार एकल स्पधाओं में भाग लेंगे। केवल एचएस प्रणय और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की जोड़ी को शीर्ष 10 में वरीयता दी गयी है। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट सिंधु (16वीं वरीयता प्राप्त) दूसरे राउंड से अपने अभियान की शुरूआत करेंगी जहां उनका मुकाबला जापान की नोजोमी ओकुहारा और वियतनाम की थुए लिन्ह नुयेन में से किसी एक से भिड़ेंगी।

## हॉकी इंडिया लीग के वित्तीय मॉडल को मिली मंजूरी

**चेन्नई।** हॉकी इंडिया ने कार्यकारी बोर्ड की 100वीं बैठक में गुरुवार को हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के लिये प्रस्तावित बिग बैंग मीडिया वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के वित्तीय मॉडल को मंजूरी दे दी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ दिलीप टिर्की ने बैठक के बाद कहा, पिछले महीने हमने अपनी मार्केटिंग एजेंसी द्वारा प्रस्तावित एचआईएल पुनरुद्धार योजनाओं की समीक्षा करने के लिये बैठक बुलाई थी। आज कार्यकारी बोर्ड ने हॉकी इंडिया लीग के लिये बिग बैंग मीडिया वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित वित्तीय मॉडल को आधिकारिक तौर पर मंजूरी दे दी। हम इस नतीजे पर पहुंचे कि एजेंसी को आधिकारिक तौर पर हॉकी इंडिया लीग के लिये बाजार में कदम रखने दें। इस टूनार्मेंट का उद्देश्य बहुत उच्च गुणवत्ता वाली हॉकी का उत्पादन करना है, जो खेल को और भी ऊपर उठाने में मदद करेगा।

# एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी : सेमीफाइनल में जापान के खिलाफ मजबूत प्रदर्शन जारी रखना चाहेगा भारत

**एजेंसी**

**चेन्नई।** आत्मविश्वास से भरी भारतीय हॉकी टीम जब शुक्रवार को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में जापान से भिड़ेगी तो उसकी कोशिश मैच के पूरे 60 मिनट में मजबूत प्रदर्शन जारी रखने और निरंतरता बनाए रखने की होगी। इसमें कोई शक नहीं कि राउंड रॉबिन चरण में चार मैच जीतकर और एक ड्रा खेलकर अंक तालिका में शीर्ष पर रहा भारत इस मैच में प्रबल दावेदार के तौर पर शुरूआत करेगा। लेकिन भारत को जापान से सतर्क रहना होगा क्योंकि वह मेजबान के अलावा ऐसी टीम है जिसे हार का सामना नहीं करना पड़ा है। दोनों टीमों के बीच लीग चरण का मैच भी 1-1 से ड्रा रहा था। विश्व रैंकिंग की बात की जाए तो दोनों टीमों के बीच काफी बड़ा अतर है जिसमें भारत चौथे और जापान 19वें स्थान पर काबिज है।

### 2021 चरण के सेमीफाइनल में मिली थी हार

घरेलू टीम को यह नहीं भूलना चाहिए कि ढाका में 2021 चरण के सेमीफाइनल में उसे जापान से 3-5 से हार मिली थी जबकि लीग चरण में उसने अपनी इसी प्रतिद्वंद्वी को 6-0 से हराया था।

### लीग मैच में भारत ने गंवाए थे मौके

भारत ने अभी तक टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा (20) गोल किए हैं लेकिन जापान के खिलाफ लीग मैच में खिलाड़ियों ने गोल करने के मौके गंवा दिए थे और मेजबान को शुकवार को अपनी इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपनी खराब फिनिशिंग' में काफी सुधार करना होगा। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन की टीम जापान के खिलाफ लीग मैच में 15 पेनल्टी कॉर्नर में से केवल एक को ही भुना सकी थी और अब उन्हें पेनल्टी कॉर्नर से गोल करने के तरीके तलाशने होंगे।



### 'निरंतरता बरकरार रखने की बात'

बुधवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर भारत की 4-0 की जीत के बाद फुल्टन ने कहा कि उनकी टीम के लिए मैच के चारों क्वार्टर में निरंतरता बरकरार रखना अहम होगा। फुल्टन ने कहा, हमने (पाकिस्तान के खिलाफ) प्रत्येक क्वार्टर में हमने अच्छी निरंतंरता दिखाई जो हमने जापान के खिलाफ मैच के दौरान (चार अगस्त को 1-1 से ड्रा रहे मैच में) भी दिखायी थी। हमने जापान की तुलना में प्रत्येक क्वार्टर में सर्कल के अंदर काफी ज्यादा बार सेंध लगाई। इसलिए अब यह निरंतरता बरकरार रखने की बात होगी।'

### क्या कहते हैं हार्दिक सिंह

भारत के उप कप्तान और मिडफील्डर हार्दिक सिंह भी अपने कोच से इत्तेफाक रखते हैं लेकिन उन्हें लगता है कि जापान के खिलाफ अधिक से अधिक गोल करने के लिए बॉक्स' के अंदर पहुंचकर शॉट लगाने के अलावा अधिक संयम रखने की भी जरूरत होगी। उन्होंने कहा, हमें इसी लय के जारी रखने की उम्मीद है। लेकिन हमें फिर भी बॉक्स के अंदर अधिक संयम की जरूरत होगी, जो बहुत ही अहम हिस्सा है। साथ ही हमें खेल की लय भी तय करनी होगी। हम उन्हें (जापान) को शीर्ष टीम के तौर पर लेंगे।'

### टूनार्मेंट में जापान का प्रदर्शन

जहां तक जापान का संबंध है तो उसने पाकिस्तान से बेहतर गोल अंतर की बदौलत सेमीफाइनल में जगह बनाई। टूनार्मेंट में उसके प्रदर्शन की बात की जाए तो उसका प्रदर्शन इतना प्रभावी नहीं रहा क्योंकि टीम सिर्फ एक जीत (चीन के खिलाफ) ही हासिल कर पाई और एक मैच गंवा बैठी जबकि दो में उसने ड्रा खेला। भारत भले ही इस मैच में प्रबल दावेदार हो लेकिन जापान मेजबान टीम के खिलाफ अपने पहले के प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा। जापान ने हालांकि डिफेंस' में प्रभावित किया है, विशेषकर उनके डिफेंडरों ने जिस तरह से भारतीय फॉरवर्ड को पेनल्टी कॉर्नर के दौरान रोका, यह सराहनीय रहा। पर उनकी फॉरवर्ड पंक्ति निराशाजनक रही है।

## ईडन गार्डन के ड्रेसिंग रूम में लगी आग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में स्थित क्रिकेट मैदान ईडन गार्डन के ड्रेसिंग रूम में बुधवार रात आग लगने से छत और कुछ फर्नीचर क्षतिग्रस्त हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। फायर ब्रिगेड के सूत्रों ने कहा कि बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन (सीएबी) में टीम के ड्रेसिंग रूम में झूठी छत के कुछ हिस्से और कुछ फर्नीचर बुधवार को लगभग 11:40 बजे वायरिंग में संदिग्ध शॉर्ट-सर्किट से लगी आग में क्षतिग्रस्त हो गये।

## यदि ईशान वर्ल्ड कप के लिए केएल राहुल का बैकअप हैं तो पांचवें नंबर पर खेलना सीखना चाहिए : आरपी सिंह

**नयी दिल्ली।** यदि केएल राहुल आगामी एशिया कप और वनडे विश्व कप से बाहर हो जाते हैं तो मैंगलोर में जन्मे क्रिकेटर की जगह लेने के लिए ईशान किशन पसंदीदा दिख रहे हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई वनडे सीरीज में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया और उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया। हालांकि भारत के पूर्व क्रिकेटर आरपी सिंह चाहते हैं कि भूमिका में ढलने के लिए बाएं हाथ का खिलाड़ी बाकी मैचों में पांचवें नंबर पर खेले। आरपी सिंह चाहते हैं कि टीम प्रबंधन उन्हें पांचवें नंबर पर आजमाए और उस स्थिति के लिए तैयार करे। आरपी सिंह ने कहा, 'मेरे अनुसार अगर आप ईशान को (वनडे) विश्व कप के लिए नंबर 5 पर देखते हैं तो उन्हें नंबर 5 पर खेलना चाहिए। अगर भविष्य में केएल राहुल उपलब्ध नहीं होते हैं तो इशान किशन उनके बैकअप विकल्प हैं। इसलिए उन्हें नंबर 5 पर खेलना सीखना होगा।' उन्होंने कहा, 'जब रोहित शर्मा आएंगे तो रोहित और शुबमन गिल ओपनिंग करेंगे, हालांकि गिल के प्रदर्शन ने हमारे दिलों को थोड़ा दुखी किया है। लेकिन फिर भी अगर ये दोनों ओपनिंग करते हैं, तो इशान किशन को कहां जगह मिल सकती है, यह निचला क्रम है।' जयसवाल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टी20आई में पदार्पण किया, लेकिन किसी भी प्रकार का प्रभाव पैदा नहीं कर सके। हालांकि 37 वर्षीय खिलाड़ी चाहता है कि टीम प्रबंधन उसका समर्थन करे क्योंकि एक बार का मामला किसी के प्रभाव को उचित नहीं ठहरा सकता। सिंह ने कहा, 'आप किसी खिलाड़ी को सिर्फ एक मैच नहीं दे सकते।

## पेज 3 का शेष

### अविश्वास प्रस्ताव शुभ...

इसीलिए देश के लोगों के मन में कांग्रेस के प्रति अविश्वास का भाव बहुत गहरा हो गया है। अपने जवाब में मोदी ने नॉर्थ-ईस्ट को जिगर का टुकड़ा बताया। पीएम ने कहा कि देश की जनता ने उनकी सरकार के प्रति बार बार विश्वास जताया है, इसके लिए वह देश की कोटि कोटि जनता का आभार मानते हैं।

**विपक्ष के वॉकआउट पर कसा तंज :** पीएम मोदी जब अविश्वास प्रस्ताव पर जवाब दे रहे थे, उस समय विपक्षी सांसदों ने वॉकआउट किया। इसपर भी पीएम मोदी ने तंज कसते हुए कहा, जब उनकी सच्चाई सामने आती है, तो बाहर चले जाते हैं। उनका एक ही काम है, अपशब्द बोलो और भाग जाओ। असत्य बोलो और भाग जाओ। विपक्ष में सुनने का धैर्य नहीं है। उन्होंने कहा, विपक्ष को जिंदा रहने के लिए एनडीए का सहारा लेना पड़ा। पर घमंड इतना कि एनडीए में भी दो आइ पिरो दिये। पहला आइ 26 दलों का गमन और दूसरा आइ एक परिवार का गमन। कांग्रेस पर हमला करते हुए रामायण का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, लंका हनुमान ने नहीं जलाई, रावण के घमंड ने जलीयी। उसी तरह कांग्रेस के घमंड ने उसे 400 से 40 पर ले आया।

### आदिवासियों का अस्तित्व...

**केंद्र खनिज लेता है पर कुछ करता नहीं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 100 सालों से ही झारखंड के मिनरल्स को उपयोग में लिया जा रहा है, लेकिन उसके नाम पर जिन लोगों को विस्थापित किया गया उन लोगों की स्थिति आज तक नहीं सुधरी। चाहे कोयला निकालने की बात हो या फिर लौह अयस्क निकालने की बात हो, जिन लोगों को विस्थापित किया गया उन लोगों का घर बनाने का काम आज तक नहीं किया गया। देश को सबसे ज्यादा मिनरल रॉयल्टी झारखंड से ही प्राप्त होती है. लेकिन झारखंड के लोगों के लिए कुछ नहीं किया गया। आदिवासियों को किसी भी तरह की रॉयल्टी आज तक नहीं मिली।

**हमें एकजुट होना होगा :** हेमंत सोरेन ने कहा कि मणिपुर की घटना ने बड़ी विचित्र स्थिति में आदिवासी समाज लाकर खड़ा कर दिया है। सैकड़ों साल पहले अंग्रेज जिन आदिवासियों को लेकर गये थे आज वह वापस आ रहे हैं। हम उन्हें सेल्टर देने का काम भी कर रहे हैं। पूरे देश में आदिवासी जिस तरीके से बिखरे हुए हैं उनको एकजुट करने का हमारा प्रयास है ताकि उन लोगों को एक डोर में बांधा जा सके।

### राहत : रेपो रेट में कोई बदलाव...

उन्होंने कहा कि हमारा देश सही दिशा में आगे बढ़ रहा है और आने वाले समय में ये दुनिया का ग्रोथ इंजन बनेगा।

**क्या है रेपो रेट :** रेपो वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक अपनी फौरी जरूरतों को पूरा करने के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं।आरबीआई ने जून और अप्रैल की पिछली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठकों में भी रेपो दर में बदलाव नहीं किया था। इससे पहले, मुख्य रूप से मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिये पिछले साल मई से लेकर कुल छह बार में रेपो दर में 2.50 प्रतिशत की वृद्धि की गयी थी।

### होटल में लगी आग से...

आशंका जतायी जा रही है कि धुएं की वजह से बबलू बेहोश हो गया होगा, इसी बीच आग फैली जिसमें वह जल गया। गुरुवार के अहले सुबह कुछ लोगों ने दुकान में आग लगे हुए देखा। जिसके बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी गयी। पुलिस के द्वारा अग्निशमन दस्ते को मौके पर बुलाया गया। आग बुझने के बाद उसमें से बबलू का शव बरामद किया गया।

**मिठाई कारीगर था बबलू :** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया का रहने वाला बबलू महतो मिठाई कारीगर था। वह अपने भाई के साथ रंजन के होटल में काम किया करता था। दो दिन पहले ही धनरोपनी को लेकर वह वापस अपने भाई के साथ घर जाने वाला था, लेकिन किसी वजह से वह नहीं जा पाया। जबकि उसका भाई गांव लौट गया था।

### एक करोड़ का इनामी खूंखार...

एनआईए की टीम ने प्रमोद मिश्र के कासमा स्थित आवास पर पहुंचकर करीब लगभग दो घंटे तक तलाशी ली थी। वहीं उनके रफीगंज में रह रहे रिश्तेदारों के घर लगभग चार घंटे तक एनआइए की टीम ने जांच और पूछताछ की थी। इसके अलावा एनआईए ने बांकेबाजार के असुराइन गांव में नक्सली अनिल यादव के घर पर भी छापेमारी की थी।

**साल 2009 में धनबाद से गिरफ्तार हुए थे प्रमोद मिश्र :** झारखंड व बिहार के मोस्टवांटेड भाकपा माओवादी के शीर्ष नक्सली नेता प्रमोद मिश्र को झारखंड पुलिस की एसटीएफ ने धनबाद के विनोद नगर से 14 मार्च 2009 की रात को गिरफ्तार किया था। प्रमोद मिश्र उर्फ प्रमोद पंडित उर्फ बन बिहारी उर्फ बीबीजी ने विनोद नगर में अपने रिश्तेदार के यहां पनाह ली थी। राज्य मुख्यालय से एसटीएफ की विशेष टीम आकर प्रमोद मिश्र को गिरफ्तार कर ले गयी थी। धनबाद पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी थी। कभी बिहार में अपनी सक्रियता से पुलिस को नाकोदम करने वाले प्रमोद मिश्र अभी झारखंड में संगठनात्मक कार्य देख रहे थे। औरंगाबाद जिले के रफीगंज थाना अंतगर्त कसमा गांव निवासी प्रमोद पहले गया एरिया के जोनल कमांडर थे।

**चार को फांसी पर लटकाया था :** प्रमोद मिश्रा मूल रूप से बिहार के औरंगाबाद का रहने वाला है। बिहार के गया में साल 2021 में उसने एक ही परिवार के 4 लोगों को फांसी पर लटका दिया। इसके बाद इसपर इनाम की राशि बढ़ाई जाने लगी। इसके खिलाफ बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त आंध्र प्रदेश में भी केस दर्ज हैं। उस पर झारखंड और बिहार में दो दर्जन से अधिक नक्सल हमले को अंजाम देने का आरोप है। धनबाद में कुल 22 नक्सली वारदातों के मामले उस पर दर्ज थे। बिहार सरकार ने भी 1 करोड़ रुपए की इनामी राशि इसके माथे पर घोषित करने का प्रस्ताव भी भेज दिया था।

# एलआइसी को पहली तिमाही में 9544 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

**एजेंसी**

नई दिल्ली। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 30 जून को समाप्त में कंपनी का शुद्ध लाभ कई गुणा बढ़कर 9,544 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 683 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।



सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया कि जून तिमाही में उसका शुद्ध लाभ गुना होकर 9,544 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 683 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। इस दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 1,88,749 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की जून तिमाही में 1,68,881 करोड़ रुपये थी।

एलआईसी का जून तिमाही में पहले साल का प्रीमियम घटकर 6,811 करोड़ रुपये रह गया, जो जून, 2022 तिमाही में 7,429 करोड़ रुपये रहा था। इस दौरान बीमा कंपनी ने 53,638 करोड़ रुपये कमाए जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 50,258 करोड़ रुपये कमाए थे। जून तिमाही में निवेश से शुद्ध आय बढ़कर 90,309 करोड़ रुपये हो गई, जबकि जून, 2022 तिमाही में यह 69,571 करोड़ रुपये थी। इसी तरह एलआईसी का सकल गैर निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) सुधरकर जून तिमाही में 2.48 फीसदी हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 5.84 फीसदी था।

## एयर इंडिया ने अपना नया लोगो 'द विस्टा' जारी किया

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया एयरलाइन ने नई ब्रांड पहचान और विमान के रंगरूप का अनावरण किया। एयर इंडिया ने नए लोगो का नाम 'द विस्टा' दिया है। इसे लाल और बैंगनी रंग के साथ डिजाइन किया गया है।

टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने गुरुवार को इसे जारी किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि एयर इंडिया का नया लोगो ह्यद विस्टा सोने की खिड़की के फ्रेम के शिखर से प्रेरित है, जो असीमित संभावनाओं, प्रगतिशीलता और भविष्य के लिए साहसिक, आत्मविश्वासपूर्ण दृष्टिकोण को दशार्ता है। इस अवसर पर एयरलाइन ने अपने नए टेल डिजाइन और थीम गीत का भी खुलासा किया है।

एयर इंडिया ने जारी बयान में कहा कि यात्रियों को दिसंबर 2023 से शुरू होने वाली यात्रा के दौरान नया लोगो दिखाई देना शुरू हो जाएगा। इस लोगो को एयरलाइन का पहले अ350 विमान पर प्रदर्शित किया जाएगा। एयरलाइन ने नए विमान के रंगरूप और डिजाइन में गहरे लाल, बैंगनी और सुनहले रंग की हाइलाइट्स के साथ-साथ चक्र से प्रेरित पैटर्न को शामिल किया है।

## क्रिप्टो करेंसी मार्केट : बिकवाली के दबाव से प्रमुख आभासी मुद्राओं में गिरावट

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में पिछले 24 घंटे के दौरान लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप 10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ एक मामूली बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार करती नजर आई। दूसरी ओर, बिटकॉइन और एथेरियम समेत टॉप 10 के शेष 9 क्रिप्टो करेंसी में गिरावट का रुख बना रहा।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का अधिकृत कारोबार करने वाली एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के मुताबिक शाम 5 बजे तक दुनिया में सबसे लोकप्रिय क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन 0.92 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 29,500.20 डॉलर यानी 24.40 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह, दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत भी शाम 5 बजे तक 0.46 प्रतिशत टूट चुकी थी, जिसके कारण ये आभासी मुद्रा 1,850.35 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।

बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.07 प्रतिशत, बीएनबी 1.11 प्रतिशत, एक्सआरपी 2.31 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत, डोजेकॉइन 0.01 प्रतिशत, काडार्नो 0.34 प्रतिशत और सोलाना 1.06 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, ट्रॉन 0.22 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार करता नजर आ रहा था।



कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में भी 0.85 प्रतिशत की गिरावट आई है। पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 1.17 लाख करोड़ डॉलर यानी 96.77 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

इसी तरह, इस 24 घंटे की अवधि में क्रिप्टो करेंसी के लेन-देन में भी गिरावट दर्ज की गई। इस अवधि में 3,062 करोड़ डॉलर यानी 2.53 लाख करोड़ रुपये कीमत की क्रिप्टो करेंसी का लेन-देन हुआ, जो एक दिन पहले की तुलना में 24.62 प्रतिशत कम है। कल से लेकर आज तक के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिटकॉइन की स्थिति भी 0.08 प्रतिशत कमजोर हुई है, जिसके कारण क्रिप्टो मार्केट में इसकी हिस्सेदारी घट कर 48.83 प्रतिशत रह गई है।

# आरबीआइ ने लगातार तीसरी बार रेपो रेट 6.50 फीसदी पर रखा बरकरार

**एजेंसी**

**मुंबई/नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने नीतिगत दर में लगातार तीसरी बार कोई बदलाव नहीं किया है। आरबीआई ने रेपो रेट को 6.50 फीसदी पर बरकरार रखा है। रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक के बाद इसका ऐलान किया।

शक्तिकांत दास ने गुरुवार को यहां प्रेस को संबोधित करते हुए बताया कि 8 से 10 अगस्त तक चली एमपीसी की बैठक में सभी छह सदस्यों ने फिर से रेपो रेट को स्थिर रखने का फैसला लिया है। दास ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) दर 6.50 फीसदी और वित्त वर्ष 2024-25 में रियल जीडीपी दर 6.60 फीसदी तक रह सकती है।



आरबीआई गवर्नर ने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था उचित गति से बढ़ती रही है। उन्होंने कहा कि यह दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है, जो वैश्विक विकास में लगभग 15 फीसदी का योगदान दे रही है। शक्तिकांत दास ने कहा कि रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए महंगाई दर का अनुमान बढ़ाकर 5.4 फीसदी कर दिया गया है जो कि पिछली बार 5.1 फीसदी पर रखा गया था।

शक्तिकांत दास ने कहा कि एमपीसी महंगाई दर पर नजर रखेगी। उन्होंने ये भी कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने महंगाई को काबू करने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की, हालांकि खाद्य महंगाई दर चिंता का विषय बनी हुई है। आरबीआई ने पिछले साल मई से लेकर फरवरी तक रेपो रेट में छह बार में 2.50 फीसदी तक का इजाफा किया था, लेकिन अप्रैल और जून के बाद लगातार तीसरी बार रेपो रेट को यथावत 6.50 फीसदी पर स्थिर रखा है।

## ग्लोबल मार्केट से सुस्त संकेत, एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से लगातार दूसरे दिन सुस्त संकेत मिल रहे हैं। अमेरिका में महंगाई दर के आंकड़े आने के पहले पिछले कारोबारी सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट में लगातार दबाव बना नजर आया। दूसरी ओर यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान बढ़त के साथ कारोबार करता दिखाई दिया। एशियाई बाजारों में आज लगातार दबाव की स्थिति बनी हुई है।

वॉल स्ट्रीट के तीनों सूचकांक पिछले कारोबारी क्षेत्र के दौरान गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। डाउ जॉन्स 191.13 अंक यानी 0.54 प्रतिशत गिर कर 35,123.36 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.70 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,467.71 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 162.31 अंक यानी 1.17 प्रतिशत टूट कर 13,722.02 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

जानकारों के मुताबिक अमेरिका में रिटेल महंगाई दर के आंकड़े आज आने वाले हैं। उसके पहले वॉल स्ट्रीट में घबराहट का माहौल बना हुआ है। इसी वजह से तीनों अमेरिकी सूचकांक लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। पिछले सत्र के दौरान बड़ी टेक कंपनियां के शेयर भी दबाव में कारोबार करते नजर आए। इसके साथ ही एनर्जी सेक्टर के दबाव की वजह से भी निवेशकों में घबराहट का माहौल बना रहा।

अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा। यूरोप के तीनों सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.79 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,587.30 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.72 प्रतिशत की छलांग लगाकर 7,322.04 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.42 प्रतिशत की मजबूती के साथ 15,852.58 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में आज लगातार दबाव के बीच मिलाजुला कारोबार होता नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 4 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 5 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं।

स्पीड न्यूज

## नेपाल को चीन देगा 21 एयरक्राफ्ट ड्रोन

**काठमांडू।** नेपाल सरकार की कैबिनेट बैठक में चीन से मिल रहे 21 एयरक्राफ्ट ड्रोन स्वीकार करने का निर्णय लिया गया है। गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक में गृह मंत्रालय के इस प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी गई है। प्रवक्ता, सूचना तथा संचार मंत्री रेखा शर्मा ने कहा कि सीमा सुरक्षा के उद्देश्य से चीन के पब्लिक सिक्यूरिटी डिपार्टमेंट के तरफ से दिए जाने वाले रिमोटली पायलेटेड एयरक्राफ्ट ड्रोन को स्वीकार करने का निर्णय किया गया है।

## इटली : नाव पलटी 41 लोगों की मौत

**रोम।** ट्यूनीशिया से शरणार्थियों को लेकर इटली आ रही एक नाव पलटने से 41 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा सिसिली द्वीप के पास हुआ है। इसकी पुष्टि इटली की मीडिया में किया गया है। बचाव दल द्वारा बचाए गए चार शरणार्थी गुआना और आइवरी कोस्ट के हैं। चारों को तटरक्षक दल ने हिरासत में ले रखा है। सिसिली द्वीप अफ्रीका के करीब है और इसे शरणार्थियों की तस्करी के लिए जाना जाता है।

## जमीन घोटाले में दो पूर्व पीएम को समन

**काठमांडू।** देश के चर्चित ललिता निवास जमीन घोटाले में नीतिगत निर्णय लेने वाले दो पूर्व प्रधानमंत्रियों को सीआईबी ने पूछताछ के लिए समन भेजा है। दोनों ही नेता इस समय सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल हैं और प्रधानमंत्री प्रचंड के बेहद करीबी भी हैं। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल और डॉ. बाबूराम भट्टराई को सीआईबी की तरफ से समन भेजे जाने की जानकारी पुलिस हेडक्वार्टर से दी गई है। सीआईबी प्रमुख किरण बज्राचार्य ने कहा कि बुधवार देर शाम पुलिस हेडक्वार्टर से इस बारे में लिखित निर्देश आने के बाद दो पूर्व प्रधानमंत्री सहित कुछ अन्य उच्च पदस्थ सरकारी कर्मचारियों को भी समन भेजा गया है।

## प्रकाशक और शिक्षाविद नरेंद्र कुमार का निधन

**नयी दिल्ली।** वयोवृद्ध प्रकाशक, शिक्षाविद, लेखक एवं हर-आनंद प्रकाशन के संस्थापक अध्यक्ष नरेंद्र कुमार का गुरुवार सुबह आयु संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे। नरेंद्र कुमार के परिवार में उनके प्रकाशक बेटे अशोक और आशीष तथा अधिवक्ता बेटी हैं।

## आतंकवादियों के छह सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामुला और बडगाम जिलों में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आतंकवादियों के छह सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तरी कश्मीर में बारामूला के उरी क्षेत्र में एक आतंकी मॉड्यूल का खुलासा किया गया और इसके संचालन में शामिल लश्कर के तीन आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया।

## हिमाचल में बादल फटने से मकान ढहा, दो शव बरामद

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में बादल फटने से एक गांव में पानी घुस जाने के बाद एक मकान ढह गया, जिसके मलबे में फंसे एक परिवार के पांच लोगों में से दो के शवों को गुरुवार को बरामद कर लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार रात को बादल फटने की यह घटना जिले के पोंटा साहिब क्षेत्र में हुई। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से एक घर ढह गया, जिसके मलबे में एक ही परिवार के पांच लोगों के दबे होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि दो शवों को बरामद कर लिया गया है। मृतकों की पहचान कुलदीप (62) और नीतिश (10) के रूप में हुई है। मलबे में कुलदीप की पत्नी समेत पांच लोगों के फंसे होने की आशंका है।

### अधीर रंजन चौधरी की आपत्तिजनक टिप्पणी पर सत्ता पक्ष ने किया जोरदार हंगामा

# संसद में आयी हाथापाई की नौबत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी की आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद सदन में सत्तापक्ष ने जोरदार हंगामा हुआ और हाथापाई की नौबत आ गयी। सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर कांग्रेस के नेता अधीररंजन चौधरी भाषण दे रहे थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, रेल, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव आदि सभी सदन में मौजूद थे। विपक्षी बेंच पर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारुख अब्दुल्ला की उपस्थिति में चर्चा के बीच चौधरी ने कहा कि हम समझ रहे थे कि नीरव मोदी देश से भाग गया और कैरेबियाई देशों में मजे कर रहा है। लेकिन अब समझ में आया है कि नीरव मोदी कहीं नहीं गया। वह देश में ही है और नरेन्द्र मोदी बनकर बैठा हुआ है। इतना कहना था कि सत्तापक्ष में तेज शोर उठा और प्रधानमंत्री को छोड़ कर सभी मंत्री एवं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सभी सांसद अपने स्थान से उठकर कांग्रेस नेता को ललकारने लगे। इसी बीच भाजपा के सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त अपने स्थान से उठ कर तेजी से चौधरी की ओर लपके और चुनौती देने लगे। इस पर विपक्ष के कई सांसद भी आगे बढ़े।

- लोकसभा में कांग्रेस के नेता ने मोदी को लेकर दिया बयान
- भाजपा के सांसद वीरेंद्र सिंह तेजी से चौधरी की ओर लपके और विपक्ष के कई सांसद भी आगे बढ़े



उधर वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने वीरेन्द्र सिंह मस्त को पकड़ा और उन्हें वापस ले आये। चौधरी भी एक बारगी सहम गये थे। प्रधानमंत्री अपने स्थान पर बैठे हुए सब देखते रहे और उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

इसके बाद अध्यक्ष ने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का नाम पुकारा और सिंधिया ने अपनी बात शुरू की। श्री सिंधिया ने अपने भाषण में संप्रग पर प्रहार किये और कहा कि वह 20 साल से संसद में हैं लेकिन आज के जैसा दृश्य कहीं नहीं देखा और ना सोचा। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ लोगों द्वारा चुने गये प्रधानमंत्री के प्रति जैसे शब्दों का प्रयोग किया गया, वैसा कभी किसी प्रधानमंत्री के प्रति नहीं किया गया। विपक्ष को देश की जनता के सामने माफी मांगनी पड़ेगी। विपक्ष के लोग आज भी अविश्वास प्रस्ताव पर बोलने के लिए तैयार हैं लेकिन ना सदन और ना ही देश की सुनने को राजी हैं। इनका यही बर्ताव रहा तो लोकतंत्र के इस मंदिर में इनकी कोई नहीं सुनेगा। सिंधिया ने कहा कि 17 दिन से संसद का सत्र नहीं चलने दे रहे हैं। मौनव्रत के आरोप लगाते हैं तो उन्हें भी बताना चाहिए कि 1993 की हिंसा, 2011 की हिंसा पर कांग्रेस के तत्कालीन प्रधानमंत्रियों ने क्यों मौन रखा था। उन्होंने कहा कि आईएनडीआईए एक अवसरवादी समूह है। उधर कांग्रेस के नेताओं ने आपस में चर्चा करके सदन से बहिर्गमन करने की घोषणा कर दी । पीठासीन अधिकारी राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष का वाक आउट उचित नहीं है। आप ही अविश्वास प्रस्ताव लाये हैं लेकिन उसका जवाब सुनने की बजाए वाक आउट कर रहे हैं। यह सदन का अपमान है। श्री सिंधिया ने कहा कि देश की जनता ने बाहर का रास्ता दिखा दिया है और सदन से बाहर ये खुद ही जा रहे हैं। इन्हें अपने अविश्वास प्रस्ताव पर खुद ही विश्वास नहीं है।

### अधीर रंजन चौधरी लोकसभा से निलंबित

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी को अनियमित आचरण के लिए लोकसभा से निलंबित कर दिया गया। निलंबन प्रस्ताव संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी द्वारा पेश किया गया। लोकसभा ने कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी के आचरण के मामले को विशेषाधिकार समिति के पास भेजने का फैसला किया है। समिति का फैसला आने तक उन्हें लोकसभा से निलंबित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। अपने प्रस्ताव में, प्रह्लाद जोशी ने अधीर रंजन चौधरी पर संसदीय कार्यवाही के दौरान लगातार व्यवधान पैदा करने और यहां तक कि देश और इसकी छवि को अपमानित करने का आरोप लगाया। वह तब तक निलंबित रहेंगे जब तक विशेषाधिकार समिति इस मामले पर अपनी रिपोर्ट नहीं सौंप देती।

## मिजोरम पर विपक्ष का राज्यसभा में हंगामा

**नयी दिल्ली।** मिजोरम पर गृह मंत्री के एक बयान पर राज्यसभा में बृहस्पतिवार को विपक्षी दलों ने जमकर हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी। भोजनावकाश के उपरांत सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही शुरू की तो मिजो नेशनल फ्रंट के के. वनलालवेना आसन के समक्ष आकर बोलने लगे। सभापति ने उन्हें अपनी सीट पर जाने के लिए कहा और सीट पर जाने के बाद बोलने की अनुमति देने की बात कही। थोड़ी देर बाद अनुमति मिलने पर वनलालवेना ने मिजोरम पर गृह मंत्री के एक बयान का मामला उठाया तो सभापति ने इसकी अनुमति नहीं दी। इसके समर्थन में कांग्रेस और विपक्ष के अन्य सदस्य आसन के समक्ष आ गये और जोर जोर से नारेबाजी करने लगे। इस बीच विपक्ष के हंगामे के दौरान ही सभापति ने दो विधेयकों मुख्य चुनाव आयुक्त एवं अन्य चुनाव आयुक्त नियुक्ति की सेवा शर्तें विधेयक 2023 और डाकघर संबंधित विधेयक सदन में पेश कराये। इसी दौरान भारी शोरगुल में फार्मेसी संशोधन विधेयक 2023 को बगैर किसी चर्चा के ध्वनिमत से पारित कराया गया।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री व आदिवासी नेता नेताम ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

### छत्तीसगढ़ में चुनाव से पहले बड़ा झटका

एजेंसी

**रायपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ आदिवासी नेता अरविंद नेताम ने गुरुवार को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। नेताम ने पार्टी पर आदिवासी समुदाय के नेताओं की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। नेताम के इस्तीफे पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि नेताम बहुत पहले से पार्टी विरोधी कार्य कर रहे थे। कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद नेताम ने आरोप लगाया कि वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी अध्यक्ष रहे राहुल गांधी ने जनजातियों को पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम (पेसा) को लागू करने का बार-बार आश्वासन दिया था, लेकिन उनकी सरकार ने पेसा कानून की धज्जियां उड़ा दी हैं।

**आदिवासी दिवस पर पेसा कानून को बघेल ने किया समाप्त : नेताम**



वरिष्ठ जनजातीय नेता ने कहा कि मैंने काफी सोच-विचार करने के बाद विश्व जनजातीय दिवस नौ अगस्त को अपना इस्तीफा दे दिया, क्योंकि उसी दिन राज्य सरकार ने पेसा अधिनियम को समाप्त कर दिया है, जो समुदाय (जनजातीय) को जल जंगल जमीन का अधिकार देता है। ये इस्तीफा एक तरह का विरोध है। कई अन्य कारण भी हैं। अरविंद नेताम के नेतृत्व में सर्व जनजातीय समाज ने छत्तीसगढ़ विधानसभा की 90 सीट में से 50 सीट पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। नेताम ने कहा कि हम सीधे तौर पर 30 विधानसभा सीट पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे, लेकिन उन 20 सीट पर भी लड़ेंगे जहां जनजातीय लोगों का जनादेश पर बड़ा प्रभाव है। उन्होंने कहा कि इन 20 सीट पर उनकी पार्टी अन्य समुदायों के उम्मीदवारों का भी स्वागत करेगी। चुनावी गठबंधन को लेकर नेताम ने कहा कि भाकपा, माकपा, बसपा और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के साथ बात कर रहे हैं, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी द्वारा स्थापित क्षेत्रीय पार्टी जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के साथ कोई बातचीत नहीं हुई है। उन्होंने आप (आम आदमी पार्टी) के साथ गठबंधन करने से भी इनकार किया। जब उनसे पूछा गया कि भाजपा नेता अनुमान लगा रहे हैं कि उनकी पार्टी कांग्रेस पार्टी के वोट बैंक में सेंध लगाएगी, तो उन्होंने कहा कि सर्व जनजातीय समाज किसी भी राजनीतिक दल के लाभ के लिए चुनाव नहीं लड़ रहा है। नेताम ने कहा कि हम अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं जो खतरे में है। जनजातीय क्षेत्रों में संसाधनों की जो लूट शुरू हो चुकी है, हमें इसके बारे में समुदाय (जनजातीय) को जागरूक करना होगा।

## संप्रग सरकार ने केवल सपने दिखाये , हम कर रहे हैं पूरा : सीतारमण

**नयी दिल्ली।** भाजपा नेता एवं केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संप्रगसरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल को भ्रष्टाचार, परिवारवाद, भाई-भतीजावाद से ग्रस्त और झूठे सपने दिखाने वाला कालखंड करार देते हुए कहा कि वह सपने दिखाते थे, हम सपने पूरे करते हैं। सीतारमण ने विपक्ष की ओर से मोदी सरकार के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव पर तीसरे दिन की चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि संप्रग सरकार के कार्यकाल की तुलना में देश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में उल्लेखनीय तरक्की की है। कोविड संकट के बाद जहां वैश्विक आर्थिक परिदृश्य धुंधला होता जा रहा है, वहीं भारत की आर्थिक वृद्धि चौंकाने वाली है। यह सब मोदी सरकार की कुशल नीतियों के कारण संभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि संप्रग सरकार के कार्यकाल में 2जी, कोयला आदि घोटालों की भरमार थी।

# पाकिस्तान में संसद भंग

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की बुधवार देर रात संसद भंग किए जाने की सिफारिश पर राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने संसद को भंग कर दिया। इसके साथ ही पाकिस्तान में शहबाज शरीफ की सत्ता का अंत हो गया। पाकिस्तान में नये सिरे से चुनाव होंगे। हालांकि राजनीतिक हलचल का केंद्र बने इमरान खान के इस चुनाव में हिस्सा लेने को लेकर गहरा संशय है। देश की मौजूदा संसद का पांच साल का कार्यकाल 12 अगस्त को पूरा हो रहा था।

शहबाज शरीफ के समक्ष नये चुनाव में जाने की बाध्यता थी। अब पाकिस्तान निर्वाचन आयोग को 90 दिनों में चुनाव कराने होंगे। इससे पहले शहबाज शरीफ ने संसद को बताया था कि वे संसद भंग करने की सिफारिश करने जा रहे हैं। 2018 में हुआ पिछला चुनाव पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेता इमरान खान ने जीता था और वे प्रधानमंत्री बने। लेकिन सेना के साथ तकरार के बाद 2022 में उनकी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया, जिसमें इमरान खान की सरकार गिर गई। इसके बाद भ्रष्टाचार के एक मामले में उन्हें जेल में डाल दिया गया है। ऐसी चर्चा तेज है कि इमरान खान अगले पांच साल तक किसी भी चुनाव में हिस्सा नहीं ले सकेंगे।



- प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति ने दी मंजूरी, आम चुनाव का रास्ता साफ
- मौजूदा संसद का कार्यकाल 12 अगस्त को हो रहा था पूरा
- जेल में बंद इमरान खान के चुनाव में हिस्सा लेने पर संशय

# चांद पर भारत का पड़ोसी होगा रूस

### आज लूना-25 मिशन लांच करेगा

एजेंसी

**मॉस्को।** भारत का चंद्रयान तीन चंद्रमा की ओर बढ़ रहा है। इस बीच रूस भी अपना लूना-25 मिशन लॉन्च करने वाला है। 11 अगस्त को रूस 5 दशकों बाद अपना पहला चंद्रमा मिशन लॉन्च करेगा। इसरो का लक्ष्य है कि भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला पहला देश बने। रूस भी इसी लक्ष्य के साथ अपना मिशन लॉन्च करेगा।

रूस का भी लक्ष्य है कि दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग कराई जाए। चंद्रयान-3 के लैंडिंग की लोकेशन 69.63 दक्षिण, 32.32 पूर्व है। लूना 25 की बात करें तो यह 69.5 दक्षिण 43.5 पूर्व है। अगर दक्षिणी ध्रुव के सबसे करीब की बात करें तो यह चंद्रयान-3 ही होगा। हालांकि रूस चांद पर भारत का पड़ोसी होगा। दोनों के बीच इस दौरान 118 किमी की दूरी रहेगी। यह जानकारी शनमुगा सुब्रमण्यन ने दी है। साल 2019 में जब चंद्रयान 2 चांद के दक्षिणी ध्रुव पर क्रैश हो गया था तब नासा ने इसकी तस्वीर जारी की थी।

## एयर इंडिया ने जारी की नयी ब्रांड पहचान

**नयी दिल्ली।** टाटा समूह के स्वामित्व में आने के बाद एयर इंडिया का कायाकल्प करने की योजना के तहत गुरुवार को एयरलाइन की नई ब्रांड पहचान और विमान के रंगरूप का अनावरण किया गया। एयर इंडिया ने बताया कि विमान का नया रूप एयर इंडिया द्वारा पहले से इस्तेमाल की जाती रही भारतीय खिड़की को सोने की खिड़की के फ्रेम में डिजाइन किया गया है। एयर इंडिया का नया लोगो द विस्टा सोने की खिड़की के फ्रेम के शिखर से प्रेरित है, जो असीमित संभावनाओं, प्रगतिशीलता और भविष्य के लिए एयरलाइन के साहसिक, आत्मविश्वासपूर्ण दृष्टिकोण को दर्शाता है।

# सेंसेक्स 308 अंक लुढ़का

एजेंसी

- मौद्रिक नीति समीक्षा के बाद शेयर बाजार में मचा हड़कंप निफ्टी में 85 अंकों की गिरावट



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा के बाद घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स करीब 308 अंक टूट गया। मौद्रिक समीक्षा में बैंकों से अतिरिक्त नकदी लेने की अप्रत्याशित घोषणा के बाद बाजार नीचे आया। अमेरिका में मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी होने से पहले निवेशक थोड़े सतर्क भी रहे। आरबीआई ने लगातार तीसरी मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दर रेपो को 6.50 प्रतिशत पर बरकरार रखा। हालांकि, उसने संकेत दिया कि अगर खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने से महंगाई बढ़ती है, तो वह कड़ा मौद्रिक रुख अपना सकता है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 307.63 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 65,688.18 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 486.67 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 89.45 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,543.10 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में एशियन पेंट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी, भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, नेस्ले, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, मारुति और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में इंडसइंड बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाइटन, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा और पावरग्रिड शामिल हैं।

## जरूरत पड़ी तो महंगाई पर काबू के लिए और बड़े कदम उठायेंगे : दास

**मुंबई।** आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि महंगाई पर काबू पाने के लिए हमें जरूरत होने पर अर्जुन की नजर से भी आगे के लिए तैयार रहना होगा। टमाटर और अन्य सब्जियों के दामों में उछाल की वजह से चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के अनुमान को ऊपर की ओर संशोधित किया गया है ।द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए गवर्नर दास ने कहा कि जून तिमाही में खुदरा मुद्रास्फीति 4.6 प्रतिशत रही है, जो पिछली जून की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के अनुमान के अनुरूप है।

# दिशा से ब्रेकअप के बाद श्रॉफ की जिंदगी में नयी 'दिशा'

**मुंबई।** अभिनेता टाइगर श्रॉफ और अभिनेत्री दिशा पटानी रिलेशनशिप में थे, लेकिन डेढ़ साल पहले उनका ब्रेकअप हो गया। दोनों ने अपने ब्रेकअप का खुलासा तो नहीं किया, लेकिन एक इंटरव्यू में टाइगर ने कहा था कि वह सिंगल हैं। उसके बाद उन्हें और दिशा को एक साथ नहीं देखा गया। ऐसे में टाइगर की जिंदगी में एक और ह्यदिशाह्न को लेकर चर्चाएं हो रही हैं। सूत्रों के हवाले से मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक टाइगर पिछले डेढ़ साल से ज्यादा समय से एक लड़की को डेट कर रहे हैं। उनका नाम दिशा धानुका है और वह एक प्रोडक्शन हाउस में बड़े पद पर काम करती हैं। दिशा पाटनी से ब्रेकअप के बाद टाइगर और दिशा लगभग डेढ़ साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। दिशा स्क्रिप्ट में टाइगर की मदद करती हैं, जबकि टाइगर उन्हें फिटनेस टिप्स देते हैं। टाइगर के परिवार को भी दिशा पसंद हैं।



## सावन गीत गेरुआ पगड़िया रिलीज



**मुंबई।** भोजपुरी सिंगर खुशबू तिवारी केटी का गाया हुआ और एक्ट्रेस लवली काजल की अदाकारी से भरा सावन स्पेशल बोलबम गीत गेरुआ पगड़िया वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यू-ट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। वीडियो में दिखाया गया है कि सावन महीना में बहुत से लोग कांवड़ लेकर शिवजी को जल चढ़ाने जाने के लिए तैयारी कर रहे हैं। उसी दौरान एक कांवारिया की पत्नी एक्ट्रेस लवली काजल अपने पति को भी गेरुआ वस्त्र धारण करने के लिए कहती है। गाने में भरपूर बैकग्राउंड डांसरों के साथ लवली काजल ने गजब परफॉर्म किया है। काजल ने साबित कर दिया है कि अब उनका हर एक सॉन्ग सोशल मीडिया में हिट है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी सावन स्पेशल सांग ह्यगेरुआ पगड़ियाह्न के निमार्ता रत्नाकर कुमार हैं। इसे सिंगर खुशबू तिवारी केटी ने अपनी खास शैली में गाया है और एक्ट्रेस लवली काजल ने मनमोहक अंदाज में अदाकारी की है। गीतकार यादव राज के लिखे इस गीत को संगीतकार अभिराम पांडेय ने मधुर संगीत से सजाया है। वीडियो डायरेक्टर जितेंद्र जीतू, कोरियोग्राफर साहिल राज, एडिटर वीके प्रजापति हैं।

## उत्तराखंड में हिंदी में भी होगी एमबीबीएस की पढ़ाई

**देहरादून।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ.धन सिंह रावत ने गुरुवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात की। उधमसिंह नगर जनपद में एम्स ऋषिकेश के सेटेलाइट सेंटर के भूमि पूजन कार्यक्रम और राजकीय मेडिकल कॉलेजों में शैक्षिक सत्र 2023-24 से हिन्दी माध्यम में एमबीबीएस पाठ्यक्रम का विधिवत शुभारंभ करने के लिए आमंत्रित किया। इस पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने सहमति प्रदान की। डॉ. रावत ने बताया कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मांडविया से मुलाकात कर उत्तराखंड की स्वास्थ्य सुविधाओं एवं भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने मंत्री को उधमसिंह नगर जनपद में स्वीकृत एम्स ऋषिकेश के सेटेलाइट सेंटर के भूमि पूजन के लिए आमंत्रित किया।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

## स्पीड न्यूज

### बच्चों संग उपायुक्त ने किया पौधरोपण



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने गुरुवार को पाठशाला एजुकेशन ट्रस्ट के बच्चों के संग समाहरणालय परिसर स्थित बगीचे में पौधरोपण किया। इस दौरान उपायुक्त ने नीम का पौधा लगाया। बच्चों के अभिभावकों ने भी विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाये। उपायुक्त ने इस दौरान बच्चों से बातचीत की। ट्रस्ट संचालक सौरभ समीर ने बताया कि राजा बंग्ला में ट्रस्ट एकल पाठशाला संचालनकर्ता है। इसमें स्ट्रीट वेंडर के छह तक के बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा मिलती है।

### दादी के साथ मारपीट कर जख्मी करने के आरोप में पोता गिरफ्तार, गया जेल

**सेन्हा–लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बरवाटोली में एक ही परिवार में आपसी विवाद में दादी पोता में तू–तू, मैं–मैं हुआ जिसपर पोता लौकेश महतो ने अपनी मसोमात दादी बीना देवी के सर पर प्रहार कर जख्मी कर दिया। जिसकी सूचना बेटी दामाद को मिलते ही बरवाटोली पहुंच घायल अवस्था में बीना देवी का निजी अस्पताल में इलाज करवाते हुए सेन्हा थाना को आवेदन के माध्यम से घटना को लेकर अवगत कराते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि मारपीट की सूचना सत्यापन के बाद थाना कांड संख्या 104/23 दर्ज कर धारा 341, 323, 307, 504, 506 भादवि के आलोक में आरोपी बरवाटोली के स्व राजेश महतो के पुत्र लौकेश को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### अभियान के तहत संग्रह की गयी मिट्टी



**सेन्हा–लोहरदगा।** मेरी मिट्टी मेरा देश के तहत प्रखंड क्षेत्र के वीर शहीदों का गांव से माटी संग्रहन कर पंच शपथ दिलायी गयी। सरकार द्वारा निर्देशित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा प्रखंड क्षेत्र के मुर्कीतोड़ार पंचायत अंतर्गत गोबरसेला ग्राम के वीर शाहिद घामा उरांव और मुर्की ग्राम के मनी उरांव तथा झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत गगेया ग्राम के वीर शाहिद मनीजर उरांव का घर से माटी संग्रहन कर ग्रामीणो को पंच शपथ दिलायी गयी। बीडीओ ने बताया कि देश के लिए प्राण न्योच्छावर करने वाले वीरों को श्रद्धांजलि देने के लिए मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मौके पर बीपीओ निलेंद्र कुमार, मुखिया बंधन उरांव, जनसेवक उमेश कुमार के अलावे नंदकिशोर शुक्ला, सोमा उरांव, मनमोहन साहू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### एसपी से बसिया निवासी ने की दक्षिणी कोयल नदी से बालू उठाव की शिकायत

**गुमला।** बसिया प्रखंड के निनई निवासी अजय साहू ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप दक्षिणी कोयल नदी से एनजीटी के तहत रोक के बावजूद अवैध रूप से बालू उठाव की शिकायत की है। अजय ने कहा कि दक्षिणी कोयल नदी से खुलेआम जेसीबी लगाकर प्रतिदिन सैकडों ट्रैक्टर बालू निकाला जा रहा है। हाइवा से भी बालू लोड कर बाहर भेजा जा रहा है। बसिया थाना क्षेत्र के कुम्हारी निवासी प्रेम चंद साहू अवैध बालू उठाव को लेकर ग्रामीणों को धमका रहा है। वहीं दबंगों के साथ मिलकर गांव वालों को उसका भी रहा है।

### पालकोट में आग से महिला झुलसी

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के सुंदरीडीह में खाना बनाने के दौरान घासी खड़िया की पत्नी कुसुम देवी के साड़ी में आग पकड़ लिया। आग से महिला का शरीर झुलस गया। जिससे वह जख्मी हो गयी। परिजनों ने तत्काल इलाज के लिए नजदीकी उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार करते हुए चिकित्सकों ने उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### मुआवजा के लिए भटक रहे हैं परिजन

**गुमला।** आंध्रप्रदेश की निजी कंपनी में कार्य के दौरान एक दुर्घटना में गुमला जिला के घाघरा प्रखंड के चूल्हामाटी निवासी मजदूर पवन बघवार की मौत तीन माह पहले हो गयी। मजदूर की मौत के बाद पार्थिव शरीर किसी तरह आया। अब मजदूर के परिजन मुआवजा राशि को लेकर दर–दर की ठोकरें खा रहे हैं। कंपनी मुआवजा राशि देने में आनाकानी कर रही है। मृतक की मां रायमुनी असुर ने बताया कि बहुत मुश्किल से विभागों के चक्कर लगाने के बाद मृत्यु प्रमाण पत्र और सदस्यता प्रमाण पत्र और सभी अन्य पत्र बनाया गया। लेकिन मुआवजा के लिए कंपनी कोई उचित कार्य नहीं कर रही है।

### विहिप-बजरंग दल ने जुटाया 6 यूनिट रक्त

**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला परिसर स्थित ब्लड बैंक में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल गुमला के 6 कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में योगेश केसरी, ओम प्रकाश सिन्हा, सूरज सोनी, मुकेश सिंह, भीम सिंह, दीपक सोनी शामिल हैं। बजरंग दल के जिला संयोजक रविंद्र सिंह ने बताया कि सभी कार्यकर्ताओं ने सदर अस्पताल में इलाजरत मरीज की सहायता में रक्तदान किया। अभी की परिस्थिति में ब्लड बैंक में ब्लड नहीं है इसलिए हमारा संगठन प्रयास कर रहा है कि हर जरूरतमंद मरीज को ब्लड उपलब्ध करवाया जा सके। मौके पर मुन्ना बड़ाइक, विजय पन्ना, रवि नायक, यशराज सिंह लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार, अंजू किंडो, रोहित खंडेलवाल मीडिया प्रभारी उपस्थित थे।

### केंद्रीय मंत्री पद पर अपना बर्थ सुरक्षित करना चाहते हैं निशिकांत : सागर कुमार

**रांची।** जदयू के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने कहा की गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे इन दिनों केंद्र में मंत्री पद के लिए व्याकुल हैं। वह चाहते हैं कि लोकसभा चुनावों के पूर्व केंद्रीय मंत्रिमंडल के अंतिम विस्तार में उनका बर्थ कन्फर्म हो जाए, इसलिए आज कल वह कुछ भी बोलते रहते हैं। पूर्व में काफी समय तक निशिकांत दुबे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार पर टिप्पणी करते रहते थे। बावजूद संगठन और सरकार में उनकी उपेक्षा हुई। आजकल जदयू और जदयू के नेताओं पर बयानबाजी कर रहे हैं। शायद जदयू का जाप करने से उन्हें कुछ प्राप्त हो जाये। वैसे भी आजकल जदयू पर बोलने वाले नेताओं को भाजपा में प्राथमिकता मिल रही है। उन्होंने कहा कि निशिकांत कह रहे हैं कि वह चुनाव में जदयू को फंडिंग कराते थे, तो उन्हें यह भी बताना चाहिए की किस कंपनी के एवज में वह यह फंडिंग कराते थे।

---

सांसद ने लोकसभा में उठाये हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी कला सूर्य मंदिर के सामने और रोहतास नौहट्टा प्रखंड के देवीपुर में सोन नदी पर पुल निर्माण कराने का मामला

# पुल निर्माण से झारखंड, उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच अंतरराज्यीय कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी : विष्णुदयाल राम

>> जपला सीमेंट फैक्ट्री बंद होने के बाद हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में कोई उद्योग या वैकल्पिक व्यापार का रास्ता नहीं है, यहां के मजदूर बिहार-यूपी में आना-जाना करते हैं

## गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत देवरी कला सूर्य मंदिर के सामने एवं दूसरी तरफ रोहतास जिला (बिहार) के नौहट्टा प्रखंड के ग्राम देवीपुर में झारखंड एवं बिहार को जोड़ने वाली सोन नद पर इंटर स्टेट कनेक्टिविटी के तहत पुल निर्माण कराने से संबंधित अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। राम ने कहा कि उक्त जगहों पर पुल निर्माण कराने की आवश्यकता है। उक्त पुल के निर्माण से यात्रियों के यात्रा समय में काफी कमी आएगी और झारखंड, उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। विदित है कि जपला सीमेंट फैक्ट्री बंद होने के बाद हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में कोई उद्योग या वैकल्पिक व्यापार का रास्ता नहीं है। यहॉ के मजदूर भारी संख्या में बिहार एवं उत्तर प्रदेश में आना-जाना करते है। इस पुल के निर्माण से आवागमन में सुविधा होगी। साथ ही इलाज, शिक्षा, बाजार, उद्योग समेत अन्य जरूरतों के लिए प्रतिदिन आवागमन करने वाले लोगों की सुविधायें बढ़गी। गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही साथ वामपंथी उग्रवाद पर अंकुश लगेगा एवं लोगों को नए-नए रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके अतिरिक्त बिहार के डेहरी पुल पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा और औरंगाबाद-सासाराम शहरों को जाम की समस्या से निजात मिल सकेगी। उल्लेखनीय है कि उक्त पुल के निर्माण हेतु सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार ने झारखण्ड सरकार से प्रस्ताव की मांग किया है, ताकि उक्त स्थान पर पुल निर्माण की स्वीकृति प्रदान किया जा सके। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार से अनुरोध है कि उक्त पुल का निर्माण अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी परियोजना के तहत कराने की कृपा की जाय। उक्त पुल की मांग झारखंड एवं बिहार सीमावर्ती जिलों के बीच आवागमन करने वाले लोगों की लंबे समय से रही है। उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

---

टीपीएस डीएवी स्कूल, बहरागोड़ा के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए सी पी राधाकृष्णन

# बच्चे शिक्षित होंगे तभी देश आगे बढ़ेगा : राज्यपाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



डीएवी स्कूल के वार्षिकोत्सव का उद्घाटन करते राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन।

**बहरागोड़ा/जमशेदपुर।** टीपीएस डीएवी स्कूल में गुरुवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के महामहिम राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन शामिल हुए। इस दौरान महामहिम राज्यपाल जमशेदपुर से सड़क मार्ग होते हुए बहरागोड़ा टीपीएस डीएवी स्कूल पहुंचे। राज्यपाल के स्कूल पहुंचने पर स्कूल के चैयरमेन डॉ बिनी षाड़ंगी व स्कूल के पाचार्य अनूप कुमार द्वारा गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया। उसके उपरांत महामहिम राज्यपाल स्कूल में स्कूल के संस्थापक स्वर्गीय तरापद षाड़ंगी की मूर्ति का अनावरण किया। स्कूल परिसर में विद्यार्थियों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर राज्यपाल का स्वागत किया गया। ततपश्चात सभी अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय गान गाकर तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल के समक्ष बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महामहिम राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने कहा कि बहरागोड़ा शिक्षा के मामले में सबसे आगे है। बच्चे शिक्षित होंगे तभी देश आगे बढ़ेगा. इसीलिए बच्चे पढ़ाई पर जोर दें। वही बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि जो चीजें सरकारी स्कूलों में बच्चों को सिखाया जाता है वह प्राइवेट स्कूलों में शायद ही सीखने को मिलता है। इसको लेकर वर्ष में एक बार गर्मियों की छुट्टियों में समर वकेशन के आयोजन में सरकारी और प्राइवेट स्कूल के बच्चों को एकसाथ रखकर उनके बीच की दूरियों को कम करें और एक-दूसरे से कुछ सीखने का मौका दें। इससे हमारे देश में एकता का एक नया परिचय दिखेगा। मनुष्य को यदि अपनी लक्ष्य को प्राप्त करना है तो उसे अनुसाशन का पालन करना अति आवश्यक है। एक कामयाब मनुष्य के पीछे उसका अनुशासन का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के समय भारत देश के लगभक 144 करोड़ आबादी मुसीबत में आ गई थी तो हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हार नही माने और देश एवं राज्य के सुदूरवर्ती जगहों में प्रत्येक लोगों तक कोविड वैक्सीन और कोरोना जांच किट को पहुंचाने का काम किया है। इसी के साथ, अन्य देशों को भी जरूरत के अनुसार वैक्सीन की आपूर्ति की गई और यह सब हमारे प्रधानमंत्री के प्रयास से हो संभव हो पाया है। राज्यपाल ने देश के प्रधानमंत्री का उदाहरण देते हुए कहा कि वे अपने सभी कार्य समय पर करते है जिससे कि आज वे इतने बड़े पद पर है और आज भी अपने सभी कार्य समय पर करते हैं। मनुष्य को उसका अनुसाशन ही उसे सफलता की राह पर ले चलती है।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत



**कैरो।** लोहरदगा जिले के कैरो थाना क्षेत्र अंतर्गत एड़ादोन के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। जबकि दो लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि सढ़ाबे गांव निवासी रामकुमार उरांव का पुत्र मनोज उरांव (22) अपने मोटरसाइकिल से गांव के ही कुलदीप महली व विवेक उरांव के साथ कैरो से सढ़ाबे की ओर जा रहे थे, तभी एड़ादोन के समीप वे अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गए। जिसमें मनोज उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कुलदीप व विवेक को हल्की-फुल्की चोटें आयी है। वहीं मनोज उरांव को स्वजनों द्वारा मांडर अस्पताल ले जाया जा रहा था तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

---

## डीसी ने किया मतदाता सूची का पन्ना वेरिफिकेशन

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा गुरुवार को मतदाता सूची का पन्ना वेरिफिकेशन किया गया। इसमें पाया गया कि कई मतदाताओं के अनुभाग (पता) में त्रुटि है। इस संबंध के संबंधित बीएलओ को प्रपत्र-08 भरे जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही, सुपरवाइजर को भी अपने स्तर से वेरिफिकेशन सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया। नगर परिषद क्षेत्र में न्यू आजाद बस्ती और बंगला बगीचा में मतदाता सूची के भाग संख्या 274 के पृष्ठ संख्या 351 से 390 तक का वेरिफिकेशन किया गया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, सिटी मैनेजर विजय कुमार संबंधित सुपरवाइजर, बीएलओ व निर्वाचन कार्यालय के कर्मीगण उपस्थित थे।

## राहुल गांधी के बढ़ते प्रभाव व लोगों का उनके प्रति लगाव से घबरायी भाजपा : अरुण पांडेय

खबर मन्त्र संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक गुरुवार को झखरा कुंबा में प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे ने कहा कि राहुल गांधी के बढ़ते प्रभाव और लोगों का उनके प्रति लगाव से भाजपा घबरा गयी है। वहीं बिशुनपुर विधानसभा को-ऑर्डिनेटर नेसार अहमद ने कहा कि झारखंड के खूंटी और लोहरदगा लोकसभा में लीडर डेवलपमेंट मिशन का कार्य चल रहा है। जिसके तहत संगठन को जिला स्तर, प्रखंड स्तर एवं पंचायत स्तर पर सशक्त करना है। 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले नेतृत्व क्षमता को विकसित करते हुए आगे बढ़ाया जायेगा। महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, ओबीसी प्रकोष्ट, एसटी प्रकोष्ठ, एससी प्रकोष्ठ, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्षों की नियुक्ति कर पूरी कमेटी बनाई जायेगी।

### लंबित आपराधिक कांडों की एडीजी अभियान आज करेंगे समीक्षा

**रांची।** झारखंड में चार साल से अधिक समय से लंबित आपराधिक कांडों की समीक्षा एडीजी अभियान शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे। इस समीक्षा बैठक में एटीएस एसपी और सभी जिलों के एसएसपी, एसपी, जोनल आईजी और सभी रेंज के डीआईजी शामिल रहेंगे। इस दौरान अभियोजन स्वीकृत्यादेश (प्रोसिक्यूशन सेंशन ऑर्डर) के लिए लंबित कांडों की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की जायेगी।

**मार्गदर्शन और स्क्रीनिंग कमिटी बनायी गई**

लंबे समय से लंबित केस के निष्पादन के लिए मार्गदर्शन और अनुवीक्षण (स्क्रीनिंग) समिति बनायी गयी है। इस समिति के अध्यक्ष एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर, उपाध्यक्ष, आईजी और सीआईडी को बनाया गया है। जबकि सभी रेंज के डीआईजी इसके सदस्य हैं। पुराने लंबित आपराधिक मामलों के निष्पादन में तेजी आयी है। राज्य का पुलिस विभाग इस काम को पूरा करने में जोर-शोर से जुटा हुआ है। अब तक राज्य के 75 प्रतिशत से अधिक लंबित कांडों का निष्पादन पुलिस पदाधिकारियों ने पूरा कर लिया है।

### सीएम को मुख्य सचिव समेत अन्य पदाधिकारियों ने दी जन्म दिन की बधाई

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के जन्मदिवस के अवसर पर कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में गुरूवार को मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव सुनील कुमार, महाधिवक्ता राजीव रंजन, उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी कौशल किशोर सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी के प्रति सहृदय आभार जताते हुये धन्यवाद किया।

### सीएम से मिलीं जेपीएससी की अध्यक्ष डॉ मेरी नीलिमा केरकेट्टा

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरूवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में झारखंड लोक सेवा आयोग की अध्यक्ष डॉ मेरी नीलिमा केरकेप्ता एवं सदस्य डॉ अजिता भप्ताचार्या ने मुलाकात कर उन्हें जन्मदिवस की हार्दिक बधाई तथा शुभकामनाएं दीं। साथ ही, मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डॉ मेरी नीलिमा केरकेप्ता एवं डॉण अजिता भप्ताचार्या के प्रति आभार जताया तथा उन्हें धन्यवाद किया। एक अन्य खबर के अनुसार मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में सीसीएल सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी ने मुलाकात कर जन्मदिवस की हार्दिक बधाई दी।

---

## देश के वीरों के सम्मान में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है : हनी सिन्हा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** देश के के लिए शहीद हुए वीरों के सम्मान में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त बातें नेहरू युवा केन्द्र की राज्य निदेशक हनी सिन्हा ने कहीं। गुरूवार को प्रेस वार्त्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की शुरूआत 9 अगस्त से की गयी है। जिसका समापन 30 अगस्त को दिल्ली में होगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य युवाओं को देश के प्रति जागरूक करना एवं जो देश की रक्षा करते है उनके प्रति सम्मान कि भावना को जगाना है। इस कार्यक्रम का अयोजन राज्य के 24 जिलों एवं 260 प्रखंडों में किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सचिव युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय,सचिव पंचायती राज मंत्रालय,ग्रामीण विकास मंत्रालय,जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,संस्कृतिक मंत्रालय भारत सरकार एवं झारखंड सरकार के मुख्य सचिव तथा राज्य के सभी उपायुक्त के साथ बैठक आयोजित कर समस्त पंचायतों एवं प्रखडों में कार्यक्रम को सफलता पूर्वक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान सभी पंचायतों में अमृत वाटिका का निर्माण, पंचायतों से मिटी का संग्रहण एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान,पंच प्रण की शपथ एवं ध्वजारोहण, शिलाफलकम की स्थापना एवं अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

## कांग्रेस ने आदिवासियों को सिर्फ वोट बैंक ही समझा : प्रदीप वर्मा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने झारखंड कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडेय के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। श्री वर्मा ने कहा कि कांग्रेस का दृष्टिकोण शुरू से ही आदिवासी विरोधी रहा है। कांग्रेस पार्टी ने आदिवासियों को केवल वोट बैंक समझा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की गलत नीतियों के कारण ही आदिवासी समाज आजाद भारत में लंबे समय तक विकास की मुख्य धारा में नही जुड़ पाया। इसी का परिणाम था कि झारखंड अलग राज्य की मांग उठी।

उन्होंने कहा कि अलग राज्य के आंदोलन को भी कुचलने की हर संभव कोशिश कांग्रेस पार्टी ने की। इसने आंदोलन को खरीदने जैसे घृणित कार्य किये। आज भी आंदोलन के क्रेता-विक्रेता दोनों दल राज्य के जल, जंगल, जमीन को लूटने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की इतनी ही चिंता होती तो कश्मीर में धारा 370लगाकर आदिवासी दलितों के अधिकारों से कांग्रेस पार्टी 73 वर्षों तक वंचित नहीं रखती । कांग्रेस गठबंधन सरकार में आदिवासियों की जमीन हड़पी जा रही है। बहन बेटियों की इज्जत लूटी जा रही है।आदिवासियों की हत्याएं हो रही और कांग्रेस पार्टी मौन है।

---

## सर्वसुविधा संपन्न होगा थाना भवन, पुलिस की कार्यक्षमता में आयेगी निखार : मंत्री मिथिलेश

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेष कुमार ठाकुर ने लगभग साढ़े छह करोड़ रूपये की लागत से जिले में नवनिर्मित तीन थाना भवन का उद्घाटन किया। चिनियां प्रखंड मुख्यालय स्थित नवनिर्मित थाना भवन परिसर में गुरूवार को आयोजित उद्घाटन समारोह में मंत्री ने विावित पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर व फीता काटकर उद्घाटन किया। यहीं से मंत्री ने रंका थाना भवन एवं खरौंाी थाना भवन का भी अनलाइन उद्घाटन किया गया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि चिनियां के विकास में आज यह नया अयाय जुड़ गया है। यहां के लोगों के लिए यह बड़ी सौगात है। चिनियां जैसे दुर्गम प्रखंड में थाना का अपना भवन नहीं था। एक समय था जब चिनियां नक्सलवाद से ग्रसित क्षेत्र था ऐसे में यहां काम करना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती थी। यह थाना भवन सभी सुविााओं से युक्त होगा। जिससे पुलिस की कार्य क्षमता में निखार आएगी। साथ ही पुलिसकर्मी नए जोश एवं उमंग के साथ आम लोगों की सेवा करेंगे। मंत्री ने कहा कि सरकार की सोच है कि आाारभूत संरचना मजबूत हो ताकि झारखंड की पहचान विकसित राज्य के रूप में हो सके। यहां प्रखंड कर्मियों के लिए भी भवन का निर्माण कार्य हो रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि अपरााी पुलिस के नजर से नहीं बच सके। झारखंड पुलिस अब सक्षम हो गई है तथा इच्छाशक्ति से काम कर रही है।

## आदिवासी महोत्सव में महापुरुषों शहीदों को नहीं मिली अहमियत : बाबूलाल

### पोस्टर, बैनर में भी महान विभूतियों सिदो-कान्हु, चांद भैरव, तिलका मांझी, भगवान बिरसा मुंडा को नहीं मिली जगह



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार द्वारा आयोजित आदिवासी दिवस समारोह में झारखंड के वीर शहीदों, महान क्रांतिकारियों के अपमान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। श्री मरांडी ने कहा कि समारोह के प्रचार प्रसार में करोड़ों रुपये खर्च किये गये लेकिन पोस्टर बैनर में राज्य के महान विभूतियों सिदो कान्हु,चांद भैरव, तिलका मांझी, भगवान बिरसा मुंडा को कोई जगह नहीं दी गयी। उन्होंने कहा कि सत्ता के अहंकार में जब सत्ताधारी वीर क्रांतिकारियों का तिरस्कार करने लगे तो उसका पतन सुनिश्चित है। प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह झारखंड में डायरेक्टरशिप में चला रहे इलोगों की ऐसी ही नीयत है। उन्होंने कहा कि आदिवासी महोत्सव और जीवन दर्शन की झलकियों के नाम पर रांची की सड़कों पर आदिवासियों की जमीन लूट हड़प कर अरबपति बनने वाले लोग अपनी झलकियां दिखा रहे हैं।

### नक्सल समस्याओं का समाधान है फिल्म बूढ़ा पहाड़



**रांची।** नक्सल समस्याओं का समाधान है फिल्म बूढ़ा पहाह, ग्रामीण इलाकों के युवाओं को कैसे नक्सली अपनी ओर खिंच रहें है। इसी पर आधारीत है यह फिल्म उक्त बातें गुरूवार को फिल्म की पोस्टर लांचिक के मौके पर फिल्म के निदेशक सतीश पाई ने कहीं। उन्होंने कहा कि इस फल्म के सभी कलाकार झारखंड से है। यह एक काल्पनिक फिल्म है। जो एक्शन से भरपूर है। सादरी भाषा में बनाई जाने वाली यह फिल्म 2025 में रिलीज होंगी। मौके पर उपस्थित हरेंद्र ठाकुर ने कहा की सरकार को झारखंडी भाषा में बने वाली फिल्मों को बढ़ावा देने कि जरूरत है।

# अपहृत कातिब का मिला शव, कई दिनों से खोजबीन में जुटी थी पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**आरा।** जिले के टाउन थाना क्षेत्र से कातिब सुशील कुमार श्रीवास्तव के अपहरण के बाद गुरुवार को उनका शव बरामद किया गया है। वहीं, इस मामले में आरोपित मो. अकबर ने पुलिस दबिश के बाद बुधवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया था, वह खेताड़ी मोहल्ला का निवासी है। इस घटना को लेकर अपहत कातिब के भाई ने अपहरण की प्राथमिकी कराई थी। मृतक कातिब की पहचान नवादा थाना क्षेत्र के गिरजा मोड़ निवासी 52 वर्षीय पुत्र सुशील कुमार श्रीवास्तव के रूप में हुई है।

वह पेशे से लाइसेंसी कातिब था और वर्तमान में आरा के रजिस्ट्री ऑफिस में कातिब के रूप में काम करता था। मिली जानकारी के अनुसार नवादा थाना क्षेत्र के पकड़ी गिरजा मोड़ निवासी सुशील कुमार श्रीवास्तव छह अगस्त को किसी काम से धनुपरा गये थे, उसके बाद से ही वह गायब हो गए थे। इसके बाद उनके भाई प्रकाश गौरव के द्वारा अपहरण की प्राथमिकी आरा नगर थाना में दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी में नगर थाना क्षेत्र के खेताड़ी मोहल्ला निवासी अकबर पर पैसों के लेनदेन के विवाद में अगवा किए जाने का आरोप लगाया गया था।



अकबर द्वारा अगवा किए जाने और पचास हजार रुपये मांगे जाने की बात शिकायत में कही गई थी। मृतक के भाई ने बताया कि दस हजार रुपये भेजा भी गया। पैसे लेने के बाद भी उसके भाई को नहीं छोड़ा गया। कहा गया कि शेष चालीस हजार मिलने के बाद ही छोड़ा जाएगा। इसके बाद उसके भाई और आरोपित का मोबाइल भी बंद आ रहा था। उधर, प्राथमिकी दर्ज करने के बाद से ही पुलिस आरोपित को गिरफ्तार करने को लेकर छापेमारी कर रही थी। इसी बीच गुरुवार की सुबह नगर थाना के खेताड़ी मोहल्ला के तालाब नुमा गड्ढ़े से शव को बरामद किया गया।

# चोरी हुई हाइवा 24 घंटे में बरामद चालक समेत 3 गिरफ्तार, गये जेल

## पूर्व में चालक की संलिप्ता से हाइवा की हो चुकी थी चोरी, पुलिस एक को भेजी थी जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** दुमका पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिले के शिकारीपाड़ा थाना पुलिस ने चोरी हुई हाईवा को 24 घंटे के अंदर बरामद करते हुए घटना में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफल रही। इस बावत समाहरणालय स्थित एसपी सभाकक्ष में प्रेसवार्ता कर एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने मामले का उद्भेदन किया। गिरफ्तार अपराधियों में षिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के आलम अंसारी, मजिद अंसारी उर्फ मोजुवा एवं काठीकुंड थाना क्षेत्र के तकरारपुर गांव निवासी रहीम अंसारी है। एसपी श्री खेरवार ने बताया कि बीते 8 जुलाई की रात शिकारीपाड़ा थाना के सरसडंगाल निवासी विनोद प्रसाद भगत का हाईवा खदान से चोरी हो गई थी। काफी खोजबीन के बावजूद हाईवा संख्या जेएच 04 एम 8221 का जब पता नहीं चला तो हाईवा मालिक ने 9 अगस्त को अज्ञात चोर के खिलाफ शिकारीपाड़ा थाना में मामला दर्ज कराया। मामला दर्ज कर पुलिस सक्रिय हुई। पुलिस तत्परता से चोरी हुए हाईवा वाहन की बरामदगी कर घटना को अंजाम देने वाले चोरों की गिरफ्तारी के लिए एसपी के निदेर्शानुसार एसडीपीओ, सदर मो नूर मुस्तफा के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। बीते 9 अगस्त को ही छपामारी दल ने घटना में शामिल षिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के आरोपी आलम अंसारी, मजिद अंसारी उर्फ मोजुवा एवं काठीकुंड के तकरारपुर गांव के रहने वाले रहीम अंसारी को धर दबोचने में सफल रही। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आलम अंसारी चोरी हुई हाईवा का चालक है। जो पूरे मामले का मास्टर माइंड है। गिरफ्तार अपराधियों के स्वीकारोक्ति बयान एवं निशानदेही पर कांड मे चोरी गये हाईवा को पुलिस रानेश्वर थाना क्षेत्र बरमसिया-रघुनाथपुर मुख्य पथ पर गुटबडिया जंगल के पास से बरामद करने में सफल रही। एसपी ने बताया कि इस काड में अन्य अभियुक्त भी शामिल है। जिसके विरूद्ध छापामारी जारी है।गिरफ्तार अपराधियों के खिलाफ पूर्व में ही पीड़ित बिनोद भगत की 3 मई 2023 को चोरी हुई हाईवा के मामले में पुलिस थाना कांड संख्या-41/23 के तहत भादवि की धारा-379/411 में चोरी की घटना अंजाम देने में भी अपनी संलिप्तता स्वीकारी। इस कांड में पूर्व में पुलिस चोरी हुई हाईवा जप्त करते हुए रिसिवर वीरभूम जिले के मल्लारपुर थाना क्षेत्र के रतगोड़ा गांव निवासी नयन बनर्जी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी।





प्रेसवार्ता कर मामले का खुलासा करते एसपी पितांबर सिंह खेरवार एवं बरामद हाइवा।

## वाहनों से लूटपाट में पांच को एक साल की सजा, जुर्माना

**दुमका।** वाहनों से लूटपाट के एक मामले में न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी विजय कुमार यादव की अदालत ने गुरुवार को पांच को सजा और जुमार्ना किया है। न्यायालय ने जिले के गोपीकांदर में वर्ष 2017 में वाहनों से लूटपाट के मामले में दोषी करार देते हुए सजा सुनाया है। न्यायालय ने थाना कांड संख्या 78/17 के भादवी की धारा 170 में पांच गवाहों की गवाही पर पांचों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाया। न्यायालय ने अभियुक्तों में पथरगामा, गोड्डा के राजकुमार भगत उर्फ लड्डू भगत, साहेबगंज के संजय यादव, पंकज यादव, अजय यादव एवं गणेश यादव को दोषी करार देते हुए एक साल और 25 हजार रुपया जुमार्ना की सजा सुनाई। जानकारी के अनुसार 14 सितंबर 2017 को दर्ज प्राथमिकी में बिहार के सुपौल निवासी ट्रक चालक कमलाकांत मुखिया ने गोपीकांदर थाना में मामला दर्ज कराया। बताया कि वह गोपीकांदर के खरौनी बाजार से पत्थर चिप्स लेकर बिहार जा रहा था। मजडीहा गांव के पास स्कार्पियो सवार पांच युवकों ने ओवरटेक कर वाहन को रोक लिया। खुद को साहेबगंज का डीटीओ बताकर वाहन का चालान मांगा।

## एक नजर में

### देश में साढ़े आठ प्रतिशत से अधिक हैं आदिवासी फिर भी नहीं मिल रहा अधिकार : मिथिलेश

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा है कि देश में आदिवासियों की आबादी से साढ़े आठ प्रतिशत से अधिक है, फिर भी उन्हें पूरा हक एवं अधिकार नहीं मिल पा रहा है। राजनीतिक दल के लोग सिर्फ वोट बैंक के रूप में आदिवासियों का इस्तेमाल करते हैं। वे सत्ता में आते ही आदिवासियों को भूल जाते हैं। विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर गढ़वा में आयोजित झारखंड आदिवासी महोत्सव में मंत्री श्री ठाकुर बोल रहे थे। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड में झामुमो की सरकार आदिवासियों की पूरी तरह से हितैषी है। राज्य में आदिवासियों के हित में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनका सीधा लाभ आदिवासी परिवार को मिल रहा है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार आदिवासियों, मूल वासियों एवं झारखंड वासियों के हित में बेहतर कार्य कर रही है। राज्य में आदिवासियों, मूलवासियों को उनका पूरा हक एवं आिकार मिले इसके लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

### पेंटिंग के माध्यम से फाइलेरिया रोग के प्रति किया जागरूक

**चतरा।** जिला में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जागरूकता लाने का काम किया जा रहा है। आमजन से फाइलेरिया की दवा सेवन की अपील की जा रही है। इसे लेकर स्कूली छात्र छात्राएं भी पेटिंग के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहे हैं। फाइलेरिया उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम को लेकर शहर के राज्य संपोषित बालिका उच्च विद्यालय में बुधवार को पेटिंग तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग तीस छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का आयोजन पीसीआई तथा पीरामल संस्था द्वारा किया गया था छात्राओं ने पेंटिंग के माध्यम से हाथीपांव होने के कारणों और इससे होने वाली परेशानियों को दशार्या। प्रतियोगिता में मानसी, रानी तथा विद्या कुमारी सहित अन्य छात्राओं ने हिस्सा लिया। पेंटिंग व निबंध लेखन प्रतियोगिता के प्रथम तीन प्रतियोगियों को पीसीआई की तरफ से प्राइज दिया गया। स्कूल प्रधानाचार्य नीतू प्रजापति ने बताया कि छात्राओं में पेटिंग तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कर उन्हें फाइलेरिया रोग के प्रति जागरूक किया गया और दवा सेवन के लाभ के बारे में बताया गया। पीसीआई से अभिषेक कात्यायन ने बताया कि छात्राओं में पेंटिंग तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता के माध्यम से फाइलेरिया के प्रति जागरूकता लाकर उन्हें दवा सेवन के प्रति प्रोत्साहित किया गया है। ये सभी अपने घरों तथा आसपास के लोगों को दवा सेवन करने के प्रति अपील भी कर रही हैं।

### टेकवा जंगल में अवैध खनन जोरों पर, छापेमारी के पहले भागे आरोपी

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत टेकवा जंगल में ढिबरा के नाम पर माइका का अवैध उत्खनन जोरों पर है। इसमें वन विभाग के संरक्षण का आरोप आम है। हांलाकि कभी कभी छापेमारी भी की जाती रही है। वहीं गुरुवार को वन विभाग और डोमचांच पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप से छापामारी की गई पर उसके पहले ही सूचना मिलने के कारण आरोपी फरार हो गए। छापेमारी के दौरान अवैध उत्खनन में लगे एक जेसीबी को जप्त किया गया। वन क्षेत्र पदाधिकारी रामबाबू समेत विभागीय अधिकारियों को अवैध उत्खनन की सूचना पहले भी दी गयी थी। आज गुरुवार को वन विभाग और पुलिस की टीम ने छापामारी कर जेसीबी को जप्त किया है। छापामारी अभियान में थाना प्रभारी अब्दुल्लाह खान, वनरक्षी उस्मान अंसारी, सिकन्दर कुमार, गोपाल यादव, कुंदन कुमार समेत अन्य वनकर्मी शामिल थे।

### पुलिस ने 5 मवेशी लदे वाहनों को पकड़ा, 3 को भेजा जेल

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कोडरमा पुलिस ने गुरुवार को थाना क्षेत्र के बागीटांड चेकनाका के समीप से पशु लोड 5 वाहनों को पकड़ा। वाहन एवं पशुओं को कोडरमा थाना परिसर में रखा गया है। सभी वाहनों पर कुल 20 गाय, एक भैंस और लगभग 10 गाय के बच्चे लोड पाए गए। वाहन से पशुओं को लेकर जा रहे लोगों ने बताया कि पशुओं को बिहार के बक्सर जिला के किसान पशु मेला से खरीद कर धनबाद के तोपचांची ले जाया जा रहा था। लोगों ने बताया कि झारखंड सरकार के द्वारा संचालित मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत लाभुकों के बीच दुधारू गाय का वितरण करने के लिए गाय को पशु किसान मेला से खरीदारी कर धनबाद जिला गव्य विकास कार्यालय ले जाया जा रहा था। पकड़े गए वाहनों में 2 पिकअप, 2 टाटा मैजिक और एक 407 वाहन शामिल है। इधर कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम ने बताया कि पकड़े गए 5 पशु लदे वाहनों को जब्त कर थाना लाया गया था। 3 वाहनों में दुधारू गाय लोड है। जबकि 2 वाहनों में लदे पशु के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुये मनीष पासवान, वाहिद और संजीव कुमार को जेल भेजा गया है। इस सम्बंध में कांड सख्या 146/23 दर्ज किया गया है।

### मेरी माटी, मेरा देश अभियान को लेकर प्रखंडवासियों में दिख रहा उत्साह

**चक्रधरपुर।** मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत गुरुवार को सिमिदीरी पंचायत से अमृत कलश प्रखंड कार्यालय पहुंचा। मुखिया महेंद्र पूर्ति, पंचायत सचिव भरत खंड पात्र, उप मुखिया सद्दाम हुसैन और पंचायत समिति सदस्य मोहम्मद नियाज ने वार्ड सदस्यों के साथ प्रखंड कार्यालय पहुंच बीडीओ संजय कुमार सिन्हा को सौंपा। मालूम हो कि आजादी का अमृत महोत्सव के एक साल पूरे होने पर आयोजित किए जा रहे इस कार्यक्रम में हर एक गांव से माटी का कलश ग्राम पंचायत तक एवं ग्राम पंचायतों से माटी का कलश प्रखंड स्तर तक लाया जाना है। हर स्तर पर निर्धारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रखंड से नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवकों की ओर से यह माटी देश की राजधानी तक ले जाया जाएगा। जहां राष्ट्रीय स्तर का समारोह होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 जुलाई को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 103वें संस्करण के दौरान 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य देश के लिए अपनी जान गंवाने वाले बहादुर जवानों का सम्मान करना है। बीडीओ संजय कुमार सिन्हा ने अभियान को लेकर कहा है कि इन प्रयासों से हमें अपने कर्तव्यों का एहसास होगा। हमें देश की आजादी के लिए किए गए असंख्य बलिदानों एवं स्वतंत्रता के मूल्य का एहसास होगा। इसलिए, प्रत्येक प्रखंडवासी को इन प्रयासों में शामिल होना चाहिए। मौके पर बीपीआरओ मनोज कुमार सिन्हा, बीपीओ निरंजन मुखी, पल्लवी बोस, नेहा गुप्ता, कुलदीप सिंहदेव आदि उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम का रहा धूम

**कान्हाचट्टी।** प्रखंड के अंतर्गत कैंडीनगर पंचायत में मुखिया अंचला कुमारी ने मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम की धूम रही। पंचायत में कार्यक्रम आयोजित किए गए। आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। जगह-जगह आयोजित कार्यक्रमों में सेल्फी पॉइंट पर लोगों ने हाथ में मिट्टी लेकर पंच प्रण लिया। मुखिया अंचला कुमारी ने कार्यक्रम में ग्रामीणों को आजादी के नायकों की वीरगाथा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को पूरा करने का संकल्प लिया। साथ ही कई जगहों पर पर्यावरण संतुलन के लिए पौधे भी रोपित किए गए।

### जल्द बनेगा खेलकूद के लिए स्टेडियम : किशुन

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित फुटबॉल मैदान में स्टेडियम निर्माण हेतु सिमरिया विधानसभा के विधायक किशुन कुमार दास द्वारा पर्यटन, कला-संस्कृति,खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग सचिव के पास अनुशंसा करते हुए पत्र प्रेषित किया गया है। जिसके आलोक में सरकार के विभागीय संयुक्त सचिव ने उपायुक्त चतरा से प्रखंड स्तरीय स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति से संबंधित प्रस्ताव भूमि विवरणी, चेकलिस्ट एवं तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन सहित अपने मंतव्य के साथ उपलब्ध कराने को कहा है। उक्त आशय की जानकारी गिद्धौर भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार ने देते हुए कहा कि विधायक प्रखंड के युवाओं के प्रति सकारात्मक सोच के साथ संकल्पित हैं। आने वाले समय में अनापत्ति प्रमाणपत्र मिलने के उपरांत सरकार द्वारा स्टेडियम निर्माण कार्य की स्वीकृति मिलते ही प्रक्रिया प्रारंभ कर दिया जायेगा।

### शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुई सेमेस्टर टू की परीक्षा

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित डी.एस.डी. महाविद्यालय, पत्थलगड्डा में हो रही स्नातक सेमेस्टर-2 का आंतरिक परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। डी. एस. डी. महाविद्यालय के प्रधानाचार्य विकास वर्मा ने बताया कि इस महाविद्यालय में प्रशिक्षित शिक्षकों के द्वारा छात्र छात्राओं को पठन-पाठन कराया जाता है इस महाविद्यालय से सैकड़ो छात्र छात्राओं के द्वारा प्रत्येक वर्ष अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण होते हैं उन्होंने बताया की यहां के छात्र-छात्रा बहुत ही मेहनती हैं और उत्साह के साथ परीक्षा में शामिल होते हैं।परीक्षा आयोजन में महाविद्यालय के शिक्षक सिकेन्द्र सर,सनोज सर,मिथिलेश सर,संदीप सर,सत्येन्द्र सर एवं सभी शिक्षक गण उपस्थिति थे।

### हाथियों ने रेलवे की घेराबंदी को तोड़ा, फसलों को किया नष्ट

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत गडगी में हाथियों के झुंड ने दूसरे दिन भी किसानों के फसलों को रौंद दिया, वहीं रेलवे द्वारा किया गया घेराबंदी को भी तोड़ दिया। ग्रामीणों द्वारा मिली जानकारी अनुसार बीती रात करीब दो बजे उत्तरवाहिनी नदी पार कर गांव में हाथियों का झुंड पहुंच गया, जिससे हम सब ग्रामीण भयभीत हैं। वहीं उन्होंने कहा वन विभाग को सूचना देने के बाद भी वन विभाग की टीम नही पहुंची। वहीं हाथियों ने जगमोहन राम, रुपला राम, बालचंद यादव, निजामुद्दीन अंसारी, करीम मियां, गौरा देवी समेत कई किसनों के फसलों को नष्ट कर दिया है।

### प्रमुख ने किया फाइलेरिया उन्मूलन का उद्घाटन

**सिमरिया।** चतरा प्रखंड मुख्यालय के रेफर अस्पताल में गुरुवार को फलेरिया उन्मूलन अभियान का उद्घाटन किया गया। यह उद्घाटन प्रमुख रोहन साहू ने पांच मरीजों को मलेरिया का दवा खिलाकर किया। मौके पर चिकित्सा प्रभारी अशोक करमाली, एमटीएस देव कुमार पाठक और बीपीएम धीरेंद्र कुमार यादव उपस्थित थे। चिकित्सा प्रभारी ने बताया कि प्रखंड में मलेरिया उन्मूलन अभियान का जोर शोर से शुरूआत किया गया है अभियान के तहत सिमरिया और लावालौंग के 210 बुथों में फाइलेरिया के दवा का मुफ्त वितरण किया जाएगा।

# चक्रधरपुर के 19 लाभुकों के बीच हुआ सूकर का वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** कल्याण विभाग की ओर से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत सूकर विकास योजना वित्तीय वर्ष 2020-21 के तहत चक्रधरपुर प्रखंड के 19 लाभुकों के बीच सूकर का वितरण किया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में लाभुकों के बीच शत-प्रतिशत अनुदान पर सूकर का वितरण किया गया। लाभुकों को पीएनडी नस्ल के सूकर दिए गए। मौके पर प्रभारी कल्याण पदाधिकारी मनोज कुमार सिन्हा ने बताया कि सरकार की ओर से स्वरोजगार के लिए लाभुकों के बीच सूकर का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने लाभुकों से कहा कि सूकरों का बेहतर तरीके से पालन-पोषण कर अपनी आय बढ़ाए। इस दौरान प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डा. वसीम सिद्दीकी ने कहा कि सभी सूकर अच्छे नस्ल के है। कहा कि सूकरों को लेकर किसी तरह की परेशानी बीमार आदि होने पर उनसे संपर्क कर सकते है। लाभुकों को चार मादा एवं एक नर के सूकर के साथ दवाई एवं किट भी दिए गए। आपूर्तिकर्ता उमाशंकर पिग फार्म जमशेदपुर है। जिन लाभुकों को सूकर दिए गए उनमें राम सिंह सोय, बबलू ओमोंग, पीरू सोय, वीर सिंह गागराई, धनश्याम कुजूर, अजीत कुजूर, सत कुमार महाली, गंगामुनी महाली, सोना हासदा, विजय सोय, लक्ष्मण कुजूर, सुखलाल जारिका, जय सिंह कायम, विपीन जामुदा, जमुना टोप्पो एवं बुधराम हेम्ब्रोम शामिल है।

## सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने को एसपी ने संभाली कमान

**मसलिया।** सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान मसलिया पुलिस मसलिया सुभाष चौक पर गुरूवार को चलाया। जागरूकता अभियान का नेतृत्व स्वयं जिले के पुलिस कप्तान एसपी पीताम्बर सिंह खेड़वार कर रहे थे। जागरूकता कार्यक्रम में एसपी श्री खेड़वार ने उपस्थित ग्रामीण व स्कूली बच्चों को यातायात के नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया। एसपी ने कहा कि जिले में पिछले 6 माह के दरम्यिन जहां हत्या में 15 से 20 लोगो की मौत हुई है। वहीं सड़क दुर्घटना में 150 लोगो ने अपनी जान गवां चुके है।

## कोयला चोरी में तीन युवकों को दो साल की सजा, जुर्माना

**दुमका।** कोयला चोरी कर संग्रह करने के आरोप में चालक समेत तीन युवक को न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी विजय कुमार यादव की अदालत ने गुरुवार को दोषी करार देते हुए सजा एवं जुमार्ना किया है। न्यायालय ने बिहार के बांका जिला के चालक विपिन कुमार को मूल रिकार्ड के तहत दर्ज प्राथमिकी भादवी की धारा 414/34 में दोषी करार देते हुए सजा सुनाया। न्यायालय ने बिपिन को दो साल की सजा एवं एक लाख रूपया सजा मुकर्रर किया।

## 16 अगस्त से होगा नामांकन

# 16 सितंबर को अंजुमन इस्लामिया चक्रधरपुर का चुनाव




खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** अंजुमन इस्लामिया चक्रधरपुर का चुनावी बिगुल बज गया। चुनाव आयोग ने चुनाव से संबंधित कार्यक्रमों की घोषणा गुरूवार को कर दी। जिसके मतदान की 16 सितंबर रखी गई है। इसकी जानकारी संवाददाता सम्मेलान के माध्यम से अंजुमन इस्लामिया चुनाव आयोग के चेयरमैन शाहिद अनवर ने दी। उन्होंने नामांकन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव की अधिसूचना 10 अगस्त को जारी होने के बाद से आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गया है। नामांकन और नामांकन फार्म की ब्रिक्री 16 से 22 अगस्त तक की जाएगी। जिसका समय संध्या 7 से 9 बजे तक का होगा. नामांकन फार्म की जांच 23 अगस्त को संध्या 7 बजे से की जाएगी। नाम वापसी 24 अगस्त को संध्या 7 से 9 बजे तक की जा सकेगी। चुनाव चिन्ह का आवंटन 26 अगस्त को संध्या 7 बजे से किया जाएगा।

प्रचार प्रसार की अंतिम तिथि 14 सितंबर दोपहर 3 बजे तक ही होगी। मतदान 16 सितंबर शनिवार को सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक होगा। मतगणना 16 सितंबर को ही संध्या 5 बजे से शुरू होगी। परिणाम की घोषणा मतदान संपन्न होने के बाद किया जाएगा। बताया गया कि नामांकन के सभी कार्यक्रम उर्दू टाउन मध्य विद्यालय स्थित चुनाव आयोग अंजुमन इस्लामिया, चक्रधरपुर के कार्यालय से संचालित होंगे। संवाददाता सम्मेलन में चुनाव आयोग के 28 सदस्य उपस्थित रहे।

## 101 कन्याओं का होगा सामूहिक विवाह

# मुख्यमंत्री को दिया आमंत्रण पत्र, मांगा प्रशासनिक सहयोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी आगामी छह दिसंबर को जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में सामुहिक विवाह समारोह आयोजित कर 101 निर्धन हिन्दू एवं मुस्लिम कन्याओं की शादी करायेगा। इस सामूहिक विवाह समारोह को सफल बनाने के लिए संस्था के सचिव विकाश कुमार माली ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर प्रशासनिक सहयोग एवं 101 कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मलित होने के लिए आमंत्रण पत्र देकर समय निर्धारण का अनुरोध किया। सचिव श्री माली ने बताया कि संस्था भारत सरकार के विधानांतर्गत बिहार सरकार द्वारा सोसाइटी एक्ट 21/1860 के अंतर्गत पंजीत संस्था है। जिसका मुख्य उद्देश्य बाल विवाह, दहेज़ प्रथा, भ्रूण हत्या पर रोक लगाने एवं सामूहिक विवाह को प्रोत्साहित करने के लिए जागरूकता करने का कार्य करती है। जो कि विगत 13 वर्षों से गया जिला से शुरू कर बिहार, झारखण्ड राज्य के विभिन्न जिलों में कार्य विस्तार करते हुए लगभग 13 हजार कन्याओं को उनके विवाह स्थल पर एवं हजारों कन्याओं का सामूहिक विवाह राज्य के मंत्रिगण, प्रशासनिक पदाधिकारी, समाजसेवी के समक्ष संपन्न कराकर उपहार स्वरुप घरेलु उपयोग में आने वाली वस्तुएं जैसे गोदरेज, पलंग, ट्रंक, बर्तन शेट, तोषक, रजाई, कुकर, वर- वु वस्त्र आदि देकर सम्मान पूर्वक विदा कर चुकी है। उन्होंने यह भी बताया कि संस्था महिला सशक्तिकरण को लेकर दृढ़ संकल्पित है। साथ ही समाज में व्याप्त बाल विवाह, दहेज़ प्रथा जैसी कुरीतियों को मिटाने के लिए सदा तत्पर है। सामूहिक विवाह का आयोजन को लेकर संस्था के सभी प्रखंडो, पंचायतों से सभी समुदाय के कन्याओं का चयन किया जा रहा है। संस्था के कार्यकर्ताओं को सर्वे के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा परेशान किया जाता है। वे लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाते हैं। सचिव ने बताया कि इन्हीं सभी समस्याओं को यान में देते हुए मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि वे इस पुनीत कार्यक्रम में सम्मलित होने का प्रयास करेंगे। साथ ही संस्था के कार्यकर्ताओं को आवश्यकता पड़ने पर प्रशासनिक सहयोग भी दिया जायेगा। मौके पर कोषाध्यक्ष उषा कुमारी, राजेश कुमार सिन्हा, हसीबुल्लाह अंसारी, अररिया जिला प्रबंधक ओम प्रकाश यादव आदि मौजूद थे।



मुख्यमंत्री से मिलते संस्था के सचिव

## जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं अन्य सभी विकास तथा कल्याणकारी योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, रूबर्न मिशन योजना समेत अन्य योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन मंडल, जिला भू अर्जन पदाधिकारी गौरांग महतो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनी कुमारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी निलम कुमारी, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमण्डल चतरा, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा, डीपीएम जेएसएलपीएस अनिल डुंगडुंग, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।